रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित — हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com — रायपुर, गुरुवार 20 जून 2024 — पृष्ठ-12 — वर्ष-08, अंक-298 — मूल्य 3.00 ₹







## क्विक न्यूज

### अस्पतालों में ऊष्माघात इकाई शुरू करने के निर्देश



**नयी दिल्ली** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने सभी केंद्रीय अस्पतालों में ऊष्माघात इकाई - हीट स्ट्रोक यूनिट शुरू करने के निर्देश दिए हैं। नड्डा ने बुधवार को यहां भीषण गर्मी से उत्पन्न स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा करते हुए ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सभी अस्पतालों में विशेष ऊष्माघात इकाई शुरू की जानी चाहिए।

### दिल्ली में मंगलवार का तापमान 55 वर्ष बाद सबसे अधिक

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जारी भीषण गर्मी के बीच वर्ष 1969 के बाद से जून में मंगलवार रात सबसे गर्म रात दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। सफदरजंग मौसम केंद्र पर कल रात सफदरजंग का तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया ,जो पिछले 55 सालों में सबसे ज़्यादा है जबकि पिछला रिकॉर्ड 34.7 डिग्री सेल्सियस था।

### शेयर बाजार में घटबढ़

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और इंफ़ोसिस समेत दस समूहों में हुई लिवाली से आज सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन तेजी बरकरार रही वहीं निफ्टी गिरावट पर रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 36.45 अंक की मामूली बढ़त के साथ 77,337.59 अंक पर पहुंच गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 41.90 अंक की गिरावट के साथ 23,516.00 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई।

# आदिवासी विकास प्राधिकरण, पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के पुनर्गठन का निर्णय

## मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लिये गये कई फैसले

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर, सरगुजा, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरणों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य पांचों प्राधिकरणों की कार्य प्रणाली को प्रभावी एवं सशक्त बनाने के साथ ही उन क्षेत्रों में जनसुविधा के कामों को गति प्रदान करना है। इन पांचों प्राधिकरणों की कमान अब सीधे मुख्यमंत्री के जिम्मे होगी। स्थानीय विधायकों में से एक विधायक को इसका उपाध्यक्ष मनोनीत किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक इन प्राधिकरणों के सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव अथवा सचिव इन पांचों प्राधिकरणों के सदस्य सचिव होंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004-05 में बस्तर, सरगुजा एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का गठन तत्कालीन सरकार द्वारा किया गया था। तत्पश्चात् वर्ष 2012 में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछडावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया गया। इन प्राधिकरणों के अध्यक्ष मुख्यमंत्री हुआ करते थे। प्राधिकरणों के गठन के पश्चात् अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों, अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों, मजरा-टोला, पारा-मोहल्लों, वार्डों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकताओं के अनेक महत्वपूर्ण कार्य कराए गए थे। वर्ष 2019 में तत्कालीन सरकार द्वारा इन प्राधिकरणों के कार्य संचालन की प्रक्रिया में अमूल-चूल परिवर्तन कर दिया गया, जिसके चलते प्राधिकरणों का न सिर्फ महत्व कम हो गया, बल्कि इनके कार्यों में पारदर्शिता



मॉनिटरिंग का अभाव होने के साथ ही शासन स्तर पर कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं रहा। उक्त स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कैबिनेट ने पांचों प्राधिकरणों के पुनर्गठन एवं निधि नियम के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 23 फरवरी, 2024 को पारित अशासकीय संकल्प के तहत प्रदेश के जितने भी मैदानी क्षेत्र हैं, उन क्षेत्रों में भी जहाँ अनुसूचित जनजातियों की 25 प्रतिशत से अधिक बहुलता है, उन क्षेत्रों के गांवों एवं ब्लाकों को मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के क्षेत्रों में शामिल किया गया है। प्राधिकरण अपना कार्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त कर, मतैक्य से माननीय मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप करेंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्राधिकरण सामाजिक, आर्थिक एवं सर्वांगीण विकास पर अपना ध्यान केन्द्रित करेगा। प्राधिकरण को सशक्त, पारदर्शी एवं प्रभावशाली बनाया जाएगा। वर्तमान में प्राधिकरण के माध्यम से होने वाले विकास कार्यों के लिए बस्तर, सरगुजा, मध्य क्षेत्र, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के लिए 50-50 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है तथा ग्रामीण एवं अन्य पिछडावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के लिए 80 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट द्वारा उच्च शिक्षा विभाग में अतिथि व्याख्याता नीति-2024 का अनुमोदन किया गया।

## कश्मीर में योग दिवस में शामिल होंगे मोदी, तीन हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं भी मिलेंगी

वार्ता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने के लिए कल जम्मू-कश्मीर की दो दिन की यात्रा पर जायेंगे, जहां वह तीन हजार करोड़ रूपये से भी अधिक लागत की 80 से भी अधिक विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी गुरूवार शाम श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में 'युवा सशक्तिकरण, जम्मू कश्मीर में बदलाव' कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह जम्मू-कश्मीर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार परियोजना का भी शुभारंभ करेंगे। मोदी शुक्रवार सुबह श्रीनगर में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। वह इस अवसर पर लोगों को संबोधित करेंगे और उसके बाद योग सत्र में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री केन्द्र शासित प्रदेश में 1500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 84 प्रमुख विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें सड़क बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति योजनाओं और उच्च शिक्षा में बुनियादी ढांचे आदि से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रधान मंत्री चेनानी-पटनीटॉप-नाशरी खंड के सुधार, औद्योगिक संपदा के विकास और छह सरकारी डिग्री कॉलेज के निर्माण परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधान मंत्री 1800 करोड़ रुपये की कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता सुधार परियोजना का भी शुभारंभ करेंगे। यह परियोजना जम्मू-कश्मीर के 20 जिलों के 90 ब्लॉकों में लागू की जाएगी।

## खड़गे ने संसद भवन परिसर में मूर्तियां पुरानी जगह लगाने को लेकर लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद भवन परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा बीआर अंबेडकर की मूर्तियों को पुरानी जगह पर स्थापित करने की मांग करते हुए बुधवार को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखा और कहा कि सरकार की इस मनमानी से लोकतंत्र की भावनओं को ठेस पहुंची है। खड़गे ने कहा कि राष्ट्रीय नेताओं की मूर्तियां लम्बे विचार विमर्श तथा बहुत सोच विचार के बाद पुराने संसद भवन के सामने स्थापित की गई थी। उनका कहना था कि संसद भवन परिसर में राष्ट्रपिता की ध्यान वाली मूर्ति बहुत सोच विचार के बाद दो अक्टूबर 1993 को स्थापित की गई थी। इस मूर्ति के सामने सांसद लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध भी व्यक्त करते थे। खड़गे बताया कि डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति तो इससे कई साल पहले संसद भवन में परिसर में स्थापित की गई थी। उनका कहना था कि इस मूर्ति को भी उनकी जयंती तथा निर्वाण दिवस पर आयोजित समारोह में शामिल होने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दो अप्रैल 1967 को संसद भवन परिसर में स्थापित किया गया था। गौरतलब है कि धनखड़ ने तीन दिन पहले संसद परिसर में बने प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया जिसमें राष्ट्रीय प्रतीकों, स्वतंत्रता सेनानियों तथा राष्ट्रीय नेताओं की मूर्तियां एक साथ रखी गई हैं। पहले यह मूर्तियां और प्रतीक संसद भवन परिसर में अलग-अलग जगहों पर रखी हुई थीं।

## कैबिनेट की बैठक के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मंत्रालय में हुई साय कैबिनेट की बैठक के बाद प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कैबिनेट से इस्तीफदे दिया। बता दें 2 दिन पहले ही बृजमोहन अग्रवाल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के मौलश्री स्थित निवास कार्यालय में विधानसभा सदस्यता से अपना इस्तीफा दिया था। आपको बता दें इस्तीफा देने से पहले बृजमोहन अग्रवाल ने अपने विभागों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें शिक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा विभिन्न कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई।

## दिल्ली की अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ाई



**नयी दिल्ली/वार्ता।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ा दी है। गौरतलब है कि केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि बुधवार को समाप्त हो रही थी। इस वजह से प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में पेश किया। वह इस समय तिहाड़ जेल में हैं। ईडी ने अदालत से केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ाने का आग्रह करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार की विवादास्पद शराब नीति में अनियमिताओं की जांच अभी जारी है और इसके लिए उन्हें न्यायिक हिरासत में रखने की जरूरत है। दिल्ली सरकार ने विवाद उठने के बाद आबकारी नीति को 2022 में वापस ले लिया था। अदालत में सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील विवेक जैन ने हिरासत की अवधि बढ़ाने की ईडी की दलील का विरोध किया और कहा कि इस दलील में कोई दम नहीं है। जैन ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी को पहले ही अदालत में चुनौती दी जा चुकी है और यह मामला उच्चतम न्यायालय के विचाराधीन है।

## सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करना है : साय




पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com


विश्व सिकल सेल दिवस पर राजधानी रायपुर के अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता राज्यस्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस रोग के उपचार के उपायों के प्रति लोगों को जागरूक करना है और छत्तीसगढ़ से सिकल सेल जैसे गंभीर रोग को खत्म करना है। हमने भारत सरकार से भी छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर के सिकल सेल अनुसंधान केंद्र के लिए प्रस्ताव भेजा है, जिसके निर्माण से इस रोग के स्क्रीनिंग में तेजी आएगी। प्रदेश में भी इस रोग के उन्मूलन के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। सिकल सेल के रोकथाम के लिए हमारी सरकार पूरी तरह तत्पर है।

### दुनिया के प्रमुख 10 बंदरगाह में से एक होगा

## महाराष्ट्र में मुंबई के पास बनेगा 72 हजार करोड़ रुपए की लागत से नया बंदरगाह

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

सरकार ने देश में अवसंरचना सुविधाओं के विस्तार के प्रयासों के तहत मुंबई के पास वधावन में 76,220 करोड़ रुपये की लागत से एक नया बंदरगाह बनाने का फैसला किया है। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में इस विषय में मंत्रिमंडल के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि यह गहरे समुद्र का बंदरगाह पूरी तरह तैयार होने पर दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में से एक होगा। इसकी कुल क्षमता 2.3 करोड़ टीयू -20 फुट वाले कंटेनर की होगी। वधावन बंदरगाह को



पालघर जिले के वधावन में सभी मौसम के लिए उपयुक्त डीप ड्राफ्ट प्रमुख बंदरगाह के रूप में विकसित किया जाएगा जिसमें जहाजों का रास्ता इतना गहरा होगा कि उसमें बड़े से बड़े जहाज आ जा सकेंगे।

उन्होंने बताया कि जवाहर लाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीटी) से करीब 150 किलोमीटर दूर नया बंदरगाह बनेगा और इसका विकास जेएनपीटी और महाराष्ट्र मेरिटाइम बोर्ड (एमएमबी) की संयुक्त उद्यम कंपनी द्वारा किया जाएगा। वैष्णव ने बताया कि बंदरगाह का पहला चरण 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य है जिसकी सालाना क्षमता 1.5 करोड़ कंटनर को संभालने की होगी। दूसरा चरण में 80 लाख कंटेनर संभालने की अतिरिक्त क्षमता का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बधावन बंदरगाह के विकास का विचार 60 साल पहले किया गया था, लेकिन इस पर प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार अमल कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बंदरगाह से न केवल मुंबई, थाणे और आसपास के औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगो को फायदा होगा बल्कि दिल्ली-मुंबई माल गाडी गलियारे से जुड़ा होने से देश के उत्तरी, पश्चिमी और अन्य क्षेत्र के उद्योगों को भी लाभ मिलेगा और माल ढुलाई की लागत कम हो सकेगी।

परियोजना का निर्माण वधावन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड-वीपीपीएल द्वारा किया जाएगा, जो जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी- (जेएनपीए) और महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) द्वारा गठित एक विशेष प्रयोजन कंपनी में दोनों की हिस्सेदारी क्रमशः 74 प्रतिशत और 26 प्रतिशत होगी।

## 'आप' ने नीट में हुई धांधली के खिलाफ प्रदर्शन किया, परीक्षा रद्द कराने की मांग




पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी के युवा और छात्र इकाई ने नीट परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ़ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के आवास के बाहर प्रदर्शन किया और परीक्षा रद्द कराने की माँग की है। 'आप' के विधायक संजीव झा ने आज यहां कहा,÷यह देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। 'आप' छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनको न्याय दिलाने के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ेगी। नीट परीक्षा में हुई धांधली का असर लाखों छात्रों पर हुआ है। इससे युवाओं और देश के भविष्य पर बुरा असर पड़ेगा। हमारी मांग है कि परीक्षा रद्द की जाए और इस घोटाले की जांच उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में की जाए। 'आप' की छात्र और युवा इकाई ने शिक्षा मंत्री के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने पहुँचे हालाँकि छात्रों को पुलिस ने रास्ते मे ही रोक लिया। इस दौरान सड़क पर इकट्ठा छात्रों ने शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की और नीट परीक्षा दोबारा कराए जाने की मांग की। नीट परीक्षा में हुये इतने बड़े घोटाले के खिलाफ कई डॉक्टर्स भी इस प्रदर्शन में शामिल थे। इस दौरान छात्रों ने शिक्षा मंत्री शर्म करो, शिक्षा का व्यापारीकरण बंद करो के नारे लगाए।

## किसानों के हित में खरीफ 2024 से लागू करें डिजिटल क्रॉप सर्वे परियोजना : यादव

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि खरीफ 2024 से कृषक हित में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना का क्रियान्वयन पूरे प्रदेश में किया जाए। इस परियोजना में किसान बंधु नवीन तकनीक से अपनी गिरदावरी को देख सकेंगे। यही नहीं फसल नुकसान की दशा में किसानों को बीमा राशि भी अविलंब प्राप्त हो जाएगी। डॉ. यादव मंगलवार रात्रि को मुख्यमंत्री निवास में हुई एक बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना के संबंध में चर्चा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा एवं प्रमुख सचिव राजस्व निकुंज श्रीवास्तव से परियोजना के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने परियोजना की सराहना करते हुए इसके क्रियान्वयन से जुड़ी प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना में सैटेलाइट इमेज द्वारा संभावित फसल की जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी। इससे किसानों को उपार्जन में सहायता मिलेगी साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड भी तत्काल स्वीकृत करने में आसानी होगी। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना द्वारा ग्राम में उपलब्धि स्थानीय युवा के माध्यम से नवीन तकनीक (जियो फेंस) का उपयोग कर कराया जाएगा। खेत में जाकर फसल का फोटो खींचने की प्रक्रिया आसानी से पूर्ण हो जाएगी। सर्वेयर द्वारा खींची गयी फ़ोटो की जियो टैगिंग भी होगी, अतः अनिवार्य रूप से खेत में जाकर क्रॉप सर्वे करना होगा और साक्ष्य के रूप में फसल की फ़ोटो भी उपलब्ध रहेगी। इससे कृषक भी अपनी गिरदावरी को देख सकेंगे।

# ‘कैच द रेन’ अभियान को तेजी से पूरा करने में जुटी योगी सरकार

पायनियर संवाददाता < लखनऊ
www.dailypioneer.com



अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में चल रहा ‘कैच द रेन’ अभियान तेज गति से आगे बढ़ रहा है। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि 2019 से प्रतिवर्ष मार्च-अप्रैल से नवंबर तक चलने वाला ये अभियान इस वर्ष अपने पांचवें चरण में पहुंच चुका है। इसके अंतर्गत पारंपरिक जल निकायों, जलस्रोतों का नीवनीकरण और पुनः उपयोग, बोरवेल पुनर्भरण, वाटरशेड का विकास, गहन वनारोपण, छोटी नदियों के कायाकल्प के साथ ही ‘नारी शक्ति से जल शक्ति’ के थीम पर जन जागरूकता कार्यक्रम, जिलों की हाइड्रो जियोलॉजिकल परिस्थिति के अनुसार जल संचयन संबंधी अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अलावा जिलों के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कराने के निर्देश हैं। साथ ही यह भी निर्देश हैं कि जिलों के सभी अमृत सरोवरों के जल प्रवाह में रुकावट को ठीक किया जाए। 18 जून तक की रिपोर्ट के अनुसार जिलों के शासकीय और अर्द्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रेनवॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कराने के मामले में पीलीभीत, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और गोंडा क्रमशः टॉप फाइव में हैं। यहां शत प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। वहीं अमृत सरोवरों के रखरखाव में गोरखपुर, महाराजगंज, प्रयागराज, आजमगढ़ और बाराबंकी क्रमशः टॉप फाइव जनपद हैं। यहां अमृत सरोवरों में सिल्ट और वनस्पतियों को साफकराने का कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही निर्माणाधीन अमृत सरोवरों के कार्य को भी पूरा कर लिया गया है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने हाल ही में ‘कैच द रेन अभियान 2024’ की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को इस बात से अवगत करा दिया है कि यह केंद्र और योगी सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में मानसून के प्रारंभ से पहले प्राथमिकता के आधार पर जल स्रोतों यथा तालाब, कृत्रिम पुनर्भरण संरचना, छोटी नदियां, चेकडैम, जल निकाय के डिसिल्टिंग और पुनरुद्धार के कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, जिससे कि वर्षा ऋतु में अधिकाधिक वर्षा जल का संचयन करते हुए जल शक्ति अभियान को सार्थकता प्रदान की जाए। इस बात के भी निर्देश हैं कि जनपदों के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय भवनों यथा कार्यालय भवन, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन आदि पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना सुनिश्चित करा ली जाए। साथ ही नगरीय क्षेत्रों में आने वाले समस्त पार्क और सार्वजनिक स्थलों में वर्षा जल संचयन के प्रभावी उपाय किये जाएं।

‘कैच द रेन’ अभियान को तेजी से पूरा करने में जुटी योगी सरकार
अधिकाधिक वर्षा जल संचयन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में चल रहा ‘कैच द रेन’ अभियान तेज गति से आगे बढ़ रहा है। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि 2019 से प्रतिवर्ष मार्च-अप्रैल से नवंबर तक चलने वाला ये अभियान इस वर्ष अपने पांचवें चरण में पहुंच चुका है। इसके अंतर्गत पारंपरिक जल निकायों, जलस्रोतों का नीवनीकरण और पुनः उपयोग, बोरवेल पुनर्भरण, वाटरशेड का विकास, गहन वनारोपण, छोटी नदियों के कायाकल्प के साथ ही ‘नारी शक्ति से जल शक्ति ’ के थीम पर जन जागरूकता कार्यक्रम, जिलों की हाइड्रो जियोलॉजिकल परिस्थिति के अनुसार जल संचयन संबंधी अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अलावा जिलों के सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कराने के निर्देश हैं। साथ ही यह भी निर्देश हैं कि जिलों के सभी अमृत सरोवरों के जल प्रवाह में रुकावट को ठीक किया जाए। 18 जून तक की रिपोर्ट के अनुसार जिलों के शासकीय और अर्द्धशासकीय भवनों पर अनिवार्य रूप से रेनवॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कराने के मामले में पीलीभीत, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और गोंडा क्रमशः टॉप फाइव में हैं। यहां शत प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। वहीं अमृत सरोवरों के रखरखाव में गोरखपुर, महाराजगंज, प्रयागराज, आजमगढ़ और बाराबंकी क्रमशः टॉप फाइव जनपद हैं।

# कुल्लू से देहरादून के लिए हवाई सेवाएं शुरू, 59 यात्रियों ने भरी उड़ान

पायनियर संवाददाता < शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली एयरपोर्ट भुंतर से उत्तराखंड के देहरादून के लिए पहली बार हवाई सेवा आरंभ हो गई है। भुंतर से पहली बार देहरादून के लिए अलायंस एयर के 72 सीटर विमान ने उड़ान भरी, तो इसके साथ ही यह अमृतसर व दिल्ली के बाद तीसरी क्षेत्र बना जो कुल्लू से हवाई सुविधा से जुड़ गया है। मंगलवार की पहली उड़ान में 59 यात्रियों ने हवाई सफर किया। भुंतर एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार कुल्लू से देहरादून के लिए 13 यात्रियों ने सफर किया तो देहरादून से 46 यात्री कुल्लू पहली उड़ान में पहुंचे। भुंतर एयरपोर्ट में पहुंचने पर अलायंस एयर के विमान पर स्वागत के तौर पर फायर टेंडर से पानी की बौछारें छोड़ी गई, तो इसमें आए सभी यात्रियों का भी विशेष स्वागत किया गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार यह उड़ान एलायंस एयर द्वारा सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को एटीआर 72-सीटर विमान के माध्यम से संचालित की जाएगी। सड़क से 14 घंटे लगते हैं, जबकि हवाई सफर से एक घंटा 20 मिनट का समय लगेगा। अब सप्ताह के चार दिनों में भुंतर-अमृतसर के अलावा अन्य तीन दिनों में कुल्लू से देहरादून को सेवा मिलेगी। दिल्ली को हवाई सेवा सभी दिनों में मिलेगी। उड़ान का शुरुआती किराया कुल्लू से देहरादून के लिए 2999 रुपए तथा देहरादून से कुल्लू के लिए 3999 रुपए निर्धारित किया है। अलायंस एयर के अनुसार जिस दिन यह सेवा मिलेगी उस दिन सुबह विमान दिल्ली से पहले भुंतर आएगा और यहां से 8:25 बजे देहरादून रवाना होगा। देहरादून में यह 9:35 बजे पहुंचेगा। यहां से दस बजे कुल्लू के लिए उड़ान भरेगा और 11:20 बजे भुंतर पहुंचेगा। इसके उपरांत 11:30 बजे दिल्ली के लिए रवाना होगा।

# स्टेशन पर बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना गंभीर मामला : शर्मा

एजेंसी < उदयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान कांग्रेस के प्रवक्ता पंकज शर्मा ने राज्य के अजमेर रेलवे स्टेशन पर खाली कोच में बालिका से दुष्कर्म मामले की कड़ी निंदा करते हुये कहा कि ऐसी घटना हमारे समाज के लिए अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है। शर्मा ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि अजमेर रेलवे स्टेशन पर 11 वर्षीय बालिका के साथ हुई इस बर्बरता की घटना हमारे कानून व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है। उन्होंने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार से मांग की है कि अपराध में शामिल आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाये।

इस मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच के लिये उच्च स्तरीय समिति गठित की जाये। उन्होंने कहा कि रेलवे स्टेशनों और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाये, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पीड़िता के लिये सभी आवश्यक मेडिकल सुविधायें और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान की जाये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीड़िता और उसके परिवार के साथ खड़ी है। सरकार मामले को गंभीरता से ले और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने में कोई कसर न छोड़े।

# बिना अवकाश के अनुपस्थित रहे चार शिक्षकों को निलंबित करने के निर्देश

**शहडोल।** मध्यप्रदेश के शहडोल संभागायुक्त बी एस जामोद ने आज जिले के पचगांव स्कूल के चार शिक्षकों को निलंबित करने का निर्देश ट्राइबल विभाग के सहायक आयुक्त को दिया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ये चार शिक्षक अपने सेवा कार्य से बिना अवकाश के अनुपस्थित मिले। शाला प्रवेश उत्सव के कार्य को जांचने निकले संभागायुक्त जामोद ने जब आठवीं के छात्रों से 100 में 11 का भाग देने का सवाल किया, तो कोई छात्र भाग नहीं दे पाया। कुछ छात्रों से पाठ्य पुस्तक पढ़वाने का प्रयास भी कमिश्नर ने किया, जिसे छात्रों ने गलत पढ़ा, जिस पर उन्होंने प्रधानाध्यापक को नोटिस देने का निर्देश दिया।

# नगरीय परिवहन निदेशालय और सीईईडब्ल्यू ने ‘मेरी बस, मेरी सड़क’ पहल की शुरुआत

एजेंसी < लखनऊ
www.dailypioneer.com




नगर परिवहन के प्रोत्साहन और आधुनिक बनाने के प्रयास के तहत नगरीय परिवहन निदेशालय ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) और काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) के साथ मिलकर आज ‘मेरी बस, मेरी सड़क’ पहल की शुरुआत की है। इस पहल के अंतर्गत, यूएसएआईडी समर्थित क्लीनर एयर एंड बेटर हेल्थ (सीएबीएच) परियोजना के तहत नगरीय परिवहन निदेशालय के मार्गदर्शन में तीन स्वतंत्र शोध अध्ययनों को भी प्रकाशित किया गया है। इस अध्ययनों में, सीईईडब्ल्यू ने उत्तर प्रदेश के 26 प्रमुख शहरों में 2031 तक आवश्यक बसों की संख्या; बस स्टॉप और फुटपाथ जैसे आधारभूत ढांचे और निवेश संबंधी आवश्यकताओं के साथ-साथ एक उन्नत सार्वजनिक परिवहन के लाभों का आकलन किया है। अध्ययनों से सामने आए निष्कर्ष उत्तर प्रदेश के राज्य नगर बस कार्यक्रम को विकसित करने के लिए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएंगे। ‘मेरी बस, मेरी सड़क’ कार्यक्रम में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2031 तक प्रतिदिन कम से कम 60 लाख यात्रियों को सेवाएं देने के लिए उत्तर प्रदेश में 12,000 से अधिक नगरीय बसों की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त, अध्ययनों ने अधिक संख्या में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने से होने वाले लाभों को भी रेखांकित किया है। सीएनजी बसों की तुलना में ई-बसें 23-32 प्रतिशत तक सस्ती होंगी और वाहनों से होने वाले प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी लाएंगी, जिससे समग्र वायु गुणवत्ता (एयर क्वालिटी) में सुधार होगा। रिपोर्ट यह भी संकेत करती है कि उन्नत बस सेवाएं आने पर 40 लाख लोग दोपहिया और तिपहिया वाहनों की जगह पर बसों को अपना सकते हैं, जिससे सड़कों पर भीड़-भाड़ में कमी आएगी। यह परिवर्तन 2031 तक 24 किलोटन पीएम 2.5 (पीएम2.5), 3.38 मीट्रिक टन कार्बन मोनो-ऑक्साइड और 0.321 मीट्रिक टन नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसे प्रदूषणकारी तत्वों को घटाते हुए वायु गुणवत्ता में सुधार लाएगा। नगरीय परिवहन निदेशालय के निदेशक डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने कहा, विकसित भारत के उद्देश्यों को पूरा करने हेतु, नगरों को सशक्त सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों से सुसज्जित होना होगा।

# नई शिक्षा नीति प्रधानमंत्री मोदी का बेहतर शिक्षा की दिशा में एक दूरदर्शी प्रयास है : सिंह

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि नई शिक्षा नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहतर शिक्षा को लेकर भविष्य का सपना है। यह इस दिशा में किया गया एक दूरदर्शी प्रयास है, जिसके परिणाम हमें शीघ्र ही दिखाई देंगे। सिंह शासकीय कमला नेहरू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ‘स्कूल चलें हम अभियान’ के तहत अभिभावक-शिक्षक संवाद कार्यक्रम (पीटीएम) में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सीएम राइज स्कूल किसी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं होंगे, आधुनिक संसाधन इस सीएम राइज स्कूल में मिले, यह हमारी सरकार ने सुनिश्चित किया। हमारी सरकार ने तय किया है। हमारी बेटियाँ 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई भी करेगी और भविष्य में ब्यूटीशियन बन सके, ऐसा पाठ्यक्रम भी हम तैयार कर रहे हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति में शिक्षा के साथ-साथ अनेक तरह के रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि सीएम राईज स्कूल के पेरेंट्स अब मंच पर आकर अपनी बात रख रहे हैं, यह भी उनके बढ़ते कॉन्फिडेंस को दिखाता है। सीएम राईज स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की प्रोग्रेस कोई रोक नहीं सकता। इस दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने पालकों से अनुरोध किया कि वे पेरेंट्स टीचर मीटिंग (पीटीएम) को महत्व दें और समय-समय पर इसमें जरूर शामिल हों। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक भगवानदास सबनानी, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा रश्मि अरुण शमी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## बीएसएफने कच्छ में पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा

**भुज।** गुजरात में कच्छ-भुज जिले के नरा क्षेत्र से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को बुधवार को पकड़ा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सतर्क बीएसएफजवानों ने एक पाकिस्तानी नागरिक को उस समय पकड़ लिया, जब वह विघाकोट के पास पिलर नंबर 1125 के निकट अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से सीमा बाड़ को पार करके भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। पकड़े गये व्यक्ति का नाम अफ्जल बताया जा रहा है। बीएसएफ उससे विस्तृत पूछताछ कर रही है। उसके पास से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

# किशनगढ़ में असामाजिक तत्वों ने गौ मांस फेंक कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की

एजेंसी < अजमेर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में अजमेर जिले की मार्बल सिटी किशनगढ़ में उस समय तनाव व्याप्त हो गया, जब असामाजिक तत्वों की ओर से बीच बाजार गौ मांस फेंक कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गयी। किशनगढ़ में सब्जी मंडी क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की ओर से गौमांस एवं गौ वंश के कटे पैर फेंकने से हड़कंप और फिर तनाव पैदा हो गया। तनाव को नियंत्रित करने के लिये पुलिस को लाठियां चलाकर भीड़ को खदेड़ना पड़ा । पुलिस की तत्परता से स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन हिन्दूवादी संगठन विरोध प्रदर्शन कर समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग पर अड़े हैं। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर फिलहाल मामला शान्त कराया है और बाजार के सीसीटीवी फुटेज की कड़ी से कड़ी मिलाकर दोषियों तक पहुंचने की कोशिश में है। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि सब्जी मंडी क्षेत्र में गौमांस एवं गौ वंश के कटे पैर फेंकने में दो बाइक सवार लोग हैं। इसी आधार पर पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले गेगल थाना क्षेत्र के बबायचा गांव में बच्चों की लड़ाई में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा घर में घुसकर गरीब हिन्दू परिवार के साथ मारपीट की गयी थी, जिसके विरोध में मंगलवार को हिन्दूवादी संगठनों की ओर से किशनगढ़ बंद रखा गया था। आज की घटना को इसी से जोड़ कर देखा जा रहा है। बहरहाल, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में किये हुये है तथा आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# सिकल सेल उन्मूलन के लिये समन्वित प्रयासों की जरूरत : बाबूलाल खराडी

एजेंसी < उदयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन के लिए जनजागृति और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। खराडी बुधवार को यहां खराड़ी महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय में आरएनटी मेडिकल कॉलेज और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सिकल सेल के तत्वावधान में विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिकल सेल बीमारी के बारे में कुछ समय पहले तक कोई नहीं जानता था, लेकिन यह बीमारी बड़े पैमाने पर लोगों को प्रभावित किए हुए हैं। खास कर जनजाति क्षेत्रों में इसका प्रकोप अधिक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिकल सेल उन्मूलन का बीड़ा उठाया है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों में सिकल सेल उन्मूलन को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। स्वच्छता से ही स्वास्थ्यवर्धन संभव है। इसी सोच के साथ स्वच्छ भारत मिशन शुरू किया गया था। इसके परिणाम स्वरूप बीमारियों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। चिकित्सक अपनी जिम्मेदारी का बहुत अच्छी तरह से निर्वहन कर रहे हैं। सिकल सेल को लेकर भी आमजन को जागरूक करने की आवश्यकता है। श्री खराड़ी ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सिकल सेल के पृथक भवन के लिए प्रस्ताव भिजवाने की बात कहते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पैसा जनता का है और जनता के काम आना चाहिये। यह बीमारी सर्वाधिक जनजाति क्षेत्र में व्याप्त है तो उसके निराकरण के लिए जितना भी सहयोग किया जाये, कम है। सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि सिकल सेल का सर्वाधिक प्रभाव शून्य से 40 वर्ष आयु वर्ग में है।

# श्रीलंका में जाइका प्रोजेक्ट का मॉडल बनेगा हिमाचल

**धर्मशाला।** जाइका वानिकी परियोजना के उत्कृष्ठ कार्य देखने के लिए श्रीलंका की टीम हिमाचल पहुंची। यहां हुए कार्यो को देख टीम सदस्यों ने कहा कि श्रीलंका में हिमाचल प्रदेश जाइका प्रोजेक्ट का मॉडल बनेगा। आजीविका सुधार, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार समेत अन्य क्षेत्रों में हुए कार्यो को हिमाचल की तर्ज पर श्रीलंका में काम होगा। यह बात श्रीलंका के विभिन्न मंत्रालयों से हिमाचल दौरे पर पहुंचे प्रतिनिधियों ने कही। भारत का पड़ोसी राष्ट्र श्रीलंका के विभिन्न मंत्रालयों के 10 प्रतिनिधि और जाइका इंडिया की प्रोजेक्ट फॉर्मूलेशन एडवाइजर इनागाकी युकारी दो दिवसीय हिमाचल दौरे पर हैं। बुधवार को यह टीम धर्मशाला पहुंची, जहां परियोजना के मुख्य निदेशक समीर रस्तोगी और परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नन्द शर्मा ने स्वागत किया। पीएमयू शिमला और डीएमयू धर्मशाला की टीम भी मौजूद रही। हिमाचल दौरे के पहले दिन श्रीलंका की टीम ने वन मंडल धर्मशाला के करेरी में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान श्रीलंका के प्रतिनिधियों ने कहा कि हिमाचल में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं श्रीलंका की तुलना में अच्छा काम कर रही हैं। जाइका वानिकी परियोजना के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों में बेहतरीन भागीदारी देख श्रीलंका की टीम ने यहां की महिलाओं की पीठ थपथपाई। उन्होंने यहां उपस्थित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं ग्राम वन विकास समिति के पुरुष प्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया।

# प्रेम प्रसंग के चलते देवर भाभी ने खाया जहर, दोनों की मौत

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते रिश्ते में लगने वाले अविवाहित देवर और भाभी की बुधवार को जहर खाने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोड़ोली गांव निवासी अश्विन (24) एवं निर्मला पत्नी अनिल कुमार (30) ने सुबह सरकारी स्कूल परिसर में जहर खा लिया। दोनों को ग्रामीणों ने देख लिया तो परिजनों को सूचित किया गया, जिन्हें गंभीर हालत में परिजन एवं गांव वालों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदगढ़ पहुंचाया गया। कुछ समय बाद ही वहां निर्मला की मौत हो गयी जबकि अश्विन ने अलवर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। निर्मला आंगनबाड़ी में सहायिका का काम करती थी। उसके पांच और छह वर्ष के दो बेटे हैं। महिला का पति प्रयागराज में एक फैक्ट्री में ऑपरेटर का काम करता है जबकि अश्विन की शादी नहीं हुई थी। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।

## कोटा में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले निकलेगी योग रैली

**कोटा।** राजस्थान में कोटा में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाने के लिये 20 जून को सुबह आठ बजे तलवंडी स्थित वैद्य दाऊ दयाल जोशी जिला आयुर्वेद चिकित्सालय से योग रैली निकाली जायेगी। रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ विष्णुचन्द जोशी एवं उपाधीक्षक डॉ रंजना शर्मा द्वारा किया जायेगा। अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद डॉ रेवती रमण पारीक ने बुधवार को बताया कि इस वर्ष दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ‘स्वयं एवं समाज के लिये योग’ रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग सहित सभी राजकीय विभाग, स्कूल, कॉलेज एवं कोचिंग के विद्यार्थी एवं आमजन शामिल होंगे।

# विकास के नाम पर किसी को परेशान नहीं किया जायेगा : सुरेश सिंह रावत

एजेंसी < अजमेर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने पुष्कर व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि विकास के नाम पर किसी को परेशान नहीं किया जायेगा। पुष्कर सीट से विधायक रावत ने आश्वस्त किया है कि जैसा पुष्कर है वैसा ही सौंदर्यीकरण किया जायेगा। पुष्कर की जनता से राय लेकर कार्य किया जायेगा। तीर्थ नगरी पुष्कर में आज उपखंड कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जल संसाधन मंत्री एवं विधायक सुरेश सिंह रावत ने कहा कि पुष्कर जैसा है वैसा ही रहेगा और पुष्कर का सौंदर्यीकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य होंगे वह पुष्कर की जनता को और व्यापारियों को विश्वास में लेकर किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलोक कॉरिडोर योजना को लेकर ब्रह्माजी के मंदिर से सरोवर तक का रास्ता चौड़ा करके उसी को सुंदर बनायेंगे। घाटों का सौंदर्यीकरण किया जायेगा और ब्रह्मा मंदिर को भव्य बनाया जायेगा। रावत ने कहा कि सरकार को जो भी निर्माण कार्य करना है, जहां लंबी चौड़ी जगह होगी, वहां करवा दिया जायेगा। पुराने पुष्कर से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जायगी। उन्होंने रुष्ट व्यापरियों स कहा कि अब तक कोई योजना नहीं बनायी है, जब बनेगी, तब आप सभी को दिखाकर उसकी सहमति ली जायेगी। इस दौरान पालिका अध्यक्ष कमल पाठक सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि आज पुष्कर में ब्रह्मा मंदिर के निकट व्यापारियों ने तीन घंटे बाजार बंद करके मंदिर के चारों ओर प्रस्तावित कोरिडोर निर्माण का विरोध किया था।

# स्टेनली लाइफस्टाइल्स का आईपीओ 21 जून को खुलेगा

**अहमदाबाद।** स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 21 जून को खुलेगा। कंपनी की ओर से यहां जारी बयान में कहा है कि देश के सबसे बड़े सुपर-प्रीमियम और लक्जरी फर्नीचर ब्रांड बेंगलुरु बेस्ड स्टेनली लाइफस्टाइल्स लिमिटेड का आईपीओ 21 जून को खुलेगा और मंगलवार 25 जून को बंद होगा। इसके लिये दो रुपये फेस वैल्यू वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए 351 से 369 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है। निवेशक मिनिमम 40 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 40 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। आईपीओ में 200 करोड़ रुपये तक के नये शेयर जारी किये जायेंगे और प्रमोटर एंड इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा 91.34 लाख इक्विटी शेयरों की तक के ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल है।

# बीज एवं यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

एजेंसी < कोटा
www.dailypioneer.com

राजस्थान में कोटा के जिला कलेक्टर डॉ रवीन्द्र गोस्वामी ने खरीफ और रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में बीज एवं यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

डॉ गोस्वामी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरुप किसानों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए सभी को मिलकर सकारात्मक प्रयास करने होंगे। उन्होंने खरीफ और रबी के सीजन के समय किसानों की समस्याओं के समाधान के लिये कृषि विभाग के अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने एवं संवेदनशीलता के साथ किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ ऑर्गेनिक खेती के लिए भी प्रोत्साहित करें। डॉ गोस्वामी ने किसानों के फसल खराब होने के मुआवजे के बारे में बीमा कंपनी द्वारा स्पष्ट जानकारी नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बीमा कंपनी के प्रतिनिधि को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला परिषद अशोक त्यागी, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रमेश चन्द्र चण्डक और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कवासी लखमा ने सरकार से पूछा कलेक्टर और एसपी कार्यालय को जलाने वाले लोग कौन है ?

## मुख्यमंत्री और गृहमंत्री बलौदाबाजार घटना की नैतिक जिम्मेदारी ले और दें इस्तीफा : कवासी लखमा

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के बलौदाबाज़ार में कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आगजनी की घटना के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कोंटा के विधायक कवासी लखमा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कलेक्टर कार्यालय और एसपी कार्यालय किसी का घर नहीं है ये आम जनता की संपत्ति है वे कौन लोग है जो कलेक्टर और एसपी जैसे कार्यालय में आगज़नी की घटना को अंजाम दिये है कवासी लखमा ने आगे कहा कि यह आज़ाद भारत की पहली घटना होगी जहां कलेक्टर कार्यालय और एसपी कार्यालय को आग के हवाले किया गया और सरकार तक कुछ नहीं कर रही है इससे साफ है कि सरकार का सूचना तंत्र पूरी तरह फेल हो चुका है। प्रदेश सरकार आम लोगों के साथ साथ सार्वजनिक कार्यालयों की सुरक्षा करने में पूरी तरह नाकाम है। कवासी लखमा ने सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार को बने हुए महज़ छः माह ही हो रहे है इन छः माह में ही छत्तीसगढ़ जैसे शांत प्रदेश में ऐसी घटना का होना शर्मनाक है प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा को पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है इसलिए उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। कवासी लखमा ने कहा कि बलौदा बाज़ार की घटना को लेकर कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी। वही बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से लगातार प्रदेश में घटनाएँ हो रही है प्रदेश का अनुसूचित वर्ग हो या अन्य पिछड़ा वर्ग हो या फिर कोई और वर्ग हर वर्ग भारतीय जनता पार्टी और विष्णुदेव साय की सरकार से पीड़ित है प्रदेश के बलौदा बाज़ार में कलेक्टर और एसपी कार्यालय में आगजनी की घटना प्रदेश सरकार की नाकामियों का सबसे बड़ा जीता जागता उदाहरण है। वही जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और विष्णुदेव साय की सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बदतर हो गई है प्रदेश के लोग भय के माहौल में जी रहे है। सभा को जिला पंचायत बीजापुर के अध्यक्ष शंकर कुडियम, जिला पंचायत सदस्य बसंत ताटी ने भी संबोधित किया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सोमारु राम कश्यप, सरिता चापा, संतकुमारी मंडावी, जनपद अध्यक्ष बोधि ताटी, निर्मला मरपल्ली, नगर पालिका परिषद बीजापुर के अध्यक्ष बेनहुर रावतिया उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पूर्व सैनिकों ने मनाया रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में






पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव ब्लॉक और फरसगांव ब्लॉक में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप मे मनाया गया। पूर्व सैनिकों के द्वारा कोंडागांव ब्लॉक के विकास नगर स्टेडियम में और फरसगांव ब्लॉक के नगर पंचायत अस्पताल मैदान मे रानी लक्ष्मीबाई के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया और रानी लक्ष्मीबाई अमर रहे के नारे लगाये गये।

रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के अवसर पर निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षणार्थियों के लिए निबंध लेखन, भाषण, चित्रकला और एकल गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को पुरूस्कार वितरण किया गया। बस्तर संभाग प्रभारी और कोंडागांव जिला के सरंक्षक ने प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि, रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से हमें देश के लिए मर मिटने, स्वाभिमान से जीने, विपत्तियों से न घबराने, दृढ़ निश्चय, नारी अबला नहीं सबला है आदि की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के सरंक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, सचिव उमेश साहू, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती, सदस्य अमृतलाल देवांगन, फरसगाँव ब्लॉक सचिव रिकेश कुंवर, पूर्व सैनिक मनमोहन प्रसाद, बस्तर फाइटर में सेवारत आरक्षक राजेश पांडे, नगर पंचायत फरसगाँव से अभिषेक जयसवाल, विदेश प्रधान, नरेश पुरोहित, गरीब साय मरकाम, टी एल नाग, संगीता पुजारी, रेखा कुंवर, अन्य नगरवासी और निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण लेने वाले 400 प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

# 21 जून को योग दिवस के अवसर पर लोगों से योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागी बनने का आग्रह

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जिले में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कलेक्टर विजय दयाराम के. के द्वारा जिले के समस्त ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में आपसी समन्वय से योग कार्यक्रम को करवाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत जिले में योग संबंधी आवश्यक तैयारी आयुष विभाग, नगर निगम, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम सुबह 7 से 8 बजे तक चलने वाले मुख्य योग कार्यक्रम हेतु आवश्यक तैयारियां की जा रही है। उक्त योगाभ्यास कार्यक्रम विधायक किरण देव के मुख्य आतिथ्य और बस्तर सांसद महेश कश्यप, बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, महापौर नगर पालिक निगम सफीरा साहू, जिला पंचायत वेदवती कश्यप एवं सभापति नगर पालिक निगम कविता साहू के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित है। उक्त अवसर पर अधिक से अधिक जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, युवाओं सहित गणमान्य नागरिकों को उपस्थित होकर योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया है।

# नक्सलियों के लगाए प्रेशर बम के चपेट आई वृद्ध महिला





पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

एक बार फिर माओवादियों की कायराना करतूत सामने आई सुरक्षा बलों को क्षति पहुचाने के लिये लगाये गये प्रेशर बम की चपेट में आने से वृद्ध महिला हुई गंभीर रूप से घायल हो गई मामला उसूर थाना क्षेत्रान्तर्गत पटेलपारा नड़पल्ली निवासी 55 वर्षीय जोगी पति गुण्डा टोरा बिनने के लिये सुबह जंगल के खेत में गई हुई थी। नड़पल्ली के जंगल मे सुबह 06.00-06.30 बजे के बीच माओवादियों के द्वारा लगाये गये प्रेशर बम की चपेट में आने से महिला के दोनो पैर पूरी तरह चतिग्रस हो गए। घायल वृद्ध महिला को उसूर अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

# राशन कार्डधारी परिवारों से 30 जून तक अनिवार्य रूप से ई-केवायसी की कार्यवाही पूर्ण करवाने की अपील

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार के निर्देशानुसार एक राष्ट्र एक राशकार्ड योजनांतर्गत राज्य के सभी राशनकार्डधारी हितग्राहियों का ई-केवायसी, ई-पॉस उपकरण के जरिए पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गये हैं। वर्तमान में जिले में 791448 हितग्राहियों में से 578674 हितग्राहियों का ई-केवायसी किया गया है तथा 212774 हितग्राहियों का ई-केवायसी की कार्यवाही किया जाना शेष है। खाद्य विभाग द्वारा 30 जून 2024 तक ई-केवायसी की कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिये गए हैं। जिले में राशनकार्डों में दर्ज सदस्यों में से 73.12 प्रतिशत सदस्यों के द्वारा अभी तक उचित मूल्य की दुकान में उपस्थित होकर ई-पास मशीन के माध्यम से ई-केवायसी का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। खाद्य अधिकारी द्वारा आग्रह किया गया है कि जिले के ऐसे राशन कार्डधारी सदस्य जिनके द्वारा अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया गया है वे अपने आधार कार्ड के साथ इस माह में उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर ई-पास मशीन के माध्यम से 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से ई-केवायसी की कार्यवाही पूर्ण करवाएं।

# जिले ने प्राप्त किया शत-प्रतिशत सिकलसेल स्क्रीनिंग का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




कोंडागांव जिले ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सिकल सेल एनीमिया की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग का लक्ष्य पूरा कर लिया है। यह उपलब्धि राज्य और जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय समुदाय के सहयोग से संभव हो पाई है। जिले में कुल 5 लाख 31 हजार 899 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 11 हजार 322 सिकलसेल वाहक एवं 675 सिकलसेल रोगियों की पहचान की गई। विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर इन्हें जेनेटिक कार्ड तथा पौष्टिक आहार भी प्रदान किए गए। इस उपलब्धि के लिए जिले में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग ने ग्राम स्तर पर शिविर आयोजित किए और समुदाय के लोगों को इस बीमारी के लक्षण और इसके प्रभावों के बारे में जानकारी दी। स्थानीय पंचायतों और स्वयंसेवी संगठनों ने भी इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। कोंडागांव जिले के प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर स्क्रीनिंग की और सिकल सेल एनीमिया के संभावित मामलों की पहचान की। इस पहल के तहत विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं की जांच पर जोर दिया गया। इस प्रयास के परिणामस्वरूप, प्रारंभिक अवस्था में ही इस बीमारी का पता चल सका और समय पर उपचार शुरू किया जा सका।

# सिकलसेल जागरूकता रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर जिले में सिकलसेल के प्रति जागरूकता लाने के लिए जागरूकता रथों का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला कार्यालय परिसर से जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह, आदिवासी विकास विभाग की उपायुक्त डॉ रेशमा खान, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आरसी ठाकुर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक भावना महलवार सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए 2 जुलाई तक आवेदन

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना बकावंड-1 तथा बकावंड-2 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आगामी 2 जुलाई 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिसके तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना बकावंड-1 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र चोलनार आवासपारा, चोलनार खासपारा, चोलनार आमागुड़ा, उड़ियापाल क्रमांक-1 एवं उड़ियापाल क्रमांक-2, पाहुरबेल क्रमांक-1, सतलावंड एवं तारापुर क्रमांक-5 में आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त हैं। वहीं एकीकृत बाल विकास परियोजना बकावंड-2 के अधीन आंगनबाड़ी केन्द्र चारगांव तलपारा एवं छिंदगांव आमागुड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी सहायिका सहित आंगनबाड़ी केन्द्र बेलपुटी पाथरियागुड़ा, बेलपुटी गोटीगुड़ा, धनपुर, संवरा क्रमांक-1, सतोषा क्रमांक-3 एवं सरगीगुड़ा में आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता नये या पुराने पाठ्यक्रम में हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। वहीं आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होना चाहिए। एक वर्ष या अधिक सेवा अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदिका को सम्बन्धित ग्राम का निवासी होना अनिवार्य है। अनुभवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या आंगनबाड़ी सहायिका, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवार के महिलाओं, विधवा, परित्यक्ता अथवा तलाकशुदा महिलाओं को अतिरिक्त अंक प्रदान किये जाएंगे। आवेदिका अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम शाला से 8 वीं तक अध्ययनरत होने तथा बीपीएल परिवार के सदस्य होने पर पृथक-पृथक अतिरिक्त अंक प्रदान किये जाएंगे।

## जेनेटिक कार्ड और पौष्टिक आहार का किया गया वितरण

# विश्व सिकलसेल दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम व सिकल सेल स्क्रीनिंग का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर 19 जून को पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजनों के साथ ही सिकलसेल की स्क्रीनिंग की गई। मुख्य कार्यक्रम जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम, उपाध्यक्ष भगवती पटेल, सदस्य बालसिंह बघेल, कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जेनेटिक कार्ड के वितरण के साथ ही पौष्टिक आहार का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष देवचंद मातलाम ने कहा कि, सिकलसेल और एनीमिया जैसे रोगों पर नियंत्रण के माध्यम से ही स्वस्थ जीवन का आनंद प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इन रोगों के कारण लोगों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है, जिसका दुष्परिणाम जिले के विकास पर भी पड़ता है। इन रोगों पर नियंत्रण के लिए जागरुकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि, एनीमिया के कारणों में एक कारण खानपान की आदतों में बदलाव भी शामिल है। अतः एनीमिया से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए। उपाध्यक्ष भगवती पटेल ने कहा कि स्कूल, आश्रम-छात्रावास के अध्ययरत सभी बच्चों का स्क्रीनिंग करते हुए आवश्यक उपचार का सुझाव दिया।

### शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग का लक्ष्य किया जा चुका है हासिल-दुदावत

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि, सिकलसेल दिवस के अवसर पर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों में भी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सिकलसेल की जांच के साथ ही मरीजों को उपचार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, सिकलसेल के रोगियों की पहचान और उपचार अत्यंत आवश्यक है, इसलिए जिले में 40 वर्ष से कम आयु के सभी लोगों के सिकलसेल की जांच का लक्ष्य कोंडागांव में हासिल किया जा चुका है तथा अब जेनेटिक प्रमाण पत्र भी वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, सिकलसेल के साथ एनीमिया हो तो, अत्यंत घातक स्थिति निर्मित होती है। जिले में एनीमिया पर नियंत्रण का कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। इसके तहत 40 वर्ष से कम आयु की गर्भवती और शिशुवती महिलाओं के साथ ही किशोरी बालिकाओं के एनीमिया की जांच भी की जा रही है तथा दूसरे चरण की जांच भी इस माह प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के एनीमिक होने पर आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि विकसित और अग्रणी कोंडागांव बनाने के लिए आवश्यक है कि सभी कोंडागांववासी स्वस्थ रहें तथा इस दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रही है।

### 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से राशनकार्ड नवीनीकरण करवाने का आग्रह

**जगदलपुर।** जिले में प्रचलित 204698 राशनकार्डों में से 194113 (98.83 प्रतिशत) राशनकार्डों के नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है तथा 10585 राशनकार्डों का नवीनीकरण होना शेष है। खाद्य विभाग द्वारा आगामी 30 जून 2024 तक राशनकार्ड नवीनीकरण की कार्यवाही अनिवार्य रूप से पूर्ण करवाने के निर्देश दिये गए हैं। नवीनीकरण हेतु शेष राशन कार्डधारियों की दुकानवार सूची सभी उचित मूल्य दुकान संचालकों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। नवीनीकरण हेतु शेष राशन कार्डधारी अपनी राशनकार्ड का नवीनीकरण स्वयं मोबाईल एप के माध्यम से कर सकते हैं अथवा उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर करवा सकते हैं। खाद्य अधिकारी द्वारा आग्रह किया गया है कि जिले के ऐसे राशन कार्डधारी जिनके द्वारा अभी तक अपने राशनकार्ड का नवीनीकरण नहीं कराया गया है, वे उचित मूल्य दुकान में उपस्थित होकर अथवा स्वयं मोबाईल एप के माध्यम से 30 जून 2024 तक अनिवार्य रूप से राशनकार्ड नवीनीकरण की कार्यवाही पूर्ण करवाएं।

# कलेक्टर-एसपी ने व्यापारियों के साथ की चर्चा,शहर भ्रमण कर लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बलौदाबाजार नगर का भ्रमण कर मौजूदा हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गार्डन चौक,दशहरा मैदान अंबेडकर चौक सहित नवीन मंडी परिसर का अवलोकन कर वहा उपस्थित व्यापारियों से मुलाकात कर चर्चा की। दौरान व्यापारियों ने कलेक्टर एसपी को अपने बीच पाकर देखते ही चाय के लिए आमंत्रित किया। कलेक्टर दीपक सोनी एवं एसपी विजय अग्रवाल ने सहज आमंत्रण स्वीकार करते हुए अमृततुल्य में ही व्यापारियों के साथ बैठकर,चर्चा करते हुए चाय की चुस्की ली। इस दौरान व्यापारियों एवं शहर वासियों से शहर की हालत एवं मार्केट के संबध में जानकारी हासिल की। व्यापारियों ने बताया की शहर में अब किसी भी तरह की कोई दिक्कत नही है। दुकानें भी अच्छी चल रही है। आम लोग भी आसानी से दुकानें पहुंच रहे है। कलेक्टर सोनी ने कहा की यदि आस पास कोई बाहरी संदिग्ध व्यक्ति एवं समाज को तोड़ने वाली संदिग्ध गतिविधियां करने।की जानकारी मिलती है तो इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से पुलिस कंट्रोल रूम को देवे. उन्होंने सभी दुकान वासियों से कंट्रोल रूम का फोन नंबर 9479190629 को नोट कराते हुए दूकानों के सामने डिस्प्ले करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने व्यापारियों का कहा किसी भी व्यापारियों को अब डरने की जरूरत नही है। पुलिस पुरी मुस्तैदी के साथ चाकचौबंध सुरक्षा में लगी हुई हैं। जो भी व्यक्ति कुछ अफ्वाह उड़ाते है तो उसकी जानकारी अनिवार्य रूप से पुलिस कंट्रोल रूम को देवें। साथ ही उन्होंने दुकानों के आगे पीछे एवं अंदर में अच्छी गुणवत्ता की सीसीटीवी लगाने का आग्रह किया है। इस मौके पर बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, तहसीलदार राजू पटेल,सीएमओ उपस्थित रहे।

## टेलीकॉम ऑपरेटरों की बैठक लेकर संवेदनशील क्षेत्रों में मोबाईल कनेक्टीविटी बढाने के दिए निर्देश



**बलौदाबाजार।** जिले में नेटवर्क कव्हरेज को बढ़ाने एवं नये स्वीकृत टॉवरों को शीघ्र लगाने हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने विभिन्न टेलीकॉम ऑपरेटरों के साथ बैठक की। उन्होनें सभी टेलीकॉम ऑपरेटरों को सख्त निर्देश देते हुए जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में मोबाईल कनेक्नेटीविटी को बढ़ानें के निर्देश दिए है। इसके साथ ही जिले में नवीन 130 मोबाईल टावर लगाने की स्वीकृति मिली है जिसे समय सीमा के भीतर ही कार्य को पूर्ण करने कहा गया है। उन्होनें कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया बहुत ही हावी है नेटवर्क कनेक्टीविटी के माध्यम अफवाहों को भी पहचानने एवं रोकने में मदद मिलती है। अतः यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र ही किया जाये। बैठक में एयरटेल, आइडिया से रमेश पटंकर, जियो चिश्ती,बीएसएनएल परजी एवं चिप्स से ईडीएम संदीप साहू उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-ऊल-अजहा



## नमाज पढ़ कर मांगी अमन चैन की दुआ

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

मुस्लिम समाज का पवित्र त्यौहार ईद-ऊल-अजहा (बकरीद) पर सभी सामाजिक जनों के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय ईदगाह में सुबह 9 बजे ईद की नमाज पढ़ी गई, जहाँ बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। नमाज के पश्चात मौलाना अब्दुस्सत्तार अशरफी के द्वारा पूरे देश में शांति एवं अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर मुस्लिम जमात द्वारा समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। त्यौहार के दौरान पूरे शहर व चौक-चौराहों पर पुलिस के द्वारा भी चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। 17 जून को ईदगाह में नमाज अदा कर समस्त मुस्लिम समुदाय के द्वारा हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-अजहा का पर्व मनाया गया। इस त्यौहार को मुस्लिम समाज के द्वारा त्याग और कुर्बानी के पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। नमाज के पश्चात मौलाना अशरफी के द्वारा क्षेत्र सहित पूरे देश में अमन, शांति व भाई चारे के लिए दुआ मांगी गई। तत्पश्चात सभी सामाजिक जनों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। समाज के युवा, बुजुर्ग सहित आकर्षक पोषाकों में सजे बच्चे भी नमाज में शामिल हुए। नमाज के बाद मुस्लिमजनों ने कब्रिस्तान पहुँचकर अपने मरहूमों की कब्र पर फूल, इत्र पेश कर अगरबत्ती लगाकर फातिहा पढ़ी और उनके हक में दुआ मांगी।

**यातायात व्यवस्था में लगी रही पुलिस टीम**

बकरीद त्यौहार के दौरान थाना प्रभारी अमित शुक्ला के नेतृत्व में पूरी पुलिस टीम यातायात व्यवस्था में लगी रही। एक और जहां प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस की टीम तैनात रही, वहीं नमाज के दौरान बड़े माल वाहक वाहनों को शहर से बाहर ही रोक दिया गया था, ताकि यातायात व्यवस्था में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। मुस्लिम समाज के अध्यक्ष शाहिद हुसैन सहित प्रमुख सामाजिक जनों जनाब खान, तबारक हुसैन, जमील हुसैन, शेख वाहिद नियारिया आदि के द्वारा पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

# 21 जून को जिले के 102 अमृत सरोवरों में होगा योगा





पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आगामी 21 जून को जिले के 102 अमृत सरोवर स्थलों पर योगा होगा। यह आयोजन स्वास्थ्य, कल्याण और प्रकृति के साथ सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि अमृत सरोवर स्थलों पर स्थानीय समुदाय,आमजन, सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों एवं हितग्राहियों के लिए योग सत्र का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें आसन, प्राणायाम (सांस लेने हेतु व्यायाम) और ध्यान संबंधित क्रिया शामिल होंगे। इसके साथ ही योग के लाभों और स्वस्थ जीवन शैली को बनाए रखने के महत्व पर संगोष्ठी पर चर्चा का भी आयोजन किए जाएंगे। ग्राम, ग्राम पंचायत के आमजन हितग्राहियों को आयोजन से संबंधित सभी गतिविधियों के बारे में सूचित करते हुए आयोजन में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किये जाएंगे। जिससे शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सके। इन गतिविधियों के सफ्ल क्रियान्वयन के लिए पंचायत स्तर पर निगरानी एवं पर्यवेक्षण कराये जाएंगे। अमृतसरोवर स्थलों पर आयोजित योग दिवस से संबंधित गतिविधियों का प्रतिवेदन भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली को प्रेषित की जावेगी। आमजन-हितग्राहियों की भागीदारी की संख्या और स्थलों में की गई गतिविधियों के विवरण के साथ-साथ उच्च गुणवत्ता के वीडियो एवं फोटोग्राफ शामिल करते हुए अमृत सरोवर पोर्टल में अपलोड किए जाएंगे।

## छग महतारी महिला एसोसिएशन के महिलाओं ने पितृ दिवस पर बुजूर्ग महिला-पुरूषो का किया सम्मान



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ महतारी महिला एसोसियेशन की समस्त महिलाओं द्वारा रुद्रीं स्थित वृद्धा आश्रम में पितृ दिवस के उपलक्ष में बुजुर्ग महिला एवं पुरुषो का श्रीफ्ल जूस, बिस्किट देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर उपस्थितजनो में प्रदेश अध्यक्ष मोहनी साहू,समीना अंजुम ,भावना मरकाम, स्वेता ठाकुर, मालती देवी, क्षमा गुप्ता, महक पिंजनी ,हर्षिता पिंजानी, मोनिका पिंजानी ,काव्या आहूजा, प्रिया इजना वाधवानी भारती लालवानी अंजू कलवानी महेश साहू शेख सोहेल एवम समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## कलेक्टर को आवेदन देते ही दिव्यांग को व्हीलचेयर एवं बुजुर्गो को मिला छड़ी

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टोरेट पहुंचने वाले आवेदकों के समस्याओं का तत्परता से निराकरण किया जा रहा है। ऐसे ही 3 दिव्यांग एवं 2 बुजुर्ग आवेदक व्हील चेयर तथा छड़ी के लिए कलेक्टर दीपक सोनी को आवेदन प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर सोनी ने तत्काल उपसंचालक समाज कल्याण को कार्रवाई कर सामग्री प्रदान करने के निर्देश दिए। उपसंचालक समाज कल्याण ने भी तत्परता दिखाते हुए सभी कार्रवाई पूर्ण कर आधे घंटे के भीतर ही कलेक्टर दीपक सोनी के हाथों से ही 3 दिव्यांग एवं 2 बुजुर्ग आवेदकों को व्हीलचेयर तथा छड़ी प्रदान किया गया। कलेक्टर सोनी ने भी उनसे मुलाकात कर हाल चाल का जायजा लेते हुए गांवों के संबध में जानकारी हासिल किया। दिव्यांग में बलौदाबाजार वार्ड क्रमांक 12 निवासी कु सरिता पटेल,वार्ड क्रमांक 13 कौशल्या बंजारे,ग्राम पंचायत लाहौद निवासी मुकुरुदास मानिकपुरी को व्हीलचेयर एवं इसी तरह ग्राम पुरैनाखपरी निवासी उमापति साहू, ग्राम पंचायत कुसमी निवासी नान्हू पटेल को छड़ी आज प्रदान किया गया है। व्हील चेयर एवं छड़ी मिलने पर सभी आवेदकों ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इसी तरह जनदर्शन में आज अन्य 14 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसको समय सीमा के दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करने हेतु संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है।

# बलौदाबाजार की शान्ति व्यवस्था पहले जैसे फिर वापस आएगा : टंक राम वर्मा



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार सर्किट हाउस में राजश्व मंत्री टंक राम वर्मा ने स्थानीय लोगों से आगजनी की घटना के बाद आई समस्याओं की जानकारी ली और उन्हें आश्वस्त किया कि शीघ्र ही पुनः क्षेत्र में स्थिति सामान्य होगी। छत्तीसगढ़ सरकार बलौदाबाज़ार की शांति व्यवस्था पूर्ववर्ती रूप में बहाल करने हेतु पूरी तत्परता से कार्यरत है कि बात मीडिया कर्मियों के समक्ष किये।

# बालौदाबाजार कांड को लेकर कांग्रेसियो ने किया धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




कुछ दिन पूर्व बलौदाबाजार में हुई हिंसा को लेकर आज पूरे प्रदेश के साथ.साथ जिला मुख्लाय धमतरी में भी कांग्रेस द्वारा गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन किया गया। विगत दिनो बलौदाबाजार में हुई घटना को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सभी जिलो में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम कांग्रेस द्वारा किया गया। धमतरी जिले के धरना प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष गुरूमुख सिंह होरा को प्रभारी बनाकर भेजा गया साथ में जिला प्रभारी विनोद तिवारी भी उपस्थित रहे। होरा ने कहा कि जब से बीजेपी की सरकार आई है तब से इस तरह की घटनाए बढी है। वहीं विधायक ओंकार साहू ने कहा कि बलौदाबाजार कांड में एक समाज को मोहरा बनाकर कार्यवाही की जा रही है। जबकि सतनामी समाज अंहिसा के पुजारी है। गुरू घासीदास बाबा के बताये गये मार्ग में चलने वाले समाज के लोगो को टारगेट कर गिरफतारियां की जा रही है इस मामले में सीएम विष्णुदेव साय, गृहमंत्री विजय शर्मा को इस्तिफा देना चाहिए। वहीं अन्य वक्ताओं ने धरना प्रदर्शन को संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के दौरान मंच पर गुरुमुख सिंह होरा, विधायक ओंकार साहू, विधायक अंबिका मरकाम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना, महापौर विजय देवांगन, मोहन लालवानी, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, पूर्व विधायक डा लक्ष्मी ध्रुव महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष घमेश्वरी साहू आदि उपस्थित रहे । इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने हिंसा के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कांग्रेसियों ने कहा बलौदाबाजार हिंसा की घटना प्रदेश सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा उदाहरण है। मामले को लेकर जैतखाम में तोडफोड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई न कर सरकार की ओर से समाज को आंदोलन के लिए उकसाया गया। सरकार अपनी नाकामी छुपाने कांग्रेस पर दोषारोपण कर रही है। मंच संचालन शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश गोलछा ने किया। आभार प्रदर्शन महापौर विजय देवांगन ने किया। धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियो ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर प्रमुख रूप से ईश्वर देवांगन, सविता कंवर, वसीम कुरैशी, राजेश पांडे, होरीलाल साहू, विक्रांत शर्मा, संजय डागौर, कमलेश सोनकर, आशीश शर्मा, धामेश्वरी साहू, डिहूराम साहू, पीयूष पांडे, प्रवीण नामदेव, वातांजलि गोस्वामी, उदित साहू, युवराज शर्मा, जगदेव सिन्हा, कुलेश्वर देवांगन, लाखनलाल ध्रुव आदि शामिल थे।

# लर्नेट स्किल्स लिमिटेड के तत्वाधान मे निःशुल्क जॉब मेला आज

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

लर्नेट स्किल्स लिमिटेड के तत्वाधान एवं प्राचार्य बी मैथ्यू के निर्देशन में शिवसिंह वर्म शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में 20 जून 2024 को सुबह 10:30 बजे से निःशुल्क जॉब मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसमे जिले के समस्त 12वी उत्तीर्ण एवं जॉब करने के इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते है। जॉब मेला के लिए अभ्यर्थी विद्यालय में खेमलता चंद्रवंशी व्यावसायिक प्रशिक्षक, अंकिता चौधरी व्यावसायिक प्रशिक्षक , जेपी देव क्रीड़ा शिक्षक , वीरेन्द्र श्रीवास व्यावसायिक प्रशिक्षक सेजेस कुरूद, मोनिका सिन्हा व्यावसायिक प्रशिक्षक श्रृंगी ऋषि सेजेस नगरी , गोविंदनारायण साहू व्यावसायिक प्रशिक्षक शास उच्च माध्य विद्यालय सिहावा के पास अपना पंजीयन करा सकते है। जॉब मेला रायपुर मे स्थित टेक्नोकास्ट कम्पनी के द्वारा दी जाएगी जिसमे चयनित अभ्यर्थी को लगभग 10000 रुपए से अधिक का वेतन एवं समय समय पर पदोन्नति तथा वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाएगा।

# लचर कानून व्यवस्था पर प्रदेश सरकार का अंकुश नहीं: विनोद चंद्राकर

## कॉग्रेस द्वारा आयोजित धरने में शामिल हुए पूर्व विधायक




पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

बलौदा बाजार जिले में जैतखाम का अपमान और लचर कानून व्यवस्था को लेकर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कायक्रम में बतौर प्रभारी पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर शामिल हुए। कायक्रम को संबोधित करते हुए चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की सरकार को प्रदेश में महज 5 - 6 महीने ही हुए हैं। और प्रदेश में हत्याएं, लूटपाट सहित कई आपराधिक घटनाएं घट रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह लचर है। राज्य सरकार इस पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। बलोदाबाजार की घटना में कई बेगुनाह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि एक समाज के ऊपर जो प्रहार किया गया है वह निंदनीय है। अपनी विफ्लता को छुपाने सरकार असली गुनाहगारों को पकड़ने के बजाय समाज विशेष के लोगों पर कारवाई कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि धर्म के नाम पर पाखंड करने वाली भाजपा की सरकार ने सतनामी समाज का अपमान किया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है।

धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से सारंगढ़ विधायक उतरी गणपत जांगड़े, जिलाध्यक्ष अरुण मालाकार, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, पंकज चंद्रा, डॉ दिलीप आनंद, सूरज तिवारी, गोल्डी नायक, पुरुषोत्तम साहू, गोलू अग्रवाल, अभिषेक शर्मा, विष्णु चंद्रा, संजय दुबे, रामनाथ सिदार, दाउलाल चंद्राकर, हीरा बंजारे, दिलीप चंद्राकर, अजय बंजारे सहित सारंगढ़ बिलाईगढ जिला कॉग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद/नर्रा
www.dailypioneer.com

आयुष्मान आरोग्य मन्दिर नर्रा में 19 जून 2024 बुधवार को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में सिकल सेल के प्रति जागरूकता लाना । आरएचओ डिलेश्वरी परमार ने बताया कि हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सिजन पहुंचाने का काम करता है,लेकिन सिकल सेल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्तकण हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं।ये रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी(शिराओं) में फंसकर लिवर,तिल्ली,किडनी,मस्तिष्क आदि अंगो के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं।भूख न लगना,खून की कमी से उत्पन्न एनीमिया,हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार रहना,थकावट, त्वचा एवं आंखों में पीलापन, बार बार पेशाब आना व मूत्र में गाड़ापन,तिल्ली में सूजन, वजन और ऊंचाई सामान्य से कम,हाथ पैरों में सूजन,सांस लेने में तकलीफ् हड्डियों और पसलियों में दर्द सिकल सेल के ये लक्षण है। आरएचओ डिगेन्द्र परमार ने सिकल सेल रोग से बचने के लिए जानकारी दिया कि विवाह के पूर्व जन्म कुंडली मिलान करने से ज्यादा जरूरी सिकल सेल कुंडली का मिलान करना ज्यादा जरूरी है।जिससे की आने वाली पीढ़ी को सिकल सेल रोग होने से बचाया जा सके।यदि किसी व्यक्ति को सिकल सेल रोग हो गया है तो घबराने की जरूरत नहीं है।व्यवहार में उचित बदलाव के साथ गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है।अधिक मात्रा में पानी का सेवन करें,फ्इबर एवं रेशेदार आहार लें,तेल और वसायुक्त,मसालेदार खाद्य पदार्थों से परहेज़ करे,अधिक प्रोटीनयुक्त आहार ले,नियमित योग करें,नियमित स्वास्थ्य जांच कराए।

# किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों के प्रकरण को गंभीरता से पूरा करें-उमेश साहू



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

पूर्व सांसद प्रतिनिधि और गंगरेल मंडल भाजपा के अध्यक्ष उमेश साहू ने कृषि विज्ञान केंद्र संबलपुर में प्रधानमंत्री के द्वारा दिए जा रहे किसान सम्मन निधि 17 वे किस्त की राशि अंतरण कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उपस्थित सभी किसानों अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा किसानों के हित में काम करती है। भारतीय जनता पार्टी से बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा तीसरी कार्यकाल में प्रथम हस्ताक्षर देश के किसानों के लिए किया। यह किसान हीतैसी होने का सबसे बड़ा प्रमाण है। कई ऐसे कृषक है जिनकी आमदनी बहुत ज्यादा नहीं है छोटे कृषक है उन्हें वर्ष में तीन बार 2000 करके दिया जाता है जिससे वह अपना सामान्य खर्च कर सके। उन्होंने अपनी बात आगे करते हुए कहा की अभी भी जिले के भीतर ऐसे बहुत सारे कृषक साथी है जिनको किसान सम्मन निधि की राशि नहीं मिल पा रही है तकनीकी त्रुटि के कारण उनके प्रकरण को जल्द से जल्द निराकृत करें ताकि उन्हें समय से किसान सम्मन निधि मिल सके।

# पुलिस ने बलवा व आर्म्स एक्ट के अपराध में 08 आरोपियों को किया गिरफ्तार

- आरोपियों के झगड़ा-मारपीट की वायरल वीडियो पर संज्ञान लेकर पुलिस ने की कार्यवाही, आरोपियों से तलवार, हॉकी स्टीक जप्त

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com




पिछले दिनों 15 जून की शाम थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल को नटवर स्कूल के सामने कुछ लड़कों द्वारा हाथ में तलवार, हॉकी स्टीक लेकर आपस में बहसबाजी, झगड़ा मारपीट करने की सूचना मिली। थाना प्रभारी, पेट्रोलिंग स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां इकट्ठे हुए लड़के मौके से भाग थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर कोतवाली पुलिस द्वारा वीडियो को संज्ञान में लेकर वायरल वीडियो में हथियार लहराने वाले व्यक्ति चाहत शुक्ला निवासी रेलवे कालोनी, राजू श्रीवास निवासी ईलामाल, अभिषेक ठाकुर निवासी सोनिया नगर रायगढ, सोनू ठाकुर निवासी सोनिया नगर रायगढ तथा अन्य के विरुद्ध थाना कोतवाली में उसी रात धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध कायम किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा वायरल वीडियो की पुष्टि के लिए घटनास्थल के पास दुकान लगाने वालों तथा वायरल विडियो के गवाहों से पूछताछ कर घटना में शामिल आरोपियों की धरपकड़ की गई जिसमें घटना में शामिल रहे 08 आरोपी आदित्य शुक्ला उर्फ चाहत पिता अरुण कुमार शुक्ला उम्र 24 साल निवासी रेलवे मोटर स्टैंड के पीछे रेलवे कॉलोनी थाना कोतवाली रायगढ़, आदित्य श्रीवास उर्फ राजू श्रीवास पिता प्रहलाद श्रीवास उम्र 23 साल निवासी कलमीडिपा ईला मॉल के पीछे थाना कोतरारोड रायगढ़, अभिषेक ठाकुर पिता प्रहलाद ठाकुर उम्र 23 साल निवासी सोनिया नगर कोतरारोड, थाना कोतवाली रायगढ़, दीपक ठाकुर उर्फ सोनू ठाकुर पिता प्रहलाद ठाकुर उम्र 26 साल निवासी सोनिया नगर कोतरारोड सिटी कोतवाली रायगढ़, विक्की दास महंत पिता निरंजन दास महंत उम्र 23 साल सोनिया नगर कोतरारोड थाना कोतवाली रायगढ़ , भौमिक चौहान पिता हृदय प्रसाद चौहान उम्र 21 साल निवासी विकास नगर गली नंबर 03 अंबेडकर आवास थाना सिटी कोतवाली रायगढ़, निखिल ठाकुर पिता लखन ठाकुर उम्र 19 साल निवासी कोतरारोड रेलवे बंगला पर स्वामी विवेकानंद स्कूल के सामने थाना सिटी कोतवाली रायगढ़, करन चौहान पिता धनकुमार चैहान उम्र 18 साल निवासी कोतरारोड़ विकास नगर गली नंबर 03 सामने थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ को हिरासत में लिया गया जिनमें मेमोरेंडम पर 04 छोटे-बड़े तलवार और एक हॉकी स्टीक की जप्ती की गई है तथा गवाहों से आरोपियों की पहचान कार्यवाही कराया गया है। आरोपियों ने बताया 14 जून को आदित्य श्रीवास उर्फ राजू श्रीवास और अभिषेक ठाकुर जेल में निरूद्ध उनके साथी बजरंग यादव से मिलने गये थे। जहां किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा विवाद हुआ जिस पर राजू श्रीवास ने अपने साथी चाहत शुक्ला और साथियों अभिषेक ठाकुर को मारपीट का प्लान बनाया और 15 जून को हथियार लेकर नटवर स्कूल के पास मारपीट के इरादे से पहुंचे थे। प्रकरण में आरोपियों बलवा की धारा 147, 148, 149 आईपीसी विस्तारित कर आरोपियों को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा लिया गया आयरन स्टील इण्डस्ट्रीज एवं ट्रांसपोटर्स की बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा आयरन स्टील इण्डस्ट्रीज एवं ट्रांसपोटर्स की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त, राज्य कर, बिलासपुर संभाग क्रमांक-दो दीपक गिरी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा आयरन स्टील इण्डस्टीज एवं ट्रांसपोर्टरों को ई-वेबिल से संबंधित नवीन प्रावधानों से अवगत कराया गया। बैठक में ट्रांसपोटरों को ई-वेबिल जनरेट करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया एवं समस्त ट्रांसपोर्टरों से नियमानुसार ई-वेबिल जनरेट करने की अपील की गयी। ट्रांसपोटरो द्वारा कोल परिवहन के लिए ई-वेबिल जनरेट करने के दौरान आने वाली समस्याओं के संबंध में संयुक्त आयुक्त राज्य कर बिलासपुर संभाग क्रमांक दो को ज्ञापन देने की बात कही गई। बैठक में विभाग की ओर से संयुक्त आयुक्त, राज्य कर, बिलासपुर संभाग क्रमांक-दो दीपक गिरी, उपायुक्त राज्य कर रायगढ़, राखी अग्रवाल, उपायुक्त राज्य कर संभाग क्रमांक-दो सुमित महोबिया एवं वृत्त के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैंठक में अंतर्गत व्यापार के सुचारू रूप संचालन हेतु किसी भी प्रकार की समस्या आने पर विभाग को अवगत कराए जाने की बात कही गई। साथ ही जीएसटी राजस्व में वृद्धि के लिए संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई एवं समस्या दूर करने का आश्वासन दिया गया।

## रायगढ़ में आंधी-तूफान और बारिश से लोगों को मिली राहत

**रायगढ़।** रायगढ़ में कल शाम से ही तेज हवाएं, आंधी-तूफान और बारिश ने लोगों को भारी गर्मी से राहत दी है। शहर के विभिन्न हिस्सों में अचानक बदले मौसम ने तापमान में गिरावट ला दी है, जिससे स्थानीय निवासियों को काफी सुकून मिला है। कल शाम को अचानक से तेज हवाएं चलने लगीं, जिसके बाद आंधी-तूफान और बारिश ने शहर को घेर लिया। इस मौसम परिवर्तन से तापमान में महत्वपूर्ण गिरावट आई है। पिछले कई दिनों से झेल रहे भीषण गर्मी के प्रकोप से आज लोगों को थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों में भी इसी तरह के मौसम के बने रहने की संभावना है। रायगढ़ के नागरिकों ने इस बदले हुए मौसम का स्वागत किया है, क्योंकि यह उन्हें भारी गर्मी से राहत प्रदान कर रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने बारिश का आनंद लिया और कुछ समय के लिए गर्मी से निजात पाई।

# बलोदा बाजार जिले की घटना को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com



बलोदा बाजार जिले में घटित घटना एवं घटना के उपरांत प्रशासन एवं पुलिस के द्वारा अपेक्षा अनुरूप निर्णय न लेकर निरीह एवं आमजनमानस को लगातार परेशान किए जाने का आरोप लगा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कोरबा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन अंचल के सुभाष चौक निहारिका क्षेत्र में किया गया। इस अवसर पर कटघोरा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने कहा कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब हो गयी। भाजपा सरकार के राज्य में अपराधी बेलगाम हो गये है। नागरिक और समाज का हौसला बनाये रखना और कोई घटना हो उससे पहले सख्ती से कार्यवाही करना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन भाजपा सरकार सभी पैमानों और बिंदु में असफल हुयी है। सभा को संबोधित करते हुए सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण ने कहा कि सतनाम समाज शांति का पुजारी है। गुरु घासीदास के अनुयायी होने के नाते हमेशा सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हैं और आज भाजपा सरकार समाज के साथ षड्यंत्र करके उन्हें छल कर रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर सपना चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि बलोदा बाजार की घटना इस सरकार की नाकामी का नतीजा है। छत्तीसगढ़ में जब भी पुलिस के द्वारा आम जनता किसानों एवं आदिवासियों के ऊपर बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया या गोलीकांड किया गया। तब-तब भाजपा की सरकार रही है। भाजपा हमेशा आम जनता का दमन करती रही है। इसी कड़ी में कार्यक्रम आयोजन सहप्रभारी राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि बलौदाबाजार प्रकरण में बेकसूर लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

# सड़क किनारे एक बार फिर पहुंचा जंगली हाथियों का दल सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लग गई लंबी कतार

## कई गांव में दहशत का माहौल

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में इन दिनों जंगली हाथियों की बढ़ी हुई संख्या से कई गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया हैं और जंगली हाथी आये दिन मुख्य सड़कों या फिर रिहायशी इलाकों में घुसने की खबर लगातार सामने आ रही है। इसी बीच मंगलवार की शाम रायगढ़-धरमजयगढ़ मार्ग में हाथियों का एक दल सड़क में आ जाने की इस मार्ग में काफी समय तक आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ समय से रायगढ़ जिले में जंगली हाथियों की संख्या में काफी ज्यादा इजाफा देखा जा रहा है। एक जानकारी के मुताबिक इन दिनों रायगढ़ जिले में सौ से अधिक जंगली हाथी अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं। जंगली हाथियों की बढ़ी हुई संख्या से यहां लगातार हाथियों के द्वारा नुकसान पहुंचाये जाने की घटनाएं भी सामनें आते रही है। दो दिन पहले जहां छाल रेंज के ऐडुकला में 50 से अधिक हाथियों हाथियों का दल देखा गया था और उनका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। हाथियों के इस दल ने गांव के उचित मूल्य की दुकान का चैनल गेट एवं शटर तोड़ते हुए 10 से अधिक चावल की बोरियों को चट कर दिया गया था। इसी बीच मंगलवार की शाम तकरीबन 7 बजे रायगढ़ जिला मुख्यालय से महज 24 किलोमीटर दूर रायगढ़-धरमजयगढ़ मार्ग में स्थित सामारूमा-अमलीडीह गांव के पास एक बार फिर जंगली हाथियों का एक दल सड़क किनारे आ पहुंचा। एक साथ हाथियों के इस दल के सड़क किनारे आ जाने से सड़क के दोनों ओर वाहनों के पहिये पूरी तरह से थम गए।

# करेंट के चपेट मे आने से युवक की गई जान

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com



धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दर्दनाक घटना सामने आई है जिसमे बागडाही निवासी एक नवयुवक नंदूराम की बिजली करंट से दर्दनाक मौत हो गई है हालांकि सूचना पर पुलिस मौके पहुंचकर आगे की आवश्यक जांच कार्यवाई कर रही है। बिजली व्यवस्था में सुधार लाने व बिजली सुचारू ढंग से गांव में जारी रहे इसी को लेकर गांव का एक युवक नंदूराम बिजली पोल में चढ़ गया और उसमें सुधार लाने प्रयास करने लगा लेकिन उसी दौरान बताया जा रहा है तार में दौड़ रही 11 केबी करंट के संपर्क में आ जाने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बागडाही में करीब 11 से 12 बजे के बीच वहीं के निवासी नंदूराम बिजली पोल करंट के संपर्क में आने से मौत हो गई है बताया जा रहा है यह घटनाक्रम सुबह करीब 11 और 12 के बीच की है जिसमे मृतक नंदूराम गांव में बिजली व्यवस्था सुचारू रहे इसके लिए मेन बिजली कनेक्शन पोटिया से ट्रांसफॉर्मर जंफर कनेक्शन को अलग किया गया लेकिन बिजली लाइन अलग नही हो पाने की स्थिति में नंदूराम के पूरे शरीर मे 12 केबी का करंट दौड़ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

फिलहाल घटना के बाद पुलिस आगे की उचित एवं आवश्यक जांच कार्यवाई में जुटी हुई है।

# माइक्रो फायनेंस कं. को परिवादी को भरना होगा जमा रकम व ब्याज, फोरम ने सुनाया फैसला

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के ढिमरापुर रोड स्थित माईक्रो फायनेंस कंपनी में पांच लाख रूपये जमा करने तथा तीन प्रतिशत ब्याज देने का वादा करने के बावजूद जमा कर्ता को मूल राशि तथा ब्याज दोनों देने में आनाकानी करने के मामले में उपभोक्ताफोरम में फैसला सुनाते हुए कंपनी के प्रबंधक व डायरेक्टर को मय ब्याज जमा राशि का भुगतान करने तथा वाद व्यय भी देने का आदेश पारित किया है। परिवादी का परिवाद प्रकरण में संक्षेप में इस प्रकार है कि अनावेदक क्रमांक 02 माइक्रो फायनेंस कंपनी के प्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता जो त्वरित निदान माइक्रो फांउडेशन रायगढ़ ब्रांच का शाखा प्रबंधक है, के द्वारा परिवादी को प्रलोभन देकर 26 मई 2023 को विरोधी पक्षकार के कंपनी में 6 लाख रूपये छह माह के लिये डिपाजिट किये जाने पर 03 प्रतिशत ब्याज की दर से 5 लाख रूपये का 15 हजार रूपये प्रतिमाह एमआईएस के तहत प्रदान किये जाने का आश्वासन दिया गया। जिससे प्रभावित होकर परिवादी पलास कुमार भक्ता निवासी दुर्गापुर शाहपुर हाल मुकाम केलो विहार चंद्रविहार कालोनी ने 26 मई को पौने 2 बजे अनावेदक क्रमांक 01 मानस रंजन मिश्रा डायरेक्टर माईक्रो फायनेंस कंपनी के यश बैंक के खाता नं. 52763 400000360 शाखा बिलासपुर में 5 लाख रूपये परिवादी के स्टेट बेंक शाखा के खाता क्रमांक 00000030 519352576 से आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किया। जिसका परिपक्वता अवधि 6 माह के पश्चात तक की थी। एक माह बीत जाने के बाद जब परिवादी पलास भक्ता ने अनावेदक क्रमांक 02 शाखा प्रबंधक से संपर्क कर जानकारी चाही तो उसे बताया गया कि ब्याज की राशि 2 से 4 दिन में परिवादी पलास के खाता में अंतरित कर दी जाएगी। इसके बाद परिवादी पलास ब्याज की रकम हेतु लगातार अनावेदकगण कंपनी के डायरेक्टर व प्रबंधक से संपर्क करता रहा परंतु उनके द्वारा राशि अदायगी में टालमटोल कर नवंबर 2023 तक राशि आना बताया गया परंतु इसके बाद भी ब्याज की राशि परिवादी पलास के खाता में अंतरित नही की गई।

# झोराघाट में हसदेव नदी पर बनाया गया है पुल

पायनियर संवाददाता ◂ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा जिले में ग्रामीणों की मांग पर लगभग 4 साल पहले झोराघाट में हसदेव नदी पर लगभग 22 करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। पिछले साल यह पुल बनकर तैयार हुआ, लेकिन 40 मीटर लंबी इस पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड नहीं बना। जिससे स्थानीय लोगों सहित अन्य को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए नगर पंचायत छुरी के करीब ग्राम झोराघाट में हसदेव नदी पर लगभग 22 करोड़ रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया गया है लेकिन इसके दोनों ओर एप्रोच रोड नहीं बना, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। एप्रोच रोड के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने कई बार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका हैं। यह पुल एक तरफ अजगरबहार तहसील के गांव कोडियाघाट और दूसरी तरफ कटघोरा तहसील के गांव गढ़तरहा को आपस में जोड़ता है। लेकिन अभी तक पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड का निर्माण नहीं हुआ है। बताया जाता है कि पुल से झोराघाट गढ़तरहा तक कुछ निजी जमीन पड़ रही है इसमें 4-5 बड़े पेड़ हैं। एप्रोच रोड बनाने के लिए इस जमीन का अधिग्रहण किया जाना है और पेड़ों की कटाई के बदले किसानों को मुआवजा मिलना है लेकिन अभी तक जिला प्रशासन ने गढ़तरहा एप्रोच रोड के लिए जमीन का अधिग्रहण नहीं है और न ही मुआवजा दिया है।

इससे गांव के लोग नाराज हैं और अपनी निजी जमीन पर एप्रोच रोड बनाने का विरोध कर रहे हैं, जबकि प्रशासन की ओर से ग्राम कोडियाघाट से पुल तक के लिए एप्रोच रोड निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है।

# विश्व सिकल सेल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला चिकित्सालय परिसर स्थित 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्पताल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिपेश साहू , विधायक विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा की अध्यक्षता में किया गया, इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सी.ई.ओ. टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेई, पूर्व नगर अध्यक्ष विजय सिन्हा, पार्षदगण,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संताराम चुरेन्द्र, सहायक आयुक्त ट्राइबल विभाग आर एस टण्डन, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बसोड, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सु लता बंजारे, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु,जिला मीडिया प्रभारी संजय तिवारी,डॉ दीपक निराला सिकल सेल नोडल डीपीएचएन मती हीना , विजय साहू, देवेंद्र नामदेव, जिला मितानिन समन्वयक मती ललिता मरावी एवं ज़िले के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित जनसामान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सिकल सेल रोग के बारे में बताया गया कि सिकल सेल एक अनुवांशिक बीमारी है, इसके साथ ही सिकल सेल जांच कराने हेतु कहा गया। डॉ. चुरेन्द्र द्वारा जानाकरी देते हुए बताया गया कि विवाह पूर्व सिकल सेल कुंडली के मिलान करके विवाह करने की सलाह दिया गया। जिससे की भविष्य में नवदम्पत्ती के होने वाले बच्चों को सिकल सेल जैसी अनुवांशिक बीमारियों से बचाव किया जा सके। कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा बच्चों में व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि बच्चों के नाखून को छोटे रखने एवं खाना खाने से पूर्व एवं शौच के पश्चात हाथ साबून व हैण्डवास से धोने की सलाह दी गई जिससे की बच्चों में होने वाले 80 प्रतिशत बीमारियों से बचाव हो सके। कलेक्टर शर्मा द्वारा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिए गए सिकल सेल कुंडली को जनसामान्य में प्रचार प्रसार हेतु ग्राम पंचायत स्तर एवं दैनिक अखबारों में प्रकाशित किये जाने के साथ ही स्वास्थ्य संस्थाओं में पोस्टर लगाकर जागरूकता लाने के लिए कहा गया।

**रामानुजगंज नगर पंचायत क्षेत्र का मामला**

# बरसात का मौसम आ गया,जाम नालियां फिर मचाएंगी कोहराम, पर नहीं टूट रही सीएमओ एवं अध्यक्ष की नींद

पायनियर संवाददाता ◂ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



कहने को तो रामानुजगंज मुख्यालय की तमाम व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी नगर पंचायत पर है। और नगर पंचायत को उसके कर्तव्य का एहसास करने की जवाब देही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज के एसडीएम की है। अगर ये सभी जिम्मेदार सोते रह जाएं,तो रामानुजगंज के नागरिकों का भगवान ही मालिक है। रामानुजगंज नगर पंचायत के सीएमओ एवं अध्यक्ष की लापरवाही का खामियाजा लगता है यहां के नागरिकों को इस साल के मानसून के दौरान भी भुगतना पड़ेगा। लेकिन इस बार प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद कुछ पार्षद एवं नगर के सम्भ्रांत नागरिक जाग उठे हैं और रामानुजगंज नगर पंचायत के कार्य प्रणाली के बारे में लिखित शिकायत नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को भेजा गया है। नगर पंचायत क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के लिए जो निकास नालिया बनवाई गई है, वे यहां के नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। नालियों का निर्माण बेतरतीब ढंग से कराया गया है। नतीजतन पानी का बहाव नहीं हो पाता। वहीं कचरा कूड़े ने नालियों को जाम कर रखा है। वही नालियों की सफाई सही ढंग से नहीं कराई जाती और थोड़ी सी बारिश होने पर नालियों का दम निकल जाता है और सारी गंदगी तथा गंदा पानी आसपास के घरों के समाने लग जाता है। बरसात के मौसम में तो हालत और भी बद से बतर हो जाती है। पूरी सड़कें नदी का रूप ले लेती हैं और घर झील में तब्दील हो जाते हैं। और कुछ वार्डों में नालियों से लगे हुए कमजोर घरों में इस कदर पानी भर जाता है कि अंदर रखे कपड़े लत्ते, सहित सारे सामान भीग जाते हैं।बरसात के मौसम में उनका क्या होगा क्योंकि अब मानसून आने वाला है और नालियों की साफ सफाई अभी तक नही कराई गई है। बंद नालियों के कारण घरों और दुकानों में पानी घुस जाता है लेकिन यहां के सीएमओ एवं अध्यक्ष की लापरवाही के कारण नागरिकों को हानि हो सकती है।

# राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने मरीजों को बांटे फल

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन के मौके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक ने कहा कि देश में एक तरफ नफरत का माहौल तैयार किया जा रहा है उस परिस्थिति में हजारों किलो मीटर पैदल चलकर भारत जोड़ो यात्रा करने वाले हमारे नेता राहुल गांधी जी के जन्मदिन पर हमने मरीजों को फल का वितरण किया है। हम सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उनके दीर्घायु जीवन की कामना करते है। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, सरायपाली ग्रामीण अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, पार्षद सुरेश भोई, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता रामदयाल पटेल, अरमान हुसैन, केशव अग्रवाल, एनएसयूआई प्रदेश सह संयोजक जयंत यादव, दुष्यंत साहू, विभीषण चौहान, लक्ष्मीनारायण चौहान, रोशन नाग, उमेश लोहा समेत कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## संपादकीय

# आतंकी हमले सुरक्षा चुनौतियां

**हालिया आतंकी हमलों** ने देश के समक्ष निरंतर जारी सुरक्षा चुनौतियों को रेखांकित किया है। जम्मू में हालिया आतंकी हमलों ने एक बार यह तथ्य उजागर कर दिया है कि आतंकवाद अभी समाप्त नहीं हुआ है। आतंकी भले ही कुछ समय के लिए परास्त हुए हैं, पर वे निश्चित रूप से अभी अपनी उपस्थिति बनाए हुए हैं। वास्तव में जम्मू में हुए कई हमले तीसरी बार सरकार बना रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रशासन के लिए गंभीर चेतावनी है। भू-राजनीतिक तनावों तथा सुरक्षा सरोकारों के दृष्टिकोण से जम्मू क्षेत्र हमेशा केन्द्र में रहा है। हाल ही में वह आतंकी हमलों के कारण सुर्खियों में आया है जिन्होंने स्थानीय जनता तथा सुरक्षा व्यवस्था को झटका दिया है। पिछले कुछ सप्ताह से आतंकी घटनायें बढ़ी हैं जिनमें सिविलियनों तथा सुरक्षा बलों पर 'लक्षित हमले' शामिल हैं जो क्षेत्र की क्षणभंगुर शांति की ओर इशारा कर रहे हैं। नवीनतम और सबसे गंभीर हमला जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना के एक काफिले पर हुआ। इसमें एक वायुसैनिक शहीद हुआ तथा चार घायल हो गए। इन हिंसक घटनाओं के कारण न केवल मूल्यवान जीवन का विनाश हुआ, बल्कि निवासियों में भय और अनिश्चितता की आशंका भी पैदा हो गई। इन हमलों से जम्मू कश्मीर में आतंकवाद का निरंतर व्याप्त तथा बढ़ता खतरा रेखांकित होता है जिससे निपटने के लिए तत्काल समग्र सुरक्षा उपाय जरूरी हैं। इन बढ़ते खतरों को देखते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक बुलाई। शाह की समीक्षा में स्थिति की गंभीरता के साथ बढ़ते आतंकी खतरों के बोझ से निपटने के लिए बहुआयामी व सक्रिय दृष्टिकोण की आवश्यकता उजागर होती है।




हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि हमारी ओर से कोई कमी है जिससे आतंकियों में साहस पैदा होता है और वे ऐसी कार्रवाइयों की हिम्मत जुटाते हैं। आतंकवाद से मुकाबले में सबसे बड़ी कमी विभिन्न खुफिया एजेंसियों के बीच खुफिया सूचनाओं का बहुत कम साझा है। स्थानीय पुलिस बलों, भारतीय सेना तथा खुफिया एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय समय पर हस्तक्षेप तथा भावी हमले रोकने के लिए बहुत जरूरी है। इसके साथ ही स्थानीय समुदायों को विश्वास में ले कर आतंकी विभीषिका का मुकाबला करना चाहिए क्योंकि अक्सर नागरिक ही सबसे पहले असामान्य गतिविधियों पर गौर करते हैं और उनका सहयोग संभावित खतरों का समय से पहले मुकाबला करने के लिए जरूरी है। इसके साथ ही आतंकवाद के मूल कारणों को संबोधित करना भी जरूरी है जिनमें सामाजिक-आर्थिक सीढ़ी पर सबसे नीचे रहने वाले संकटग्रस्त लोगों का उग्रवादीकरण शामिल है। अक्सर आतंकी संगठन इन तत्वों का लाभ उठा कर लोगों को भर्ती कर हिंसा भड़काने में उनका प्रयोग करते हैं। हालांकि, जम्मू क्षेत्र में ज्यादा सैनिकों की तैनाती इस दिशा में स्वागत योग्य कदम है ताकि स्थानीय जनता सुरक्षा का अनुभव कर सके। जम्मू के भीतर सैनिकों की तैनाती शहरी केन्द्रों तथा ग्रामीण इलाकों में होनी चाहिए ताकि एक समग्र और व्यापक सुरक्षा उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। लेकिन इस प्रकार सुरक्षा बढ़ाने की भी अपनी चुनौतियां हैं। यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि उग्रवादियों की उपस्थिति बढ़ने से स्थानीय जनता में तनाव तथा अलगाव की भावना न पैदा हो। सरकार को जीवन्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बलों की संख्या बढ़ाने तथा इन सुरक्षा उपायों से प्रभावित समुदायों में विश्वास और सहयोग की भावना पैदा करने के बीच संतुलन बनाना चाहिए।

# योग और संगीत की शानदार संगति

शारीरिक बेहतरी तथा मानसिक शांति के लिए योग और संगीत की संगति बहुत शानदार है। इससे स्वास्थ्य एवं सामंजस्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण विकसित होता है।



**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं)



दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए 21 जून का विशेष महत्व है। इस दिन योग के प्राचीन विज्ञान तथा संगीत की सार्वभौमिक भाषा एक होती है। इससे बेहतरी और सामंजस्य का अनोखा संयोग पैदा होता है। इस दिन 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' तथा 'विश्व संगीत दिवस' मनाए जाते हैं। यह शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक बेहतरी के बीच सहयोग का विशिष्ट अवसर पैदा होता है। भारतीय संस्कृति और संगीत में गहरी जड़ें जमाए हुए योग स्वास्थ्य एवं प्रसन्नता के प्रति समग्र दृष्टिकोण पेश करता है। भारतवर्ष में 5000 साल से भी पहले जन्मे योग में शारीरिक आसनों, सांसों पर नियंत्रण, ध्यान तथा शरीर, मन एवं आत्मा के बीच सामंजस्य के नैतिक सिद्धान्तों को समाहित किया गया है। योग के सर्वाधिक प्राचीन संदर्भ ऋग्वेद में मिलते हैं जिनकी और विस्तृत व्याख्या उपनिषदों तथा भग्वद्गीता में की गई है। इसमें योग को 'स्व से स्व की यात्रा' के रूप में परिभाषित किया गया है। लगभग 400 वर्ष ईसापूर्व पातंजलि के 'योग सूत्रों' में व्यवस्थित रूप से योग के आठ आयामों को रेखांकित किया गया है जो शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक व्यवहारों का ढांचा प्रस्तुत करता है।

शताब्दियों तक योग का विकास विभिन्न योगियों और संतों के योगदान से हुआ। उन्होंने सांस्कृतिक परिवर्तनों को स्वीकार करते हुए अनेक योग शैलियों का विकास किया। योग की इन विभिन्न शैलियों में 'हठ योग', 'अष्टांग योग' तथा 'कुंडलिनी', आदि शामिल हैं। योग ने समकालीन समाज में सांस्कृतिक व भौगोलिक सीमायें पार की हैं तथा अपने अनेक स्वास्थ्य लाभों के कारण वैश्विक स्वीकार्यता प्राप्त की है। वैज्ञानिक शोध से शारीरिक फिटनेस सुधारने, मानसिक स्पष्टता तथा भावनात्मक दृढ़ता प्रदान करने में योग की प्रभावशीलता पुष्ट होती है। उदाहरणार्थ, 'यूरोपियन जर्नल आफ प्रिवेंटिव कार्डियोलोजी' जैसे सम्मानित जर्नलों में योग की क्षमता बताते हुए कहा गया है कि इससे कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य बेहतर होता है, ब्लड प्रेसर कम होता है, कोलेस्ट्राल स्तर तथा बाडी मास इंडेक्स संतुलित होता है।

'जर्नल आफ साइकियाट्रिक प्रैक्टिस' के अनुसार 'योग' अनेक अवसाद संबंधी विकृतियों की चिकित्सा में सहायक सिद्ध होता है। इसमें शारीरिक आसनों तथा ध्यान तकनीकों पर जोर देने के माध्यम से विचार क्षमता बढ़ती है, सांसों पर नियंत्रण स्थापित होता है, आंतरिक शांति व संकेन्द्रण सहज होता है और इस प्रकार संज्ञानात्मक क्षमतायें बढ़ती हैं। 'इंटरनेशनल जर्नल आफ योगा' के अनुसार योग से भावनात्मक नियमन बढ़ता है तथा संकेन्द्रित ध्यान व प्राणायाम से भावनात्मक स्थिरता तथा दृढ़ता स्थापित करने में सहायता मिलती है। आज दुनिया में लाखों लोग शारीरिक फिटनेस के लिए योग स्वीकार करते हैं तथा इससे स्वास्थ्य और बेहतरी के लिए समग्र दृष्टिकोण विकसित होता है। उदाहरणार्थ, अमेरिका में योग में सहभागिता नाटकीय रूप से पिछले दशक में बढ़ी है तथा जनसंख्या का बड़ा हिस्सा नियमित योग करता है। इसी प्रकार यूरोप में योग को सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा शैक्षिक पाठ्यक्रम से जोड़ कर समग्र बेहतरी में इसकी भूमिका पर जोर दिया गया है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव के बाद अब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक वैश्विक आयोजन बन गया है। 177 देशों द्वारा सह-प्रायोजित इस प्रस्ताव में स्वास्थ्य और बेहतरी पर योग के समग्र लाभों पर जोर दिया गया है। इस दिवस का उद्देश्य योग पर वैश्विक जागरूकता बढ़ाना, इसके व्यवहार को प्रोत्साहित करना तथा शांति और एकता को बढ़ावा देना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ने अभूतपूर्व वैश्विक पहचान प्राप्त की है तथा आधुनिक दुनिया में योग की असीम प्रासांगिकता स्थापित की है। इसके साथ ही विश्व संगीत दिवस ने विविध रूपों में संगीत के आनन्द का उत्सव मनाया है। आहत भावनायें शांत करने और जनता को एकजुट करने में इसकी क्षमता रेखांकित हुई है। आज दुनिया भर में योग सत्रों, कार्यशालाओं तथा शैक्षिक आयोजनों का आयोजन हो रहा है जिससे योग का वैश्विक आकर्षण तथा सांस्कृतिक व राष्ट्रीय सीमाओं के पार जनता को एकजुट करने की इसकी क्षमता स्पष्ट होती है। इसी प्रकार 'विश्व संगीत दिवस' या 'फेट डी ला म्यूज़ीक' भी 21 जून को मनाया जाता है और यह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से मिलता है। एक सिद्धान्त के अनुसार 1981-82 में फ्रांस में जन्मा यह दिवस एक वैश्विक आयोजन में बदल गया है जो संगीत की सार्वभौमिक भाषा का आनन्द मनाने के प्रति प्रतिबद्ध है। इससे सार्वजनिक स्थलों पर सभी प्रकार के संगीतज्ञों को अपने प्रदर्शन का मौका मिलता है। ये आयोजन मुफ्त होते हैं तथा विविधतापूर्ण संगीतिक अभिव्यक्तियों को प्रोत्साहित करते हैं। आहत भावनायें शांति करने, एकजुट करने तथा लोगों को मानसिक रूप से ऊपर उठाने में विश्व संगीत दिवस एक सांस्कृतिक आयोजन के रूप में महत्वपूर्ण योगदान करता है। संगीत को लंबे समय से उसके 'चिकित्सकीय' प्रभावों के लिए जाना जाता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य तथा भावनात्मक बेहतरी सुनिश्चित होती है।

शोध से स्पष्ट होता है कि संगीत से तनाव घटता है, दर्द से मुक्ति में सहायता मिलती है तथा संज्ञानात्मक क्षमता बढ़ती है। योग के संदर्भ में संगीत एक सुखद परिवेश प्रदान कर व्यवहार को समृद्ध बनाता है, संकेन्द्रण में वृद्धि होती है तथा गहराई से शांति को बढ़ावा मिलता है। योग और संगीत के समन्वय से बेहतरी प्रभावित होती है तथा मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण विकसित होता है।

सद्गुरु जग्गी वासुदेव ने एक बार कहा था, 'योग का अर्थ केवल झुकना और मुड़ना नहीं है। यह ऐसी स्थिति तैयार करने की प्रक्रिया है जहां आपका शरीर और मन प्रकृति एवं संगीत के साथ सामंजस्य स्थापित करता है।' इसे हर साल ईशा फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिवरात्रि महोत्सव में देखा जा सकता है जिसमें संगीत, ध्यान और योग व्यवहारों का मिश्रण होता है। इस प्रकार योग और संगीत के बीच अंत: संबंध से व्यवहार बेहतर होते हैं, सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है तथा ध्यान की स्थिति को प्रोत्साहन मिल कर आंतरिक शांति स्थापित होती है। अग्रणी योग गुरु बी.के.एस. आयंगर ने कहा है कि 'योग प्राचीन, लेकिन संपूर्ण विज्ञान है और यह मानवता के विकास को लक्षित है।

इस विकास में सबकी बेहतरी शारीरिक स्वास्थ्य से आत्माभिव्यक्ति तक जाती है।' संगीत और योग व्यवहारों के समन्वय से समग्र विकास प्राप्त करने में सहायता मिलती है, मानसिक स्पष्टता बढ़ती है तथा भावनात्मक दृढ़ता मिलती है। फिजियोथेरेपिस्ट डा. प्रतीक्षा गडकरी ने जोर दिया है कि योग से जोड़ों का लचीलापन तथा उनकी गतिशीलता बढ़ाने में सहायता मिलती है। उन्होंने सुझाव दिया है कि व्यायाम के साथ संगीत को जोड़ने से ऊर्जा बढ़ती है तथा दिन की अच्छी शुरुआत होती है। प्रख्यात गायक, संगीत शिक्षक तथा नियमित योगाभ्यास करने वाले अमर कुलकर्णी ने योग और संगीत के बीच संबंधों का वर्णन करते हुए बताया है कि ये दोनों आंतरिक ऊर्जा तथा सकारात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हैं।

कुछ योगाचार्यों के अनुसार कुछ योग शैलियों में संगीत शामिल करना उचित नहीं होगा। जहां 'विन्यास' व 'अनुसार' शैलियों में संगीत की व्यापक स्वीकार्यता है। इसके उलट आयंगर सत्रों में स्वर परिवेश मुख्यत: केवल शिक्षक के निर्देशों तक सीमित होता है। इस प्रकार यदि इस शैली में संगीत को शामिल किया जाए तो यह शिक्षक के निर्देशों में भ्रम पैदा कर सकता है। आज की तेजी से बदलती दुनिया में तनाव और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे गंभीर हो रहे हैं। इनका प्रभाव अधिकांशत: नौजवानों पर पड़ता है। ऐसे में योग और संगीत का समन्वय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने तथा उसे पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। योग और संगीत एक साथ मिल कर बेहतरी व मानसिक शांति के साथ्र स्वास्थ्य व सामंजस्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण विकसित कर सकते हैं।

# क्रियाशील जीवन में विश्राम का महत्व

> व्यस्त दिनों के बीच में विराम लेने से मन और शरीर को रिचार्ज और फिर से ध्यान केंद्रित करने का मौका मिलता है।



**साक्षी सेठी**
(लेखिका, शिक्षाविद हैं)

क्या आप ऐसे व्यक्ति हैं जो खुद को 24/7 उपलब्ध रखते हैं? या फिर आप ऐसे व्यक्ति हैं जो परिवार के साथ मिलकर समय बिताने के बजाय समय-समय पर सभी काम के मेल निपटाना पसंद करते हैं? अगर हां, तो दोस्तों, यह समय काम पर स्वस्थ सीमाएं निर्धारित करने का है। व्यस्त दिनों के बीच में विराम लेने से मन और शरीर को रिचार्ज और फिर से ध्यान केंद्रित करने का मौका मिलता है।

विभिन्न अध्ययनों और शोधों के अनुसार, यह पाया गया है कि सबसे अधिक उत्पादक कर्मचारियों ने 52 मिनट तक काम किया है और उसके बाद 17 मिनट का ब्रेक लिया है। इसके अलावा अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि किसी व्यक्ति का दिमाग लगातार काम करने के लिए नहीं बना है। उच्च प्रदर्शन को बनाए रखने और मानसिक थकान से बचने के लिए नियमित रूप से ब्रेक लेना ज़रूरी हो जाता है।

व्यक्ति की नौकरी प्रोफ़ाइल चाहे जो भी हो, नियमित रूप से ब्रेक लेना समग्र कार्य प्रदर्शन और सेहत को बढ़ाने के लिए एक सरल लेकिन प्रभावी रणनीति है। बिना ब्रेक के लगातार काम करने से बर्नआउट हो सकता है, जो थकावट और उत्पादकता में कमी की विशेषता है। ब्रेक मानसिक और शारीरिक रूप से रिचार्ज करने में मदद करते हैं। नियमित ब्रेक फोकस और एकाग्रता में सुधार करते हैं। समय-समय पर कार्यों से दूर रहने से व्यक्ति को स्पष्ट दिमाग और नई ऊर्जा के साथ वापस आने में मदद मिलती है। काम की दिनचर्या में ब्रेक को शामिल करके , कोई व्यक्ति उच्च उत्पादकता बनाए रख सकता है, तनाव को कम कर सकता है और अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकता है। संक्षेप में, ब्रेक को प्राथमिकता देना उनके दीर्घकालिक करियर की सफलता और व्यक्तिगत खुशी में निवेश है क्योंकि यह रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा दे सकता है। अक्सर यह माना जाता है कि जब कोई व्यक्ति काम से विराम लेता है, तो उसका दिमाग घूमने और नए विचारों की खोज करने के लिए स्वतंत्र हो जाता है और अप्रत्याशित समाधान की ओर ले जा सकता है।



कोविड-19 महामारी के बाद काम से ब्रेक लेने का महत्व और भी स्पष्ट हो गया है, क्योंकि कई कारकों ने लोगों के काम करने और जीने के तरीके को बदल दिया है। कोविड-19 महामारी ने बढ़ते तनाव, डिजिटल थकान और धुंधले कार्य-जीवन की सीमाओं को प्रबंधित करने के लिए काम से नियमित ब्रेक की आवश्यकता को बढ़ा दिया है। तेजी से बदलते कार्य वातावरण में उत्पादकता, रचनात्मकता, शारीरिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण को बनाए रखने के लिए ये ब्रेक आवश्यक हैं।

एक छोटी पारिवारिक छुट्टी या अगर छुट्टी नहीं है, तो कार्यदिवस या दोपहर के व्यायाम ब्रेक में माइक्रोब्रेक को शामिल करने जैसे नियमित ब्रेक को शामिल करने से कई लाभ हो सकते हैं, जिससे यह उत्पादकता और कल्याण दोनों को बनाए रखने के लिए एक सरल लेकिन प्रभावी रणनीति बन जाती है। जब कोई व्यक्ति सभी तरह के ब्रेक लेगा, तो वह उत्साह, खुशी, प्रसन्नता, प्रेरणा, गर्व और बहुत कुछ की सकारात्मक भावनाओं की तलाश करेगा जो अंतत: संज्ञानात्मक बहाली को बढ़ावा देगा।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कोई भी व्यक्ति काम के तनाव में बहुत अधिक उलझ सकता है जब काम ही उसकी पहचान, मान्यता और आत्मविश्वास का एकमात्र स्रोत होता है, लेकिन कई बार व्यक्तियों के लिए उन गतिविधियों से संपर्क करना महत्वपूर्ण हो जाता है जो उनके पेशेवर जीवन से पूरी तरह से असंबंधित होती हैं जैसे कि कोई असंबंधित शौक या दोस्तों के समूहों के साथ गैर-काम के विषयों पर आकस्मिक बातचीत जो अक्सर हंसी, प्रोत्साहन और बहुत कुछ उत्पन्न कर सकती है। जैसा कि अक्सर कहा जाता है, संतोष और आत्मसंतुष्टि एक समान नहीं है। हम सभी को खुद को संतुष्ट रहने, कृतज्ञता में तैरने और वर्तमान को मौलिक रूप से स्वीकार करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, क्योंकि यह दुनिया कभी भी खुश नहीं होने वाली है।

याद रखें, चाहे आप एक उच्च-शक्ति वाले कार्यकारी हों, एक शिक्षक हों, एक रचनात्मक कलाकार हों, एक स्वास्थ्य सेवा कर्मी हों, एक ग्राहक सेवा प्रतिनिधि हों या कोई अन्य कर्मचारी हों, ब्रेक लेने के लाभ सार्वभौमिक हैं और आपकी उत्पादकता, मानसिक स्वास्थ्य और समग्र नौकरी की संतुष्टि को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकते हैं। इसलिए अपने काम के घंटों के बीच में कुछ विश्राम लेने की पूरी अनुमति देने का प्रयास करें।

## आप की बात

### ईवीएम पर फिर विवाद

**राहुल गांधी** ने ईवीएम पर बयान दिया है कि भारत में ईवीएम मशीन एक ब्लैक बॉक्स की तरह है जिसकी जांच की किसी को भी अनुमति नहीं रहती है। अखिलेश यादव ने अगला चुनाव मत पत्र से कराने की वकालत की है। यह सारा विवाद एलन मस्क के ईवीएम पर बयान से शुरू हुआ है। उन्होंने कहा है कि ईवीएम हैक हो सकती है अत: चुनाव में इसका इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। हमारे देश में चुनाव आयोग सहित सुप्रीम कोर्ट भी ईवीएम मशीन पर किसी भी विवाद को नकार चुके हैं। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर का कहना है कि भारतीय ईवीएम सुरक्षित है और मस्क का बयान अमेरिका में प्रयोग होने वाली ईवीएम पर केन्द्रित है। लेकिन इसके बाद फिर मस्क ने अपनी बात दुहराई है। सवाल है कि यदि ईवीएम को हैक किया जा सकता है या किया गया होता तो भाजपा को पूर्ण बहुमत से वंचित क्यों होना पड़ता तथा कांग्रेस की सीटें लगभग दूनी क्यों हो जातीं। मस्क जैसे तकनीकविद का ज्ञान अपनी जगह, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि वे अपनी टेस्ला कंपनी को अपनी शर्तों पर भारत लाने के लिए दबाव डाल रहे हैं और मोदी इस दबाव के समक्ष झुकने को तैयार नहीं हैं। विपक्ष नाकामियां छिपाने के लिए ईवीएम पर सवाल उठाता रहेगा, लेकिन इससे कोई लाभ नहीं होगा।

**- मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### एनसीईआरटी पाठ्यक्रम

**स्कूली पाठ्यक्रम** के भगवाकरण आरोपों को एनसीईआरटी के डायरेक्टर ने खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि स्कूली पाठ्य पुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भों को इसलिए संशोधित किया गया क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाना हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए। एनसीईआरटी द्वारा पुस्तकों में संशोधन किया जाना समयोचित है। अभी भी हमारी इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में कई तरह की मिथ्या और अनावश्यक जानकारियां भरी पड़ी है। इनमें भी सुधार करके देश के लिए जान लुटाने वाले वीर योद्धाओं के शौर्य का उचित वर्णन किया जाना चाहिए। पाठ्यपुस्तकों व खासकर इतिहास की पाठ्यपुस्तकों में बदलाव विवाद का विषय बनता है। विडंबना है कि यह विवाद राजनीतिक दृष्टिकोण से पैदा होता है। ऐसे में शिक्षकों के बीच एक सर्वानुमति विकसित करने का प्रयास होना चाहिए कि भारत का इतिहास तटस्थ दृष्टिकोण से क्या है? और इसे छात्रों की पुस्तकों में किस सीमा तक समाहित होना चाहिए?

**- सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### विश्व शांति को खतरा

**स्विटजरलैंड** में शांति सम्मेलन भी रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने का कोई रास्ता नहीं खोज पाया और बिना किसी समाधान के खत्म हो गया। संयुक्त बयान पर भारत ने हस्ताक्षर न कर अपनी गुटनिरपेक्ष नीति दर्शायी है। रूस-यूक्रेन युद्ध को दो वर्ष होने वाले हैं। किसी ने नहीं सोचा था कि युद्ध इतना लंबा खिंचेगा और यूक्रेन रूस जैसी महाशक्ति के सामने इतने समय तक टिक पाएगा। वास्तव में यूक्रेन के पास इतनी क्षमता थी भी नहीं। मगर अमेरिका और नाटो देशों द्वारा हथियार व आर्थिक सहायता से यह युद्ध विकराल होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्रसंघ सहित सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं कोशिश कर के हार गई है। उधर इसराइल हमास युद्ध भी जारी है इन युद्धों से यह तय हो गया है कि परमाणु संपन्न राष्ट्र कभी.भी पूरी दुनिया को तबाह कर सकते हैं। चीन भी पर्दे के पीछे से रूस को गुप्त रूप से हथियारों की सप्लाई कर रहा है। चीन ने हाल ही मैं अपने परमाणु बमों की संख्या मैं और इजाफा कर लिया है। युद्ध यदि ऐसे ही चलते रहे तो विश्व के निर्दोष नागरिक इसका सर्वाधिक खामियाजा भुगतते रहेंगे। इन युद्धों से विश्व शांति को खतरा बढ़ता जा रहा है। ऐसे में एक नए प्रकार का शीतयुद्ध पैदा होने की आशंका भी राजनीतिक विश्लेषक बता रहे हैं।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### कृषि व वाणिज्य का महत्व

**एक प्राचीन कहावत** के अनुसार पहले सबसे श्रेष्ठ कार्य कृषि को समझा जाता था। दूसरे नंबर पर वाणिज्य एवं व्यापार तथा सबसे अंत में चाकरी अर्थात नौकरी आती था। लेकिन अब नौकरी को सर्वश्रेष्ठ मान लिया गया है। हमारे किसान भाई जमीनें बेच रहे हैं, खेती योग्य जमीन का रकबा कम होता जा रहा है और गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है। किसानों के बेटे यथासंभव परंपरागत कृषि कार्य छोड़कर नौकरी करने लगे हैं। कई परंपरागत व्यवसायियों के बेटे अपने व्यवसायों से मुंह मोड़ कर नौकरियों की ओर उन्मुख हो रहे हैं। सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरियों के बढ़ते आकर्षण के कारण तलाश कर कृषि व वाणिज्य को पुराना महत्वपूर्ण स्थान दिलाने के प्रयास करने चाहिए। देश का अन्नदाता और व्यवसायी ही जब अपने परंपरागत कार्य से मुंह मोड़ने लगेगा तो देर सबेर हमारे देश में विषम परिस्थितियों का निर्माण होने में देर नहीं लगेगी। वैसे भी एआई जैसी नई तकनीकों के व्यापक होने के बाद अनेक प्रकार की नौकरियां समाप्त हो जाएंगी। ऐसे में लगता है कि पुरानी कहावत एक बार फिर बदलते समय में सही हो जाएगी।

**-ललित महालकरी,** इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# नरेगा : मजदूरों से नही मशीनों से लिया जा रहा है कार्य , फर्जी आंकड़ा से वाहवाही ले रहा है विभाग





पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के नियमो का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। किसी भी स्थान पर मजदूर चार ,पांच इंच से ज्यादा की खुदाई नही कर रहे हैं और उसका पूरा भुगतान विभाग के द्वारा किया जा रहा है साथ ही नरेगा में निर्माण कार्य की स्वीकृति भी दिया जाता है जिसमे नाली , पुलिया , रिटर्निंग वाल, चेक डेम सहित अन्य कार्यों की स्वीकृति दिया जाता है जिसकी गद्दों की खुदाई मजदूरों के बजाए मशीन की किया जाता है जिसके चलते निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद मस्टरोल जारी किया जाता है । ऐसा नही की इसकी जानकारी ज़िम्मेदार को नही है लेकिन सभी की संलिप्तता देखने में मिलता है और राज्य स्तरीय वाहवाही बटोरी जाती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधान सभा अध्यक्ष डा रमन सिंह के गृह ग्राम ठाठापुर (रामपुर )में दो वाल वाटर आउटलेट सह पिचिंग कार्य की स्वीकृति मिला है जिसमे अधिकारी गलत तरीके से प्राकालन तैयार कर लाखो रुपए खर्च करने में भिड़े हुए हैं ।

### सरकारी खजाना में डाका

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत ठाठापूर (रामपुर) में बहुत से मजदूरी मूलक और निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हुआ है । यह गांव छत्तीसगढ़ के तीन बार के मुख्यमंत्री और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह के गृह ग्राम है । जहां पर बांधिया बड़े तालाब में दो वाल वाटर आउटलेट सह पिचिंग वर्क की स्वीकृति प्राप्त हुआ है जिसमे निर्माण कार्य प्रि या में है। उक्त कार्य को देखने पर ही भ्रष्टाचार साफ-साफ दिखाई दे रहा है।

### गलत तरीके से कार्य को कराया स्वीकृति

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कोई भी कार्य की तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति के लिए इंजीनियर और एस डी ओ के द्वारा प्राकलन तैयार किया जाता है। जब बंधीया बड़े तालाब पर ग्रामीणों ने कब्जा कर खेती करते हुए फायदा ले रहे है और पूर्व में उसमे लाखो रुपए सरकारी धन का व्यय भी किया गया है जिससे शासन को आर्थिक क्षति हुई है और दुबारा क्षति न ऐसा सोच रखकर कार्य करना चाहिए लेकिन तकनीकी अधिकारी अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य स्वीकृति करने वाले अधिकारियो के पास गलत जानकारी प्रस्तुत कर निर्माण कार्य के लिए लाखो रुपए की पुनः स्वीकृति करा लिया गया है जो जांच का विषय है ।

### बंधिया बड़े तालाब में ग्रामीणों का कब्जा

पूर्व मुख्यमंत्री और विधान सभा अध्यक्ष के गांव में बने बंधिया बड़े तालाब में गांव वालों का कब्जा है और उसमे खेती भी किया जाता है वर्तमान में उक्त तालाब में खेती करने के लिए खरपतवार की सफाई कर जुताई भी कर लिया गया है । इस तालाब में पूर्व में भी शासन की लाखो रुपए खर्च कर निर्माण कार्य किया है जो गुणवत्ताहीन होने के कारण जर्जर हो गया है। तालाब पर ग्रामीणों की कब्जा की जानकारी आला जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों को भी है ।

### नियम विरुद्ध ठेके द्वारा कार्य

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अधिनियम में कही पर भी कार्य को ठेके से कराने का प्रावधान नहीं है। नियमो और अधिनियमों का ठेंगा दिखाते हुए नरेगा के स्वीकृत कार्य को ठेके पर देते हुए पूर्ण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी के लिए तकनीकि सहायक को फोन करने पर उन्होंने बताया कि यह कार्य किसी ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। जो अनुचित है।

### नागरिक सूचना पटल नही

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत स्वीकृत कार्य आदेश में साफ साफ'कार्य प्रारंभ करने के पूर्व कार्य स्थल पर पक्का बोर्ड (ईट एवम सीमेंट से निर्मित ) जिसमे कार्य का विस्तृत विवरण उल्लेखित हो ,तथा शिकायत के निराकरण हेतु टोल फ्री नंबर 18002333302 उपलब्ध है 'लिखा रहता है । इसका भी पालन नहीं किया गया है ।

### समिति गठित कर जांच की आवश्यकता

उक्त निर्माण कार्य पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह के गृह ग्राम के अलावा पंचायत मंत्री विजय शर्मा के निर्वाचन जिला से जुड़ा हुआ हाई प्रोफाइल मामला है । इसके लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर जांच शुरू करने से तरह तरह की अनियमितताएं उजागर होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता और अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने वाले अधिकारी कर्मचारियों का नाम भी सामने आने की संभावना है। यदि सूक्ष्मता से जांच होने पर कई जिम्मेदार लोग दोषी हो सकते हैं और कड़ी कार्यवाही होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता ।

# कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस ने लगाया रक्तदान शिविर





पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, सांसद राहुल गांधी के 54 वें जन्मदिन के अवसर पर रक्त की कमी को देखते हुए बुधवार को बालोद जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रशांत बाला बोकड़े के नेतृत्व में राजीव भवन बालोद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बालोद जिला युवा कांग्रेस के दर्जनों युवाओं ने रक्तदान कर अपने नेता का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रशांत ने कहा कि देश के 140 करोड़ जनता की आवाज हमारे नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर आज रक्त की कमी को देखते हुए कांग्रेस भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया और इस रक्तदान शिविर में भारी संख्या में नए रक्तदाताओं ने भाग लिया और रक्तदान कर अपने नेता का जन्मदिन मनाने का काम किया मैं सभी को विशेष रूप से बहुत बहुत बधाई एवं धन्यवाद देता हूं। आगे इसी क्रम में जिला प्रशासनिक महामंत्री आदित्य दुबे ने कहा की आज देश में एक तरफ ऐसे ऐसे सत्ताधारी लोग है, जो 10 साल बेमिसाल का जश्न मना रहे हैं। लेकिन मैं समझता हूं कि बीजेपी के 10 साल और देश के गरीब, मजदूर, किसान, खिलाड़ी बदहाल हुआ। आज देश के युवाओं को उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त होने के बावजूद भी उनलोगो को नौकरी नहीं मिल रही है और भारतीय जनता पार्टी ने 2014 के चुनाव में बेरोजगारी को सबसे बड़ा मुद्दा बनाकर देश की जनता को गुमराह करने का काम किया और हमारे नेता राहुल गांधी जिस तरह से त्याग, तपस्या का संकल्प लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा चलाकर सभी वर्ग के आम जनता से उनका दुख, दर्द समझने का काम किया है और लोगो के साथ बैठ कर उनके समस्याओं को समझा है और देश की जनता ने जिस तरह से भारत जोड़ो यात्रा को समर्थन दिया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, महासचिव अंचलप्रकाश साहु, विधानसभा अध्यक्ष संदीप साहू, उपाध्यक्ष दीपक सानू पाल, ब्लॉक अध्यक्ष मोहनिश पारकर, अल्प संख्यक जिला अध्यक्ष फैज बक्श, वैभव शर्मा, महासचिव देवेन्द्र साहु, आयुष सिंह राजपूत, प्रवीण साहु, सुनील मंडावी, राजू गुप्ता, नूतन साहु , फरहान खान, शावेश समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा हीट एण्ड रन मोटर एक्सीडेंट मामले पर ली बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय बिलासपुर द्वारा रिट पीटिशन (सिविल) एवं राजासीकरण विरूद्ध यूनियन ऑफइंडिया व अन्य में पारित निर्णय अनुसार द कम्पनसेशन टू विक्टम ऑफ हीट एण्ड रन मोटर एक्सीडेंट 2022 के संबंध में बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन में नीलिमा सिंह बघेल प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बेमेतरा, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जिला अन्तर्गत जेलो की वर्तमान क्षमता भविष्य के मांगो के आधार पर जिलो में नयी जेले स्थापित करने के लिए भूमि अधिग्रहरण, लंबित परियोजना सहित अन्य जरूरतो की समीक्षा तथा खुली जेल का निरीक्षण के संबंध में चर्चा की गयी। इसके अलावा पीड़ित पक्षकार की ओर से क्लेम कम्पनसेशन में क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन पेश करने की प्रकिया का पालन सुनिश्चित करने एवं एक्सीडेंट के परिणामस्वरूप हुई मृत्यु अथवा गंभीर चोट के लिए कम्पनसेशन निर्धारित करने और पीड़ित पक्ष को क्षतिपूर्ति प्रदान करने हेतु क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को निर्देश दियें। साथ ही क्लेम इंक्वायरी ऑफसर को संबंधित थाने से फर्स्ट एक्सीडेंट रिपोर्ट (एफए.आर.) एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट संबंधित अधिकारी तथा दुर्घटना होने की सूचना प्राप्ति के एक माह के भीतर ही संबंधित पुलिस अधिकारी थाना प्रभारी (एफए.आर.) की प्रति क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को प्रेषित करेगा और पीड़ित पक्ष को उसके क्षतिपूर्ति, दावा अधिकार के संबंध में समस्त जानकारी उपलब्ध कराने हेतु पुलिस अधीक्षक को निर्देशित कियें। उक्त बैठक में निधि शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति रही।

# जनदर्शन में 41 जिले वासियों ने किया आवेदन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर के दृष्टि-सभाकक्ष में आयोजित जनचौपाल के दौरान जिले के विभिन्न गांवों से आये आम नागरिकों की मांग, शिकायत एवं समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 41 आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने सभी लोगों की समस्याएं को बारी-बारी से सुना और मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार आवेदकों के समस्याओं को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। जनचौपाल में ग्राम दमई के ग्रामीणों ने ग्राम दमई से सण्डी तक पहुंच मार्ग बनाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये। नगर पंचायत बेरला निवासी ढालसिंह कुर्रे ने मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत दुकान आवंटन में हो रहे परेशानियों को दूर करने के संबंध में आवेदन दिया। वार्ड नं. 15 नया पारा बेमेतरा निवासी लता यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त की राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत की। ग्राम परसबोड़ निवासी दिव्यांग बलराम गोयल ने बैटरी चलित ट्रायसिकल प्रदान करने हेतु आवेदन किया। ग्राम भेड़नी निवासी सनत कुमार साहू ने सीमांकन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम बारगांव निवासी भुनेष्वरी एवं चंद्रप्रकाष देवांगन ने 2018-19 में पाहंदा-बारगांव एवं खुड़मुड़ा रोड चौड़ीकरण के दौरान मकान टुटने एवं जमीन का मुआवजा दिलाये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये। ग्राम मौहाभाठा निवासी दानीराम साहू ने जमीन का नक्षा सुधार कराने हेतु आवेदन दिया।

# शिवसेना ने ग्राम सरदा एवं आसपास के किसानों के साथ सम्मिलित हुए



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख दाऊ राम चौहान ने बताया कि बे र ला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सरदा में राइजन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा आयरन फैक्ट्री खोला जा रहा है इसके विरोध में ग्राम सरदा, अतर गढ़ी, शिंगदेही, आंदु एवं आसपास के अन्य ग्राम के किसानों के द्वारा उक्त फैक्ट्री का विरोध में जिला प्रशासन को ज्ञापन देने पहुंचे जहां उक्त किसानों के द्वारा शिवसेना पार्टी का भी समर्थन लिया गया जिसमें छत्तीसगढ़ शिवसेना पार्टी जिला बेमेतरा प्रमुख चौहान ने किसानों के साथ सम्मिलित हुए किसानों के द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौपा गया आगे चौहान ने कहा कि किसानों की मांग जायज है स्पंज आयरन खुलने से 10 से 20 किलोमीटर के आसपास कृषि भूमि बंजर होने की संभावना है जिला बेमेतरा कृषि धन भूमि है इसी कृषि धन से जिला बेमेतरा के किसान, मजदूर, एवं आम जनता इसी पर निर्भर है जिसे देखते हुए शिवसेना पार्टी किसान हित, व जनहित को ध्यान में रखते हुए हमेशा पार्टी के द्वारा सहयोग करने की बात कही है वहीं शिवसेना प्रमुख प्रेस के माध्यम से जिला प्रशासन से अपील करता है कि जिला बेमेतरा कृषि धन को ध्यान में रखते हुए किसी भी स्पंज आयरन फैक्ट्री को अनुमति न दिया जाए यदि पूर्व में राइजन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को अनुमति दी गई है तो तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की अपील की गई है।

# विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर किया गया जागरूकता शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर 19 जून 2024 को जिले के विभिन्न ग्रामों में सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मेनका चन्द्राकर ने बताया कि 19 जून विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिले के डौण्डी, डौंडीलोहारा, देवरी, गुण्डरदेही, अर्जुन्दा एवं गुरूर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क सिकल सेल जांच किया जाएगा। इसी तरह जिले के जगन्नाथपुर सांकरा, करहीभदर, लाटाबोड, पीपरछेडी, आमाडुला, दल्लीराजहरा (चिखलाकसा), घोटिया, सुरडोंगर, अरजपुरी, भंवरमरा, दुपेचरा, मंगचुवा, नाहंदा, पिनकापार, संजारी, सुरेगांव, बेलौदी, भरदाकला, गुरेदा, कलंगपुर, खुरसुनी, कुरदी, माहुद (बी), रंनचिरई, सांकरी, सिरसिदा, अरमरीकला, बोरदा, पलारी एवं पुरूर उप स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा सिकल सेल की जांच निःशुल्क किया गया। इसके साथ ही विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर सिकल सेल संबंधी जन जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार, काउंसलिंग तथा सिकल सेल जेनेटिक कार्ड का वितरण भी किया गया। उन्होंने बताया कि 19 जून विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सिकल सेल जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन टाऊन हॉल बालोद में किया गया। जिला स्तरीय सिकल सेल जन जागरूकता कार्यक्रम में आम जनों का निःशुल्क सिकल सेल जाँच की गई।आयुक्त आदिवासी विकास मेनका चन्द्राकर ने बताया कि सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के 70 छात्रावास एवं 17 आश्रमों तथा आदिवासी विकासखंड मुख्यालय में संचालित संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौंडी में प्रवेशित शत् प्रतिशत बच्चों का सिकल सेल जाँच किया गया। इसके साथ ही जिले में संचालित समस्त आंगनबाडी केन्द्रों एवं स्कूलों में भी सिकल सेल जनजागरूकता शिविर तथा काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

# व्यावसायिक परीक्षा मंडल की छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 23 जून को

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छ.ग. व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 23 जून 2024 (रविवार) को प्रथम पाली पूर्वान्ह 10:00 से दोपहर 12:15 बजे एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 से 04:15 बजे तक प्रवेश परीक्षा 2024 आयोजित है। जिसमें बेमेतरा जिला अंतर्गत प्रथम पाली में 4707 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में 6460 परीक्षार्थी इस प्रकार कुल 11167 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों के सुविधा की दृष्टि से जिला बेमेतरा अंतर्गत कुल 22 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू विज्ञान एवं कला स्नातकोत्तर महा. बेमेतरा, शासकीय लक्ष्मण प्रसाद बैद्य कन्या महाविद्यालय बेमेतरा, शासकीय बालक उच्च माध्य. विद्यालय बेमेतरा, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा, एलॉन्स पब्लिक स्कूल बेमेतरा , स्वामी आत्मानंद शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेमेतरा, एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा, शासकीय उच्च माध्य विद्यालय बावामोहतरा, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, ग्राम बहेरा (कुसमी), पोस्ट बावामोहतरा (बेमेतरा), शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय, जेवरी (बेमेतरा), जिला परियोजना आजिविका महाविद्यालय, चोरमट्टी (बेमेतरा), शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय जेवरा, शासकीय उच्च माध्य. विद्यालय कठियां रांका बेमेतरा, प्रेरणा विद्यालय, कठिया बेमेतरा, शासकीय हाई स्कूल लोलेसरा, शासकीय माध्यमिक स्कूल, पिकरी बेमेतरा, सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य. विद्यालय बेमेतरा, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज बेरला, शासकीय नवीन कॉलेज बेरला, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय बेरला, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बेरला, शासकीय उ.मा. विद्यालय सरदा तहसील-बेरला जिला बेमेतरा सम्मिलित हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र की मूल प्रति अपने साथ अनिवार्य रूप से रखें तथा व्यापम से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में मोबाईल, कैल्कुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों एवं नकल आदि को रोकने हेतु सक्षम अधिकारियों के नेतृत्व में उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने व परीक्षा पश्चात् पुनः सुरक्षित जमा करने हेतु पर्यवेक्षक की नियुक्ति करते हुए पर्याप्त मात्रा में परीक्षा केन्द्रवार पुलिस बल की व्यवस्था भी की गई है।

# राशनकार्डो का नवीनीकरण हेतु 30 जून तक आवेदन आमंत्रित

**दल्लीराजहरा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले में प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण हेतु जिले में शेष रह गए प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण हेतु 30 जून तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि नवीनीकरण हेतु शेष रह गए राशन कार्डधारी अपने निकट के शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं पंचायत में संपर्क कर अपना राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु 30 जून 2024 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित सभी उचित मूल्य की दुकानों को नवीनीकरण हेतु शेष रह गए हितग्राहियों की सूची प्रदान की गई है। इसके साथ ही ऐसे राशन कार्डधारी जिन्होंने अपना आधार ई-केवाईसी नहीं कराए हैं वे जल्द से जल्द उचित मूल्य दुकान में ई-केवाईसी कराने के पश्चात् नवीनीकरण हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले में जिले में स्थापित 476 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में कुल 02 लाख 21 हजार 512 राशनकार्ड प्रचलित है। जिसके अंतर्गत प्रचलित 02 लाख 21 हजार 512 राशन कार्डधारियों में से 02 लाख 21 हजार 695 हितग्राहियों के द्वारा राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है। जिसमें प्रचलित राशनकार्ड धारियों में ग्रामीण क्षेत्रों से 7,727 एवं नगरीय क्षेत्रों में 2,090 सहित कुल 9,817 राशनकार्ड हितग्राहियों ने नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किए हैं।

# स्वास्थ्य सुपरवाइजर ने वार्ड वासियों को सिकलसेल के विषय में दी जानकारी



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

विश्व सिकलसेल उन्मूलन दिवस का आयोजन वार्ड क्रमांक 27 में किया गया । स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने वार्ड वासियों को सिकलसेल के विषय में जानकारी दिया गया। हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त आक्सीजन पहूंचाने का काम करता है, लेकिन सिकलसेल रोग में यह काम बाधित हो जाता है, पीढ़ी दर पिढी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्त गण हंसिया के आकर के रूप में परिवर्तन होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं, ये रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिकाओं में फंसकर लीवर, तिल्ली, किडनी, मष्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर सकते हैं। सिकलसेल के लक्षण भूख न लगना, खून की कमी एनीमिया, हल्का दीर्घ कालीन बुखार रहना, थकावट, आंखों में पीलापन, बार बार पेशाब आना, तिल्ली में सूजन , चिडचिडापन, हाथ पैर में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों में दर्द है . उक्त लक्षण वाले व्यक्ति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिखलाकसा जाकर सिकलसेल की जांच करवा सकते हैं. आयोजन में सुपरवाइजर लता यादव, स्वास्थ्य कर्मचारी करूणा सोनकुवर, संजय यादव, आशा सोनी, सारु पिस्दा, हेमीन साहू, सीमा तिवारी, संजय ठाकुर, रश्मि ठाकुर मितानीन मंजू एम टी,सुरजीत कौर, सावित्री, रश्मि, भारती , सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

# पीएम किसान की 17वीं किस्त के रूप में जिले के एक लाख से अधिक किसानों के खातों में 21.42 करोड़ की राशि अंतरित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना के तहत 17। वीं किस्त की राशि जारी कर दी गई है। इस योजना के तहत बेमेतरा जिले के एक लाख से अधिक किसानों के खातों में कुल 21.42 करोड़ रुपये अंतरित किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस के मेहदीगंज से इस किस्त को जारी किया, जो कि देशभर के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण और प्रतीक्षित घटना थी । पीएम किसान योजना का मुख्य उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है ताकि वे अपनी खेती संबंधी जरूरतों को पूरा कर सकें और कृषि की लागत को कम कर सकें। इस योजना के तहत पात्र किसानों को सालाना 6,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाती है, जो तीन किस्तों में दी जाती है। प्रत्येक किस्त 2,000 रुपये की होती है, जिसे सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित किया जाता है । बेमेतरा जिले में इस योजना का लाभ उठाने वाले किसानों की संख्या काफी अधिक है। इस बार की 17। वीं किस्त में जिले के एक लाख एक



हज़ार किसानों को कुल 21.42 करोड़ रुपये मिले हैं, जिससे उन्हें खेती के कार्यों में सहायता मिलेगी। यह राशि किसानों के खातों में सीधे जमा की गई है, जिससे पारदर्शिता और त्वरितता सुनिश्चित होती है। कृषि विज्ञान केंद्र झाल बेमेतरा में ज़िले के तक़रीबन 1500 किसान वर्चुअल कार्यक्रम के ज़रिए जुड़े। सरकार किसानों के कल्याण और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम किसान योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक स्थिरता प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपने कृषि कार्यों को बिना किसी वित्तीय दबाव के सुचारू रूप से चला सकें। सरकार अन्य कृषि सुधारों और योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय को दोगुना करने के लक्ष्य पर भी काम कर रही है। केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर किसानों के हित में काम कर रही हैं और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें समर्थन प्रदान कर रही हैं। कृषि विज्ञान केंद्र झाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप साजा विधायक ईश्वर साहू सम्मिलित हुये । विधायक ईश्वर साहू ने अपने उद्बोधन में जिले के किसानों को केन्द्र सरकार के सभी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया एवं जानकारी दी कि भारत सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी सहित पंचायत अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू, जिला पंचायत सभापति गोवेन्द्र पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, भूतपूर्व विधायक अवधेश चंदेल, सरपंच झाल पिंकी वर्मा, पार्षद नीतू कोठारी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि ओम प्रकाश जोशी उपस्थित रहे। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कृषि विज्ञान केंद्र झाल बेमेतरा कार्यक्रम में किसानों को बधाई और शुभकामनाये देते हुये उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने का सलाह दिया। उन्होंने कहा कि पीएम किसान योजना के अंतर्गत दी जा रही यह 1।वीं किस्त निश्चित रूप से किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा बनेगी और उन्हें अपने कृषि कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद करेगी। इस योजना का लाभ उठाने वाले किसानों ने सरकार का धन्यवाद करते हुए इस पहल की सराहना की है।

# सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर वाहन की चोरी, सूचना मिलते ही पूंजीपथरा पुलिस ने नाकेबंदी कर चंद घंटो में वाहन चोर को पकड़ा

## जंगल में छिपा कर रखे ट्रेलर वाहन को पुलिस ने किया बरामद, आरोपी को भेजा जेल

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





शाम थाना पूंजीपथरा में ट्रेलर वाहन सीजी 13 ए.एस. 9155 के ड्राइवर अनुज कुमार यादव उम्र 24 साल निवासी पटसरा थाना छतरपुर जिला पलामू झारखंड लिखित आवेदन देकर ट्रेलर वाहन चोरी के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया। ट्रेलर वाहन का चालक बताया कि पिछले 2 महीने से रायगढ़ में आकर अनूप रोड केरियर में ड्राइविंग का काम करता है, ट्रांसपोर्ट की ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 ए एस 9155 को चला रहा है। 17 जून को दोपहर डोंगामहुआ पावर प्लांट में कोयला खाली कर सुबह करीब 8 बजे ट्रेलर को सर्विसिंग कराने ओम मोटर गेरवानी लेकर आ रहा था। दोपहर करीब 12 बजे सिंघल गेट तराईमाल के पास ट्रेलर को सड़क किनारे खड़ी कर वाहन की चाबी गाड़ी में ही छोड़कर दिशा मैदान के लिए गया था। 20-25 मिनट बाद आकर देखा तो ट्रेलर नहीं थी कोई अज्ञात चोर वाहन चोरी कर ले गया था। ट्रेलर वाहन के डिक्की में रखे ड्राइवर का आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और नगदी रकम 13,000 रुपए भी अज्ञात चोर ट्रेलर वाहन समेत चोरी कर ले गया था। चोरी के आवेदन पर थाना पूंजीपथरा में अज्ञात आरोपी पर धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। समय रहते वाहन चोरी की सूचना मिलते ही नवपदस्थ थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा तत्काल माल मुलाजिम की पतासाजी के लिए पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना देकर सभी थाना क्षेत्र में नाकेबंदी कर चोरी ट्रेलर वाहन की पतासाजी का पॉइंट दिया गया और अपने स्टाफ व ट्रक ड्राइवर को साथ लेकर घटनास्थल जाकर आसपास के लोगों से पूछताछ कर सीसीटीवी चेक किये और मुखबीरों को सक्रिय किया गया। वाहन पतासाजी करते हुए संदेही कुलदीप सिंह को हिरासत में लिया गया।

कुलदीप सिंह पूर्व में प्लांट ड्रायवरी का काम करता था, कुछ दिनों से खाली था जिसे वाहन के पास मंडराते देखा गया था। संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने वाहन चोरी कर सराईपाली जंगल में छिपा कर रखना बताया। आरोपी कुलदीप सिंह पिता स्वर्गीय लोटन सिंह उम्र 30 साल निवासी बेलझरिया थाना मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही (छत्तीसगढ़) के मेमोरेंडम पर चोरी ट्रेलर वाहन सीजी 13 एएस 9155 कीमती 60 लाख रुपए तथा नगदी रकम 2,650 रुपए बजाफ्ता शुमार जप्त किया गया है। पूंजीपथरा पुलिस की तत्परता से वाहन चोरी के आरोपी को चंद घंटे में मय माल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए सीईओ ने रखी मीटिंग

## कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए तैयारियां पूरी करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



जिले के बम्हनीडीह ब्लॉक मुख्यालय में हर साल की तरह इस साल भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को धूमधाम से मनाया जाएगा वहीं इस संबंध में जांजगीर चांपा कलेक्टर आकाश छिकारा ने सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर अधिकारियों को योग दिवस को सफल बनाने के साथ-साथ योग दिवस से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिए है अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जनपद पंचायत बम्हनीडीह मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुबेर सिंह उरैती द्वारा मीटिंग रखी गई जिसमे सेजेस प्राचार्य बजरंग श्रीवास , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीएमओ अजंबर सिंह सिसोदिया एवं बीजेपी सक्ति जिला मंत्री चेतन महंत सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे कुबेर सिंह उरैती ने बताया कि 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के खेल मैदान में 21 जून को प्रातः 7 बजे से होगा, जिसमे आमजन के साथ-साथ ब्लॉक मुख्यालय के ग्रामीण एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी भाग लेकर योग करेंगे।

### योग प्रशिक्षक द्वारा करवाई जाएंगी विभिन्न योग आसन

योग प्रशिक्षक तुलसी जायसवाल द्वारा बताया गया की योगार्थियों को ग्रीवा चालन, स्कंध चालन एवं कटि चालन के योग अभ्यास करवाते हुए खड़े होकर किए जाने वाले ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, त्रिकोणासन आदि आसनों का अभ्यास करवाया जायेगा वही योग प्रशिक्षिका बरखा वैष्णव ने बताया की बैठकर किए जाने वाले आसन भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, मंडूकासन एवं अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति आदि प्राणायाम भी करवाया जायेगा और साथ ही उन्होंने बताया की संतुलित एवं युक्ति पूर्वक आहार विहार के साथ योग क्रियाओं के अभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है।

# पुलिस ने 1107 लोगों के विरुद्ध 185 एम वी एक्ट के तहत कार्यवाही की

■ यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए कोरबा पुलिस के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बढ़ते यातायात दुर्घटनाओं को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी को विशेष अभियान चलाकर ज़िले के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया जा रहा है और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत आज दिनांक तक ज़िले में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करते हुए कुल 1107 लोगों के विरुद्ध 185 एम वी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में पूरे साल का आँकड़ा 529 था और वर्ष 2023 में मात्र 265। अतः इस वर्ष मात्र 5 1/2 माह में ही पिछले वर्षों की तुलना में क्रमशः 200त्न और 400त्न अधिक कार्यवाही कर ली गई है। शराब पीकर वाहन चलाने वालो को न्यायलय प्रस्तुत कर प्रत्येक प्रकरण में 10000 सम्मन शुल्क जमा कराया गया है। जिससे अभी तक 1,10,70,000/- रुपए शुल्क जमा कराया गया है। शेष में कार्यवाही लंबित है। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर पेट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से पूरे कोरबा जिले के सभी थाना क्षेत्र में कार्यवाही किया गया, लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन, पिकअप ट्रक एवं ट्रेलर को चेक किया गया और उन्हें शराब पीकर वाहन न चलाएं और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया।

# लायन राजेश बने जोन चेयर पर्सन

## लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-सी की नवीन कार्यकारिणी गठित

पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com





अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल की नवीन कार्यकारिणी का पिछले दिनों गठन किया गया जिसमें लायंस क्लब चांपा के पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश अग्रवाल का समावेश करते हुए उन्हें सत्र 2024-25 के लिए लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 - सी के अंतर्गत जोन चेयर पर्सन मनोनीत किया गया है। ज्ञात हो कि लायन राजेश अग्रवाल लायंस क्लब चांपा में सत्र 2017-18 में कोषाध्यक्ष तथा सत्र 2018-19 में सचिव के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके है। इसके पश्चात उन्होंने सत्र 2019-20 से लगातार चार वर्षो तक सत्र 2022-23 के दौरान क्लब के अध्यक्ष के रूप में अपनी कार्य क्षमता को प्रदर्शित किया है। वे सत्र 2023-24 के दौरान लायंस क्लब में रीजन जीएमटी कोआर्डिनेटर के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके है। लायंस क्लब चांपा के माध्यम से विभिन्न सेवा भावी गतिविधियों में अपना सराहनीय योगदान प्रदान करने वाले लायन राजेश अग्रवाल को सत्र 2024-25 के लिए जोन चेयर पर्सन मनोनीत किये जाने पर क्लब के सदस्यों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रदान की है।

### केन्द्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने सिकल सेल जेनेटिक कार्ड बांटे

**बिलासपुर।** केन्द्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने आज विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर नगर पंचायत कोटा में सिकल सेल जेनेटिक कार्ड हितग्राहियों को बांटे। उन्होंने इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सिकलसेल रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार सिकलसेल दिवस मनाया जा रहा है। साहू ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सिकल सेल की जाँच और परीक्षण आवश्यक रूप से कराना चाहिए और इसकी रोकथाम के लिए सभी को जागरूक होना आवश्यक है। विवाह के पूर्व सभी महिला और पुरुष को सिकलसेल की जाँच करानी चाहिए। राज्य सरकार सिकल सेल एनीमिया को छत्तीसगढ़ से पूरी तरह खत्म करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह संकल्प है कि प्रदेश को स्वस्थ और विकसित प्रदेश बनाना है।

# शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सहित अन्य विषयों पर लंबी चर्चा

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



अभिभाजित जांजगीर-चांपा जिले के समय से शक्ति में पत्रकारों के सबसे सशक्त संगठन जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति ने पुलिस थाना शक्ति के नवपदस्थ नगर निरीक्षक बृजेश कुमार तिवारी से सौजन्य मुलाकात की, इस दौरान शक्ति प्रेस क्लब शक्ति की ओर से नवपदस्थ टीआई साहब का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया गया, साथ ही इस दौरान जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के उपस्थित पदाधिकारी सदस्यों ने टीआई साहब से शहर में विगत वर्ष लगाए गए ट्रैफिक व्यवस्था की सिग्नल लाइटों को नियमित रूप से चालू करने तथा उसे यातायात नियमों के तहत प्रक्रिया के अंतर्गत ट्रैफिक सिग्नल ऑपरेट करने का आग्रह किया तथा इस दौरान शक्ति थाने के टी बृजेश कुमार तिवारी ने कहा कि सभी नागरिक बंधु अपने घरों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए तथा सीसीटीवी कैमरे लगाने से जहां किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी हासिल करने में सुविधा होती हैं, तथा पुलिस प्रशासन को भी सहयोग मिलता है, तो वहीं मीडिया के साथी भी अधिक से अधिक अपने मीडिया संस्थानों के माध्यम से इन बातों को लोगों तक पहुंचाएं एवं जागरूक करें, वहीं जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति ने शहर के अन्य जनहित के विषयों पर भी टीआई साहब से चर्चा की।

# खनिज अमले द्वारा अवैध रेत उत्खनन स्थल का किया गया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला खनिज अधिकारी और उनकी टीम द्वारा जिले में अवैध रेत उत्खनन स्थल का मौका निरीक्षण विगत दिवस किया गया। खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार मौके पर अवैध उत्खनन् क्षेत्र ग्राम अचरितपाली, डोगिंया व चिखलरौंदा के बोराई नदी एवं ग्राम मिरौनी के महानदी का स्थल निरीक्षण किया गया। जिसमें किसी प्रकार का जेसीबी मशीन एवं चैन माउण्टेन के द्वारा रेत उत्खनन् करते नहीं पाया गया। ग्राम चिखलरौंदा में 2-3 ट्रेक्टर नदी स्थल पर देखा गया परंतु मौके पर वाहन चालक नहीं पाया गया,प्राप्त जानकारी अनुसार खनिज विभाग उड़नदस्ता के द्वारा जिले में निरंतर अभियान चलाया जाकर खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन की रोकथाम हेतु कार्यवाही करते हुए विगत 14 जून को ग्राम डोटमा में 06 ट्रेक्टर में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते हुये पाये जाने पर जब्त किया जाकर थाना हसौद की सुपुर्दगी में रखा गया है। उक्त प्रकरणों के संबंध मे छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत् नियमानुसार कार्यवाही किया गया। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज अमलो के द्वारा सजगतापूर्वक निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही किया जा रहा है।

# गुणवत्ताहीन कार्यों और काम में लापरवाही पर 5 अधिकारी तत्काल प्रभाव से निलंबित

■ मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित 3 उप अभियंताओं और लेखापाल का निलंबन

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने गुणवत्ताहीन कार्यों और काम में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के घरघोड़ा नगर पंचायत में निर्माण कार्यों एवं दायित्व निर्वहन में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों के लिए नगर पंचायत के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित पांच अधिकारियों के निलंबन का आदेश मंत्रालय से जारी किया गया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने, विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का भुगतान करने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि का सत्यापन किए बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित व संपादित कराने के लिए प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुमित मेहता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, निर्माण कार्यों का माप-पुस्तिका में इंद्राज नहीं करने तथा गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का संपादन कराकर भुगतान की अनुशंसा करने के लिए तत्कालीन उप अभियंता निखिल जोशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्यों का माप-पुस्तिका में इंद्राज नहीं करने, निर्माण के दौरान परीक्षण हेतु क्युब नहीं लेने, निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने तथा गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का संपादन कराकर भुगतान करने की अनुशंसा के लिए तत्कालीन उप अभियंता प्रदीप पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में पूर्व में निर्मित सड़क की स्थिति संतोषप्रद होने के बावजूद नवीन सड़क हेतु मिट्टी खुदाई, जी.एस.बी., बेस कार्य आदि का औचित्यहीन अवयव सम्मिलित कर प्राक्कलन तैयार कर राशि मांग किए जाने, अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम अधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि का सत्यापन किए बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित व संपादित कराने के लिए तत्कालीन उप अभियंता अजय प्रधान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

# जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व सिकलसेल दिवस

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

वश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल के सभाकक्ष में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वास्थ्य विभाग और आदिवासी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीएमएचओ डॉ. प्रभात वास्तव, सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त सीएल जायसवाल, डीपीएम प्यूली मजूमदार सहित जिला अस्पताल के डॉक्टर्स, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस अवसर पर कमिश्नर अमित कुमार ने स्क्रीनिंग किए गए हितग्राहियों को सिकलसेल कार्ड और दवाईयों का वितरण किया। इस कार्ड से उन्हे सिकलसेल रोग का समुचित इलाज और विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने सिकलसेल रोग के लक्षण बताएं और लक्षण होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच कराने का आग्रह किया। कमिश्नर ने इस संबंध में अधिक से अधिक प्रचार करने की बात कही, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगो को इस बीमारी के लक्षणों के बारे में पता हो। सिविल सर्जन डॉ. गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष अब तक 2 हजार से ज्यादा लोगो की स्क्रीनिंग की गई जिसमें से लगभग 174 लोग संक्रमित पाए गए है, उनका इलाज किया जा रहा है। वर्ष 2022-23 में 8 हजार 5 सौ 31 लोगो की स्क्रीनिंग की गई। वर्ष 2023-24 में 7 हजार 3 सौ 70 लोगो की स्क्रीनिंग की गई। इसके साथ ही जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में भी विश्व सिकलसेल दिवस मनाया गया जिसमें सिकलसेल की जांच कर जरूरतमंदो को कार्ड का वितरण किया गया। इस बीमारी के संबंध में लोगो को जागरूक भी किया गया।

**क्या है सिकलसेल रोग-** हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य करता है, लेकिन सिकलसेल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्त कड़ हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते है ये रक्त कड़ शरीर की छोटी रक्त वाहिनी में फंस कर कई अंगो के रक्त प्रभाव को बाधित कर देते है।

**सिकल सेल रोग के लक्षण-** सिकलसेल रोग में भूख न लगना, खून की कमी से एनीमिया, हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार एवं थकावट, त्वचा एवं आंखो में पीलापन, बार-बार पेशाब आना, चिड़चिड़ापन, हाथ पैर में सूजन, सांस लेने मे तकलीफ, हड्डी एवं पसलियों में दर्द जैसे लक्षण शामिल है। यदि उक्त लक्षण है तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में निशुल्क जांच कराएं।

**परामर्श-**पानी अधिक मात्रा में पिये, दैनिक आहार की आदतों में संशोधन करे, शांतचित रहे एवं आराम करे, अत्यधिक तापमान से बचे, संक्रमण से बचे, नियमित जांच कराएं, नियमित योग करे, विवाह पूर्व सभी को सिकलसेल जांच अनिवार्य रूप से कराना चाहिए। अधिक मात्रा में फाइबर एवं रेशेदार आहार ले, तेल एंव वसा युक्त खाद्य पदार्थो से परहेज करे। अधिक प्रोटीन वाले आहार ले एवं एंटीऑक्सीडेंट युक्त आहार चुने।

## अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, शासकीय बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्ता शामिल

# नेशनल लोक अदालत के लिए बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com




आगामी 13 जुलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला, पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा शासकीय बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्तागणों की बैठक ली गई। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के द्वारा सभी उपस्थित बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्तागणों को चर्चा के दौरान निर्देशित दिया गया कि अधिक से अधिक चिन्हांकित प्रकरण जिसमें राजीनामा होने की संभावना हो उसकी सूची शीघ्र प्रदाय किया जाए। सभी प्रकरणों में प्रस्ताव आवश्यक रूप से प्रस्तुत किया जाए। उक्त बैठक में खगेश कुमार साहू, शाखा प्रबंधक यूनाईटेड इंडिया कंपनी कोरबा, के.सी. सुनील कुमार ओरियण्टल इंश्योरेन्स कंपनी, प्रताप केरकेट्टा न्यू इंडिया इश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड, बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. राठौर, एस.के. मोदी, अरूण बजाज, सुमन तिवारी, अधिवक्ता महेन्द्र अग्रवाल, सुनील यादव, सी.बी. राठौर, हरीश चन्द्र साहू एवं राजकुमार यादव उपस्थित हुये। न्यायिक अधिकारियों की बैठक जिला न्यायालय कोरबा के विडियों कॉन्फ्रेसिंग कक्ष में रखा गया। जिसमें बाह्य न्यायालय कटघोरा, करतला एवं पाली के न्यायिक अधिकारी विडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उन्हें जोड़ा गया। सभी न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक राजीनामा योग्य समस्त प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखे जाने, प्रत्येक प्रकरणों में नोटिस/समंस जारी किये जाने एवं प्रत्येक प्रकरणों में यथासंभव प्रीसिटिंग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोरबा, गरिमा शर्मा, अश्वनी चर्तुवेदी, ज्योति अग्रवाल, कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा प्रताप चन्द्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी प्रतिक्षा अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-दो मंजीत जांगड़े, एवं ऋचा यादव आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी ने जब्त किया लाखों का कबाड़

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



थाना सिविल लाईन रामपुर की पेट्रालिंग पार्टी ने अवैध रूप से लाखों रूपयों का कबाड़ ले जा रहे 6 चक्का वाहन को जब्त किया है। जब्त कबाड़ में रेल्वे का लोहे का सामान रखा होना पाया गया है। बता दें कि दिनांक 3 जून को टाउन पेट्रोलिंग निकली पुलिस पार्टी को रिस्दी चौक कोरबा में मुखबिर से सूचना मिली कि न्यू गोल्डन ब्राउन कलर 6 कच्चा आईचर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजे 7229 के चालक गुलशन कुमार महोबे के द्वारा अपने वाहन में अवैध रूप से लोहे का कबाड़ परिवहन कर ले जाने वाला है। सूचना पर पेट्रोलिंग पार्टी ने जैन पब्लिक स्कूल के पास गोढी रोड कोरबा में दबिश दी और जांच की तो देखा कि उक्त वाहन में 10 टन लोहे का कबाड़ कीमत करीबन 3,70,000 रूपये भरा हुआ था। वाहन चालक से उक्त लोहे के कबाड़ के संबंध में पुछताछ की गई तो उसने किसी प्रकार का दस्तावेज होने से इंकार कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने ट्रक सहित कबाड़ को धारा 102 सीआरपीसी के तहत जप्त कर लिया। उक्त जप्त शुदा वाहन क्रमांक आईचर वाहन में लोहे के कबाड में रेल्वे का लोहे का सामान रखा होना पाया गया है। कबाड़ में रेल्वे का 02 नग फिस प्लेट मय 04 नग नट बोल्ट सहित 01 हिल ब्लाक क्लोसिग एवं 11 नग रेल स्क्रू होना पाया गया है। प्रकरण को बिलासपुर रेल्वे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# जल शक्ति अभियान कैच द रेन अंतर्गत जल संबंधी हेतु समूह की महिलाएं जलवाहिनी बन रैली के माध्यम से लाएंगी जागरूकता



## स्कूली बच्चे जल दूत बन बनेंगे अभियान का हिस्सा

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में जल शक्ति अभियान कैच द रेन-2024 नारी शक्ति से जल शक्ति थीम के साथ 9 मार्च 2024 से 30 नवंबर 2024 तक लागू किया जाएगा। जिसमें जल संरक्षण के क्षेत्र में महिलाओं द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया जाएगा। जिले में जल शक्ति अभियान अंतर्गत रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर जोर दिया जा रहा है। मंगलवार को हुई समीक्षा बैठक में भी कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने शासकीय कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जैसा कि आप सभी जानते हैं, 2019 में शुरू किया गया जल शक्ति अभियान देश के जल सुरक्षित भविष्य के लिए समुदायों को जल संरक्षण में भाग लेने के लिए एक आह्वान था। बालोद जिले में जल शक्ति अभियान लागू कर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को पेयजल के लिए स्त्रोत स्थिरता थीम के साथ शामिल किया गया हैं। चालू वर्ष के अभियान में केंद्रित हस्तक्षेप पिछले वर्षों के हस्तक्षेपों को शामिल करते हैं, अर्थात जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन, सभी जल निकायों की गणना, जियो-टैगिंग और सूची बनाना और इसके आधार पर जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजनाएँ तैयार करना, जिले में जल शक्ति केंद्रों की स्थापना, गहन वनीकरण और जागरूकता पैदा करना।

### शेष 214 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का किया जा रहा कार्य

नगर पालिका सीएमओ सौरभ शर्मा ने बताया कि पालिका क्षेत्र अंतर्गत 2011 से अब तक कुल 665 निजी आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु एफडीआर जमा करवाया गया था, जिनमे 451 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पूरा हो चुका है। बाकी शेष है, जिसपर कार्य किया जा रहा है। सीएमओ ने बताया कि जल शक्ति अभियान अंतर्गत जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण, महिलाओं की रैली निकाली जाएगी। जिन लोगों ने अपने आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नही बनाया है, जिनके 15-15 हजार जमा है उसपर कार्य किया जा रहा है। जो पुराने कुएं है, उसको संरक्षित किया जाएगा, जो विरासती कुएं है, जैसे एक अंडरब्रीज के पास कुएं को चिन्हांकित किया गया है। कुओं की पहचान कर उसका संरक्षण करना हैं, उसमे जाली लगानी हैं। तालाबो की सफाई करवाई जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि आगे निर्देशानुसार कार्य किये जायेंगे। हैंडपंपो की जियो टैग के साथ सूची तैयार कर लेंगे। और ये अभियान लगातार चलेगा।

### छोटी नदियों के कायाकल्प पर जोर

इसके अतिरिक्त यह अभियान जल निकायों की गाद निकालने और सफाई करने, छोड़े गए बोर वेलों को पुनर्जीवित करने, जल ग्रहण क्षेत्रों में गहन वनीकरण और छोटी नदियों के कायाकल्प पर जोर देता है। इसमें कहा गया है कि 2019 से जल शक्ति अभियान में महत्वपूर्ण भागीदारी देखी गई है। अभियान के तहत बालोद जिले में अभियान के अंतर्गत सोख्ता गड्ढा निर्माण, प्लांटेशन, जनजागरूकता, तालाबो और कुओं का संरक्षण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने ऐसे कई जल सम्बन्धी कार्य किये जा रहा है। गुरुर ब्लॉक में तो युद्ध स्तर में घर घर सोख्ता गड्ढा निर्माण किया जा रहा है। जिसमें जिले के अधिकारी श्रमदान भी कर रहे है। अभी कुछ दिनों पहले जिला पंचायत सीईओ ने श्रमदान किया था। जिला मुख्यालय में एक जल शक्ति केंद्र भी स्थापित है। वही जिले के सभी निकाय के सीएमओ को जल संरक्षण योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जल संरक्षण पर जागरूकता फैलाना ही उद्देश्य

जल शक्ति अभियान के पांचवें संस्करण को चिह्नित करने वाला यह कार्य म 'नारी शक्ति से जल शक्ति' विषय पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया था। एक सरकारी बयान के अनुसार, अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल निकायों की जियो-टैगिंग, जल शक्ति केंद्रों की स्थापना, गहन वनीकरण और जागरूकता पैदा करना है।

सोख्ता गड्ढा बनवाया जा रहा हैं, प्लांटेशन का कार्य हो रहा है, महिला स्व सहायता समूहों को जलवाहिनी के रूप में जनजागरूकता के लिए रैली निकाली जाएगी, अभी नए निर्देश में स्कूली बच्चे भी इस अभियान का हिस्सा बन जल दूत बनेंगे। जितने भी शासकीय से संस्थान, छात्रावास, आश्रम, सहित सभी शासकीय कार्यालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाना है, नगरीय निकाय क्षेत्रो में वाटर बॉडी और नालियों की साफ सफाई करवाना हैं।

**डॉ. संजय कन्नौजे, सीईओ, जिला पंचायत**

# आयुक्त ने सुभाष नगर नाला सफाई का निरीक्षण किया

## बारिश पश्चात सफाई में नाले से लगभग 3 डम्पर कचरा बाहर निकला





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी शहर रायपुर में विगत दिवस देर रात्रि हुई तेज बारिश के बाद नगर निगम स्वास्थ्य विभाग एवं जोनो के स्वास्थ्य विभाग की टीमो ने विभिन्न नालो, नालियों की अभियानपूर्वक सफाई करवायी एवं गंदे पानी के निकास को सुगम बनाने का कार्य करवाया । पहली बारिश के दौरान जलभराव की बड़ी समस्या शहर में सामने नहीं आयी । नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बारिष पष्चात जोन 2 स्वास्थ्य विभाग द्वारा जेसीबी मशीन से करवायी गयी सुभाष नगर नाला की सफाई के अभियान का प्रत्यक्ष निरीक्षण जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की उपस्थिति में किया। सुभाष नगर नाला की बारिश पश्चात सफाई में जेसीबी मषीन से लगभग 3 डम्पर कचरा बाहर निकला। आयुक्त ने जोन कमिश्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को मानसून के दौरान नालो, नालियों की सफाई सतर्कता बरतते हुए निरंतर मॉनिटरिंग कर करवाने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने मानसून की पहली बारिश के पूर्व नगर निगम मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग एवं सभी जोनो के स्वास्थ्य विभाग की टीमो द्वारा करवायी गयी नालो, नालियों की सफाई के अभियान पर संतोष व्यक्त किया है एवं इसी प्रकार पूरे मानसून के दौरान नाले, नालियों की अच्छी तरह सफाई मॉनिटरिंग कर करवाने निर्देशित किया है। नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की टीम जोन के तहत ठाकुर प्यारे लाल सिंह वार्ड क्रमांक 40 के क्षेत्र में पहुंची एवं जेसीबी मशीन से इमामबाड़ा के पास आमापारा निगम कालोनी में सारथी चैक के समीप नाली के ऊपर लंबे पटाव को तोडते हुए सफाई की बाधा दूर कर सफाई करवाकर गंदे पानी की निकासी का सुगम प्रबंधन करवाया। नगर निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त राजेन्द्र गुप्ता के निर्देषानुसार जोन 6 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जोन के तहत वार्ड क्रमांक 59 एवं 62 में बारिष के दौरान जाम होने की नाले की समस्या को स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी संजीव शर्मा की उपस्थिति में सफाई करवाकर दूर करवाया एवं गंदे पानी की सुगम निकासी का प्रबंधन सुनिश्चित किया।

# आपातस्थितियां और आपदाएं बोल कर नहीं आती : डॉ पंकज



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोलंबिया कॉलेज ऑफ़नर्सिंग में एक दिवसीय इमरजेंसी रिस्पांस ट्रेनिंग पर कार्यशाल का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति का किस प्रकार सामना किया जाए पर जनसाधारण को जागरूक करना था। इस कार्यशाला को झारखंड के रांची स्थित इ एम् आर आई , ग्रीन हेल्थ सर्विसेज सीनियर क्लीनिकल एजुकेटर डॉ पंकज एवं मेडिकल तकनीशियन आकाश महतो ने सम्पादित किया। डॉ पंकज ने इस अवसर पर बतलाया कि आपातस्थितियाँ और आपदाएँ, चाहे बड़ी हों या छोटी, कहीं भी हो सकती हैं। काम और व्यवसाय के स्थान आपदाओं की घटना से अछूते नहीं हैं, जिसके परिणामस्वरूप लोगों को चोट लग सकती है या यहाँ तक कि उनकी मृत्यु भी हो सकती है। कर्मचारियों को सही प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है ताकि सबसे खराब स्थिति में वे ठीक से तैयार रहें। कार्यस्थल पर आपातकालीन स्थिति या आपदा के समय कर्मचारियों को क्या करना है, यह सिखाने के अलावा, पेशेवर आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रशिक्षक प्रतिभागियों को जीवन-रक्षक कौशल और ज्ञान भी प्रदान करते हैं, जिसका उपयोग वे खतरे में पड़े लोगों (कार्यालय के अंदर और बाहर) की मदद करने के लिए कर सकते हैं। आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रशिक्षण में, कर्मचारियों को सिखाया जाता है कि विभिन्न आपातकालीन भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को कैसे साझा किया जाए। उदाहरण के लिए, किसी विशिष्ट कर्मचारी को कार्यस्थल पर किसी के घायल होने या बीमार पड़ने की स्थिति में प्राथमिक उपचार करने की भूमिका दी जा सकती है। इस कार्यशाला में कोलंबिया संस्थान के सचिव हरजीत सिंह हुरा, कोषाध्यक्ष रविंदर सिंह हुरा, संकायों के प्राचार्य, समस्त संकायों के फैकल्टी मेंबर्स एवं कोलंबिया कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग, कोलंबिया कॉलेज ऑफ़फार्मेसी विद्यार्थीगण बढ़ी संख्या में उपस्थित थे।

# डिज़्नीलैंड मेला में ले रहे हैं बच्चे समर हॉलिडेज के मजे

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रावनभाटा मैदान, अतर्राज्यीय बस स्टैंड के पास, भाटागॉव में आयोजित डिज़्नीलैंड मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों और बड़ों के लिए एक साथ एक अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान करना है। यह मेला अपने विविध आकर्षक झूलों के लिए जाना जाता है, जहां बच्चे ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का पूरा पूरा मज़ा ले रहे हैं, वहीं बड़े अपनी दिनचर्या से कुछ पल चुरा कर एन्जॉय कर सकते हैं। ज्ञात हो कि इस मेले में 80 फीट के टनलनुमा एक्वेरियम में 45 प्रजाति की 15000 से ज़्यादा रंग-बिरंगी मछलियां हैं. छः हज़ार वर्गफीट में तैयार इस एक्वेरियम में 25 छोटे एक्वेरियम भी हैं जिसमें अलग अलग तरह की मछलियां रखी गयी हैं. यहाँ 4 टनल बने है जिसमे से गुजरने पर कई तरह की मछलियां दिखती हैं, जिसमे प्रमुख है विण्डो, ज़ेबरा, शॉर्क, पिरान्हा, ऑस्कर, येरापोमा, एलीगेटर गार, पुली वागा, गोरामी, शकरा, टिनफ़ोइल, एंजेल, कोईकॉर्प आदि. इसके अलावा इसमें बच्चों के फन जोन का विशेष ध्यान रखा गया है. मेले में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले आकर्षण का केंद्र है. इस बार झूलो में दो नए आइटम्स- सुनामी और जायन्ट फ्रिस्बी जोड़े गए हैं। इस आयोजन में क्राफ़्ट बाजार का एक अलग ही सेक्शन है जहां देश भर के बुनकरों के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाईफ स्टाईल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला किफायती दरों में उपलब्ध हैं. एक्सपो में इनके कई स्टाल लगे हुए है जिसमे मुख्य आकर्षण के रूप में कश्मीरी साड़ी, कोलकाता साड़ी, कोसा सिल्क, बम्बू सिल्क, बनारसी सिल्क, भागलपुरी लिनेन साड़ी, चंदेरी सिल्क, लखनवी चिकन, डेनिम कुर्ती, बाटिक प्रिंट, जयपुरी वन पीस, पंजाबी फुलकारी, खादी शर्ट, मोदी जैकेट, अफगानी सुट, झांसी बेडशीट, केकडा बेडशीट, जयपुरी बेडशीट, फैंसी ज्वेलरी, स्टोन ज्वेलरी, राजस्थानी एंटीक ज्वेलरी, फिरोजाबाद के कलरफुल बैंगल्स ही नही बल्कि कपड़ों में टी-शर्ट, लोअर, वूलन लेडिज जैकेट व फुटवियर में पटियाला जूती, राजस्थानी जूती, बॉम्बे सैंडल तथा हैण्डलूम में बेहतरीन कार्पेट, वुडन पेंटिंग, सारंगपुरी फर्नीचर, बेड व सोफा कवर, राजस्थानी बैग, पश्मिना शॉल, कश्मीरी कुर्ती के अलावा कॉस्मेटिक, होम एप्लायंसेस की विशाल रेंज रखी गई है। उन्होंने आगे बताया कि डिज़्नीलैंड मेला राजधानीवासियों को काफी पसंद आता है।

# एक्शन स्पेक्टेकल 'किल' का पहला गाना 'कावा कावा' अब रिलीज़: पॉप के फ्यूजन के साथ एक शानदार पंजाबी गाना

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




पिछले साल प्रतिष्ठित टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपने शानदार प्रीमियर के बाद, लक्ष्य, राघव जुयाल, आशीष विद्यार्थी, हर्ष छाया और तान्या मानिकतला अभिनीत बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर 'किल' ने हाल ही में अपना आधिकारिक ट्रेलर जारी किया और इसे व्यापक प्रशंसा मिली। उत्साह को और बढ़ाते हुए, फिल्म का पहला गाना 'कावा कावा' अब आधिकारिक रूप से रिलीज़ कर दिया गया है। शाश्वत सचदेव द्वारा रचित और लिखित, इस शानदार पंजाबी गाने में सुधीर यदुवंशी, संज वी और शाश्वत सचदेव ने अपनी आवाज़ दी है। पॉप के फ्यूजन के साथ पंजाबी संगीत का जश्न मनाते हुए, 'कावा कावा' में नवोदित लक्ष्य ने एक गहन लड़ाई वाले सीक्वेंस में दमदार अभिनय किया है। यह गाना सेना के कमांडो अमृत (लक्ष्य) की कहानी है, जो अपने सच्चे प्यार तूलिका (तान्या मानिकतला) के लिए नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन में समय के खिलाफ दौड़ लगाता है। जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती है, उसे अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। 'कावा कावा' अपनी जोशीली बीट्स और लिरिक्स के साथ एकदम सही टोन सेट करता है, जैसे, तेरे लेई लड़ जाना जग सारा, तेरे लेई हर सितम नू, हर जुल्म सीने पे लेजावां। गाने के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, निर्माता गुनीत मोंगा कपूर ने कहा, किल जैसी फिल्म, जिसमें इतनी ऊर्जा और भावना है, उसके लिए एक ऐसे गाने की जरूरत थी।

# विश्व सिकल सेल दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ➤ बसना
www.dailypioneer.com

विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो हर साल करीब 3 लाख से अधिक बच्चे हीमोग्लोबिन रोग के गंभीर रूपों के साथ पैदा होते हैं, जिसमें थैलेसीमिया और सिकल सेल बीमारी शामिल है। सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक विकार है जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं हंसिया के आकार में परिवर्तित हो जाती हैं। जिससे स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है और रक्त प्रवाह अवरुद्ध हो सकता है। हर साल दुनियाभर में 19 जून को अंतर्राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस मनाया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर विश्व सिकल सेल दिवस पर छत्तीसगढ़ में सिकल सेल जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित सिकल सेल जागरूकता शिविर कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल शामिल हुए। उपस्थित जनों ने उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को कार्ड वितरण करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन सिकल सेल रोग, इसके उपचार के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने तथा विश्व भर में इस रोग पर प्रभावी नियंत्रण प्राप्त करने में सार्थक भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ नारायण साहू बीएमओ, डॉ दयानंद होता पीजीएमओ, डॉ संगीता पटेल डेंटिस्ट, डॉ डोलचंद नायक बीपीएम, पार्षद शीत गुप्ता, डेनियल पीटर, महेन्द्र सिंह अरोरा,स्वास्थ्य विभाग विधायक प्रतिनिधि भावेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल,राधेश्याम नायक,सिद्धार्थ नायक, खीरसागर चौहान, कृष नंदे, योगेन्द्र साहू, जयंत नायक सहित नगरवासी मौजूद थे।

# रायपुर के युवा ने बनाई धमाकेदार ईस्पोर्ट्स टीम

## इंडस इन्फर्नो में 2.5 लाख की जीत

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




टीमवर्क और कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए, रायपुर के रहने वाले इशाक विक्टर के नेतृत्व में टीम मोगर्स ने सुपरगेमिंग द्वारा आयोजित इंडस इन्फर्नो ईस्पोर्ट्स टूर्नामेंट में जीत हासिल की। टीम ने न केवल रु.2.5 लाख की विजेता राशि जीती बल्कि चैंपियन ट्रॉफी भी अपने नाम की। भारत के विभिन्न शहरों से आए खिलाड़ी इस टीम में शामिल थे और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रतिभा और समन्वय का प्रदर्शन किया। कप्तान इशाक विक्टर के साथ टीम में अहमदाबाद के सार्थक रामी, कानपुर के भौमिक जायसवाल और चंडीगढ़ के जसवंत रावत शामिल थे। उनके बेहतरीन खेल ने न केवल उनके शहरों को गौरवांवित किया बल्कि भारत में ईस्पोर्ट्स खेल में उनकी बढ़ती प्रतिभा को भी उजागर किया। विशेष रूप से, जसवंत रावत को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मोस्ट वैल्यूड प्लेयर का खिताब मिला और रु.25,000 का नकद पुरस्कार दिया गया। इशाक विक्टर, टीम मोगर्स के कप्तान ने कहा, यह जीत हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। ऐसे क्षण वास्तव में हमें हमारे एस्पोर्ट्स खिलाड़ी के रूप में हमारी क्षमता का एहसास कराते हैं। साथ ही, हमें अपनी कौशल दिखाने और एस्पोर्ट्स में उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका भी मिलता है। सुपरगेमिंग के सीईओ और सह-संस्थापक, रॉबी जॉन ने टूर्नामेंट की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, इंडस इन्फर्नो 2024 ने इंडस बैटल रॉयल के लिए भागीदारी और प्रतिस्पर्धा के स्तर, दोनों में ही हमारी उम्मीदों को पार कर लिया है। देश भर में ईस्पोर्ट्स के प्रति खिलाड़ियों का जुनून और समर्पण देखना हमारे लिए बेहद प्रेरणादायक रहा है। हम भारत में ईस्पोर्ट्स को एक मज़बूत मंच देने और एक वाइब्रेंट गेमिंग कल्चर को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हाल ही में, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के कार्यकारी बोर्ड ने 142वीं IOC सत्र में ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स के निर्माण का प्रस्ताव रखा। एंड्रॉइड के लिए गूगल प्ले स्टोर पर इंडस ने पहले ही एक करोड़ प्री-रजिस्ट्रेशन पार कर लिए हैं। अब पुणे स्थित गेम डेवलपमेंट फर्म अपने बैटल रॉयल गेम, इंडस को पूरे देश में लॉन्च के लिए तैयारी कर रही है। जो लोग इस गेम को खेलना चाहते हैं वे indusgame.com पर जा सकते हैं और क्लोज्ड बीटा के लिए साइन अप कर सकते हैं।

# प्रभारी सीएमओ सुमित मेहता सस्पेंड



**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में विकास कार्य को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पूरी तरह से अलर्ट है। विकास कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्रभारी सीएमओ सुमित मेहता को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही तीन इंजीनियर एवं एक लेखपाल भी शामिल है। नगरीय प्रशासन विभाग के इस कार्रवाई से पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा हुआ है।

# विश्व योग दिवस 2024 : विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल होंगे सारंगढ़ बिलाईगढ के मुख्य अतिथि

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई है। सारंगढ़ बिलाईगढ जिला मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तरीय सामुहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम सुबह 07:00 बजे से 08:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ जिला प्रभारी एवं



बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के लिए जिला के प्रमुख अधिकारियों को उनके विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई। बारिश के मौसम को देखते हुए वाटरप्रूफ मंच बनाने व बारिश की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था, पेयजल, मेडिकल, जनरेटर, विद्युत, पार्किंग, गद्दा जैसे व्यवस्था को सुनिश्चित करने विभागवार जिम्मेदारी तय की गई। जिसमें मुख्य रूप से मंच एवं साउंड सिस्टम लोक निर्माण विभाग, पेयजल एवं साफ -सफाई नगर पंचायत, स्वल्पाहार खाद्य विभाग, पानी पीएचई विभाग, योग प्रशिक्षण आयुष विभाग, शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभाग शामिल हैं।

# कबीर जयंती पर 22 जून मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी

**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में कबीर जयंती 22 जून 2024 शनिवार को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से कबीर जयंती 22 जून 2024 शनिवार को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। कबीर जयंती दिनांक 22 जून 2024 शनिवार को किसी भी दुकान में मांस बिक्री करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। कबीर जयंती दिनांक 22 जून 2024 शनिवार को नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस बिक्री पर छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रतिबन्ध आदेश का परिपालन सुनिश्चित करवाने अपने -अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों में सतत पर्यवेक्षण करेंगे।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक ओनिक्स में ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन की पेशकश की

**रायपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपने उत्पादों में नए-नए




प्रयोग करने की रणनीति को लगातार बरकरार रखते हुए, अपनी 5 स्टार सुरक्षित गाड़ियों में एक और अपग्रेड किया है। कंपनी ने कुशाक ओनिक्स एटी को लॉन्च किया है। स्कोडा के फैंस और उपभोक्ताओं को संतुष्टि तथा पैसा वसूल उत्पाद प्रदान करने के उद्देश्य के साथ ओनिक्स को 2023 की पहली तिमाही में मूल रूप से लॉन्च किया गया था। अब स्कोडा ऑटो इंडिया ने उपभोक्ताओं से मिले ताजा फीडबैक के आधार पर कुशाक ओनिक्स का अपग्रेडेड वर्जन लॉन्च किया है। इसमें ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन समेत कई नए फीचर्स हैं, जो इसे अपने सेगमेंट में सबसे किफायती ऑटोमैटिक एसयूवी बनाते हैं।


**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)**
**संक्षिप्त मैन्युअल निविदा सूचना कमांक-05**

ज्ञा.कं. 411 / व.ले.लि./ ग्रा.यां.से./2024-25 दुर्ग, दिनांक 14/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | Construction of badminton court at Govt. High school Fekari | 11.06 |
| 2 | Construction of toilet at Govt. primary School Achanakpur | 9.84 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में दिनांक 14/06/2024 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 28/06/2024 है।

जी- 242500372/3

कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)

# बीजेपी पार्षदों का विरोध बेअसर... विश्वकर्मा ने कहा; चर्चा के लिए संगठन से कोई निर्देश नहीं मिला, नेता प्रतिपक्ष सेफ

## किशुन यदु के खिलाफ पार्षदों के असंतोष पर सुनवाई का मामला लगभग खत्म

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ कुछ भाजपा पार्षदों के टकराव का मामला हवा हवाई साबित हो रहा है। कुछ दिनों पहले चर्चा थी कि संगठन ने नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रफुल्लविश्वकर्मा को पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया है। वे नाराज पार्षदों से बात करेंगेऔर रिपोर्ट संगठन को भेजी जाएगी। कुछ पार्षद तो नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु को हटाए जाने की बात कह रहे थे। लेकिन इसके उलट अब स्पष्ट हो गया है कि पार्षद दल की ऐसी कोई बैठक फिलहाल नहीं होने जा रही है जिसमें नेता प्रतिपक्ष को लेकर कोई निर्णय हो।

भाजपा के नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने खुद को पर्यवेक्षक बनाए जाने की कोई जानकारी न होने की बात कही। उन्होंने कहा, ऐसा कोई निर्देश पार्टी से नहीं मिला है। हां, चूंकि मैं प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक हूं तो कुछ मामले मेरे पास आते रहते हैं लेकिन राजनांदगांव में ऐसी कोई स्थिति नहीं है। लेकिन अगर निर्देश मिलेंगे तो पार्षदों से बात की जाएगी। इससे पहले भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने भी पार्षद दल से चर्चा के लिए पर्यवेक्षक के यहां आने की बात नकार दी थी। उन्होंने स्पष्ट तौर पर ऐसा कुछ न होने की बात कही थी। इस तरह नेता प्रतिपक्ष को हटाने की कुछ भाजपा पार्षदों की कवायद तो फिलहाल ठंडे बस्ते में जाती नज़र आ रही है। यह भी जानकारी आ रही है कि, कुछ बड़े नेताओं ने भी इस मामले में दखल दिया है। बताया जा रहा है कि, जिला अध्यक्ष और दूसरे वरिष्ठ नेताभी ऐसी किसी तरह की स्थिति नहीं चाहते थे। निकाय चुनाव सामने होने और इस बीच भाजपा पार्षद दल में उठापटक सही साबित नहीं होती। बहरहाल, भाजपा पार्षद दल में अंदरुनी गतिरोध के मामले का पटाक्षेप होता नजर आ रहा है। पूर्व में कुछ असंतुष्ट पार्षदों ने संगठन और आला नेताओं तक अपनी बात जरुरी पहुंचाई थी लेकिन शायद उन्हें इस प्रकरण में समझाईश देकर ही लौटा दिया गया है। इस स्थिति में नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी फिलहाल सेफ मानी जा रही है।

> मुझे पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने की कोई जानकारी नहीं है.. मुझे इसकी जानकारी भी आपसे ही मिल रही है। अगर संगठन ने कहा तो पार्षदों से चर्चा करेंगे।
>
> **- प्रफुल्ल विश्वकर्मा,**
> प्रदेश संयोजक, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ



इस हफ्ते प्री मॉनसून का असर बेहतर रहा है। पिछले कुछ दिनों से रोज हो रही बारिश से तापमान में कमी आई है।

# मॉनसून को आने में अभी और वक्त लगेगा

- प्रदेश में सबसे गर्म रहा डोंगरगढ़, दो-तीन दिनों में गिरेगा तापमान

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्री मॉनसून के असर जिले में बौछार हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने 3-4 दिनों में मॉनसून के यहां पहुंचने का अनुमान जताया है। बीते तीन दिनों से शाम को बारिश हो रही है। इसके साथ ही आकाशीय बिजली की कड़कड़ाहट भी जारी है। तापमान के मामले में बुधवार को डोंगरगढ़ पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां 39.6 डिग्री टेम्परेचर रिकॉर्ड किया गया। जबकि राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री रहा। पारा गिरने के बाद भी हल्की बारिश के बीच उमस लोगों को परेशान कर रही है। हालांकि, दो-तीन दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। इस बार मॉनसून के मैदानी इलाकों में पहुंचने में देर हो रही है। पूर्व में अनुमान था कि 14 जून तक मॉनसून यहां सक्रिय हो जाएगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। तपती गर्मी और मॉनसून हो रही देरी के बीच अब मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अगले 3-4 दिनों के दौरान बादल आगे बढ़ेंगे और बारिश के मौसम की शुरुआत होगी। मैदानी इलाकों में इसके लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि एक चक्रवाती परिसंचरण तटीय आंध्र प्रदेश और उससे सटे तेलंगाना पर समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर स्थित है। मौसम के ताजा पैटर्न के कारण अगले 5 दिनों के दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।मौसम विभाग के मुताबिक, 19-21 जून के बीच भारी बारिश की संभावना है।

# स्क्रीनिंग में 3744 पॉजिटिव मिले, पंचायतों में चल रहा अभियान

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com




विश्व सिकल सेल दिवस पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह और कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की उपस्थिति में दिलीप सिंह भवन खैरागढ़ में सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा की मिशन मोड में वर्ष 2026 तक 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि हम सब को न केवल सिकल सेल अपितु जितने भी स्वास्थ्यगत बीमारियों के लक्षण है, जनजागरूकता अभियान चला कर जन जन तक पंहुचने की आवश्यकता है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने बताया की जिले में अब तक 97 हजार 5 सौ 12 लोगों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया गया है। जिसमें 3 हजार 7 सौ 44 पॉजिटिव पाये गये है। वर्तमान में जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों, पंचायतों में अभियान चला कर सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जा रहा है। कार्यक्रम में खैरागढ़ विकासखण्ड के हितग्राहियों को सिकल सेल पहचान कार्ड वितरित किया। अतिथियों ने हरी झण्डी दिखाकर भवन खैरागढ़ से सिकल सेल रथ रवाना किया गया जो जिले भर में घुमकर प्रचार-प्रसार कर बिमारी के बारे में लोगों को जागरूक करेगी।

उक्त शिविर में कोमल जंघेल पूर्व विधायक खैरागढ़, घम्मन साहू जिला पंचायत सदस्य, विप्लव साहू जिला पंचायत सदस्य, निर्मला बाई वर्मा जिला पंचायत सदस्य, अजय जैन पार्षद खैरागढ़, राकेश गुप्ता सांसद प्रतिनिधी, भागवत शरण सिंह सांसद प्रतिनिधी, तोप सिंह जनपद सदस्य खैरागढ, विनय देवांगन पार्षद, अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल, एसी ट्राईबल श्रीकांत देव शुक्ला, सीएमएचओ डॉ. गणेश दास वैष्णव, डीपीएम सोनल ध्रुव, बीएमओ खैरागढ़ डॉ. विवेक बिसेन, डीडीएम खिलेश साहू, सभी छात्रावास अधीक्षक, डॉक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी, मितानिन उपस्थित रहे ।

## वाहन पुल से टकराया, मामा की मौत, भांजा सुरक्षित

**राजनांदगांव।** लापरवाही और तेज गति से दो पहिया वाहन चलाते चालक ने बाइक को पुलिया से टकरा दिया। इस घटना में चालक की मौत हो गई। वहीं बाइक में साथ बैठा युवक बाल-बाल बचा।18 जून को मोहनपुर चारभाठा निवासी देवचरण यादव (25) अपने भांजा भोजलाल यादव के साथ ग्राम मोहनपुर चारभाठा से ग्राम तोतलभर्री रिश्तेदारी में जाने निकला था। ग्राम ढ़ारा से ग्राम तोतलभर्री के बीच अपनी मोटर साइकिल को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाकर कारीमाठी पुलिया में ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। इस घटना में उसके सिर, माथे में चोट लगने से मौत हो गई। डायल - 112 द्वारा मृतक के शव को लेकर मरच्युरी पहुंचाया गया।

# गुरु पूर्णिमा परस्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का नगर आगमन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



आनंद कृष्ण धाम, हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती का संस्कारधानी नगरी में आगमन आगामी 19 जुलाई को होने जा रहा है। वे यहां गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में शामिल होंगे। गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार राजनांदगांव में स्वामी जी के लगभग 200 शिष्य निवास करते है। यहां के शिष्यों के आग्रह पर स्वामी जी इस वर्ष का गुरु पूर्णिमा पूजन कार्यक्रम राजनांदगांव में करने का निर्णय लिया है। इस दौरान पूरे देशभर में फैले अनेक शिष्यों का आगमन राजनांदगांव में होगा। पूरे आयोजन की सफलता के लिए स्थानीय शिष्यों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। लोहिया ने बताया की गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई 2024 रविवार को राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। महोत्सव को भव्यता प्रदान करने एवम व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन हेतु गुरुदेव भक्त मंडल के सदस्यो की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के सदस्य डा.कल्याण साहू के निवास में संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से गौरीशंकर शर्मा, गजानन शर्मा, अशोक लोहिया, डा.कल्याण साहू, लक्ष्मण लोहिया, बाबूलाल अग्रवाल, हितेंद्र शर्मा हित्तू, श्रीमती संगीता चंद्रकांत जोशी एवम श्रीमती भारती कल्याण साहू उपस्थित हुए।

# पेंटिंग व रंगोली के माध्यम से सिकलसेल से रूबरू

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



विश्व सिकलसेल दिवस पर स्कूल के शिक्षकों के द्वारा सिकलसेल की बीमारी के संबंध में जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला चिचदो की सहायक शिक्षिका श्रीमती कनिका सोनी के द्वारा ग्राम चिचदो के ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु सिकल सेल की जानकारी रंगोली एवं पेंटिंग के माध्यम से दी।

सोनी ने ग्रामीणों को रोग के लक्षण व पहचान इत्यादि के बारे में बताते हुए रंगोली व पेंटिंग के माध्यम से ग्रामीणजनों को सिकलिन के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सिकल सेल रोग के लक्षणों के संबंध में ग्रामीणों को बताते हुए कहा कि रोग होने पर भूख न लगना, खून की कमी दीर्घकालीन बुखार आना, थकावट त्वचा एवं आंखों में पीलापन बार-बार पेशाब आना, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, वजन और ऊंचाई सामान्य से कम, हाथ व पैर में सूजन, सांस लेने में तकलीफ हड्डियों और पसलियों में दर्द इत्यादि सिकल सेल के लक्षण है। हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है लेकिन सिकल सेल रोग से यह काम बाधित हो जाता है।

### अनुवांशिक भी होता है सिकलसेक

पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्त कण हंसीयें के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं। यह रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनियों में फंसकर लीवर, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों में रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं। वहीं ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि सिकलिंग टेस्ट शासकीय सामुदायिक अस्पताल में कराया जा सकता है।

# गांव वालों ने कहा : हम बनाकर देंगे दुकान, लगानी जमीन पर शराब दुकान खोलने की मांग

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिले के छुरिया क्षेत्र के गैंदाटोला पंचायत में शराब दुकान को लेकर अलग तरह का मामला सामने आया है। यहां ग्रामीण शराब दुकान खोले जाने का विरोध न करते हुए इसके लिए शासकीय जगह में भवन बनाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने गांव में बैठक कर यह निर्णय लिया है। गांव वालों का कहना है कि, इस फैसले से शराब दुकान के लिए आबकारी से मिलने वाली किराए की रकम ग्राम विकास समिति के माध्यम से गांव के विकास के लिए खर्च हो सकेगी। जानकारी मिल रही है कि मौजूदा सरपंच का परिवार अपनी निजी जमीन पर शराब दुकान खुलवाने की तैयारी कर रहा है। ग्रामीण इसके विरोध में है। इस मामले को लेकर गैंदाटोला के जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने आबकारी अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपते कहा कि हमें जानकारी मिली है कि बागनदी से स्थानांतरित विदेशी शराब दुकान गांव में खुलनी है। इसके लिए विभाग द्वारा गैंदाटोला के सरपंच व राजस्व विभाग से संपर्क कर शराब दुकान हेतु शासकीय भवन उपलब्ध होने के संबंध में निर्देशित किया गया था। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम विकस समिति अध्यक्ष, गैंदाटोला उपसरपंच, मां अमीन स्वयं सहायता समिति अध्यक्ष, गैंदाटोला ग्राम पटेल समेत पंच पार्वती साहू, लेखूदास, सरोजबाई, तुलेश्वर समेत अन्य लोग शामिल थे।

**जवाब नहीं दे रहे सरपंच : ग्राम पटेल :** ग्रामीण इस संदर्भ में जब ग्राम पटेल और सरपंच से जानकारी मांग रहे हैं तो वे चुप्पी साधे बैठे हैं। इस स्थिति में ग्रामीणों ने सोमवार को बैठक आयोजित की और इसमें शासकीय जगह पर भवन का नव निर्माण कर उसे आबकारी विभाग को देने का निर्णय लिया है। गांव वालों ने कहा कि, वे एक माह के भीतर भवन तैयार करेंगे।

**किराए से होगा ग्राम का विकास :** ज्ञापन सौंपने वालों ने कहा कि ग्राम को दी गई स्वयं की लगानी जमीन उपलब्ध है। ग्राम विकास समिति के फंड में कुछ राशि है। ग्रामवासी गांव की जमीन में ही दुकान बनाकर एक माह के अंदर आबकारी विभाग को सौंप देंगे। विभाग से जो भी शासकीय नियमानुसार किराया प्राप्त होगा, उसे ग्राम विकास जनहित कार्य में किया जा सकता है। किसी एक व्यक्ति को व्यक्तिगत लाभ न पहुंचाकर ग्राम विकास समिति को दिया जाए।

## मादक पदार्थों और मानव तस्करी पर जीआरपी, आरपीएफ और जिला बल के साथ संयुक्त ऑपरेशन के निर्देश

# आईजी के सख्ती.. बोले-सीमा विवाद में मत उलझें; पटरी से तत्काल निकलवायें शव

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




राजनांदगांव रेंज आईजीदीपक कुमार झा ने रेलवे सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली है। आईजीझा ने कहा की पटरी पर शव मिलने की स्थिति में किसी भी तरह के सीमा विवाद में न उलझने की बात सख्ती से कही है।

उन्होंने कहा है कि पटरी पर शव की सूचना पर तैनात पुलिसकर्मी तत्काल आवश्यक बंदोबस्त करें। साथ ही जीआरपी व आरपीएफ के समन्वय से आगे की विधिक प्रक्रिया को पूरा कराया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि ऐसी किसी भी स्थिति में रेल का आवागमन बाधित न हो। सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर अधिक सतर्कता बरते जाने की बात कही गई।

उन्होंने रेल्वे स्टेशनों में मादक पदार्थों एवं मानव तस्करी रोकथाम हेतु जीआरपी, आरपीएफ एवं जिला बल के साथ संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आईजी ने कहा, रेल्वे कॉलोनियों एवं स्टेशन के आस-पास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। इससे अपराध घटित होने की प्रबल संभावना रहती है। ऐसे क्षेत्र चिन्हांकित कर जिला पुलिस बल एवं रेल्वे पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। आईजी ने निर्देश देते हुए कहा कि रेल्वे स्टेशन में किसी अप्रिय बड़ी घटना की स्थिति से निपटने के लिये जीआरपी, आरपीएफएवं जिला पुलिस बल व रेल्वे के रिस्पांस टाईम आदि पर ध्यान रखने हेतु मॉक ड्रिल आवश्यक रूप से कराएं। रेल्वे संपत्ति की चोरी की वारदात रोकने हेतु रेल्वे लाईन में नियमित रूप से गश्त एवं पेट्रोलिंग करने भी कहा। रेलवे स्टेशन के आसपास नशा का सामान परिवहन करने वालों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने भी निर्देशित किया गया।

> **प्लेसमेंट एजेंसियों पर कार्रवाई के आदेश**
>
> पिछले दिनों राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में तमिलनाडु और कर्नाटक ले जायी जा रहीं कवर्धा जिले की 16 युवतियों को आरपीएफ प्रभारी ने संदिग्ध परिस्थितियों में सखी सेंटर को सौंप दिया था। इस मामले में प्लेसमेंट कंपनी द्वारा बगैर कानूनी प्रक्रिया के इन्हें दूसरे राज्य में ले जाए जाना का मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर अब आईजी ने भी सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि, प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा युवक/युवतियों को रेल्वे के माध्यम से नौकरी दिलाने मजदूरी के नाम से एवं अन्य कार्य हेतु बाहर ले जाया जाता है। मानव तस्करी की घटना को रोकने जीआरपी, आरपीएफएवं जिला पुलिस बल के साथ संयुक्त टीम बनाकर ऐसे प्लेसमेंट एजेंसियों की गतिविधियों पर निगाह रखते हुये उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की करें।

# डोंगरगांव नगर में पौधारोपण बनेगा जन आंदोलन




पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में सार्थक प्रयास करने की दृष्टि से स्थानीय जनपद पंचायत के सभागार में एसडीएम मनोज कुमार मरकाम के विशेष प्रयास से जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों तथा मीडियाकर्मियों सहित सुधिजन नागरिकों की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में वृक्षारोपण को जन आंदोलन का बनाने अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान् किया गया। जनपद सभागार में बैठक में नगर के अनेक जनप्रतिनिधि, नपं जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा नगरीय क्षेत्र में प्रमुख तौर पर मटियावार्ड में स्थित दो भूखंड सहित अन्य वार्डों सहित नदी किनारे ग्रामीण क्षेत्रों में जनभागीदारी से वृहद पौधारोपण करने का प्लान बनाया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि नगर के खाली व शासकीय भूमियों का सर्वे कर बारिश पूर्व वृक्षारोपण किया जाये। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम मरकाम ने बताया कि बारिश में पौधारोपण महोत्सव मनाया जायेगा। प्रारंभिक तौर से राजस्व विभाग द्वारा स्थल का चयन व सर्वे किया गया है। मटियावार्ड में धरसा व दो रिक्त सरकारी भूखंड का सीमांकन कर लिया गया है। बैठक में पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी, नपंअध्यक्ष हीरा निषाद, पवन जैन, दिनेश नखत, रामकिशन माहेश्वरी, गुलशन हिरवानी, रामकुमार गुप्ता, सँतोष यादव, हेमंत चोपड़ा, डिकेश साहू, सतीष जैन, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, सीएमओ दादू पाल सिंह, प्रभारी सीईओ होरीलाल साहू, विद्या चंद्राकर सहित राजस्व व वनविभाग के अधिकारी कर्मचारी, पार्षद, वरिष्ठ नागरिक और पत्रकारगण उपस्थित थे।

# जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से करें लाभान्वित : नेताम

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के आदिम जाति कल्याण एवं कृषि विभाग के मंत्री रामविचार नेताम एवं महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की मंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं से संबंधित कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। नेताम ने समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान करते हुए पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने विभिन्न विभागों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश देते हुए शासन के कार्यों को समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण लंबित न हो इसके लिए अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक करें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री नेताम ने आश्रम/छात्रवासों के संचालन संबंधित जानकारी लेते हुए रिक्त पदों के विरुद्ध भर्ती के संबंध में जानकारी ली। नेताम ने कहा कि कन्या आश्रम छात्रवासों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने भोजन की व्यवस्था की जानकारी लेते हुए बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराते हुए भोजन की गुणवत्ता अच्छी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद,बीज की उपलब्धता तथा उठाव की भी जानकारी ली तथा किसानों को समय पर खाद, बीज उपलब्ध कराने को कहा। पशुधन विकास विभाग से पशुपालन और हेचरी के संबंध में कार्ययोजना बना कर पशुधन बढ़ावा देने के लिए वृहद स्तर पर कार्य करने के निर्देश देते हुए इस क्षेत्र में अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने की बात कही। सभी गांवो के नागरिकों को शुद्ध पेयजल,निर्माण विभागों को जिले की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए कार्य समय-सीमा में करने के निर्देश दिए। वन विभाग के समीक्षा के दौरान नेताम ने वनों के संरक्षण पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उन्होंने वृक्षारोपण पर विशेष जोर दिया। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधान मंत्री आवास योजना,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,पंचायत अंतर्गत कार्य,स्वास्थ्य सहित अन्य विभागीय कार्यो की जानकारी ली। महिला बाल विकास विभाग मंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आंगन बाड़ी के संचालन,पूरक पोषण आहार,कुपोषण की स्थिति,प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, महतारी वंदन योजना अंतर्गत लाभान्वित हितग्रहियों की संख्यात्मक जानकारी ली। उन्होंने समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित है जिसमें वृद्धापेंषन,मुख्यमंत्री पेंषन योजना,सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना सहित अन्य पेंषन योजनाएं संचालित है। इन सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दे।

### स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में जिले वासियों को मिली सौगात

रामविचार नेताम ने जिले को स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी। उन्होंने जिला अस्पताल में मातृ एवं शिशु अस्पताल व 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का भूमिपूजन किया। लगभग 31 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से बनने वाले यह अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तारीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके बन जाने से जिले वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। इन अस्पतालों में अच्छी व्यवस्था के साथ मेडिकल केयर मिलेगा।

# जिले के सभी अमृत सरोवरों के तट पर 21 जून को मनाया जायेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

### बारिश के पूर्व सभी मिट्टी कार्यों का मूल्यांकन एवं सत्यापन के लिये निर्देश जारी

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



अपनी विशेषता के कारण भारतीय योग अब भारत सहित पूरे विश्व में तेजी से अपनाया जा रहा है। इस तारतम्य में आगामी शुक्रवार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिले के सभी अमृत सरोवरों के तट पर भी किया जायेगा। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर एवं जिला पंचायत सीईओ मती रीता यादव के मार्गदर्शन में पूरे जिले में यह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मती यादव ने बताया कि राज्य स्तर से इस आयोजन के लिए दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसके लिए जनपद पंचायतों को आवश्यक गतिविधियां करने के लिए रूपरेखा प्रेषित की गई है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस के आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के साथ मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक अमृत सरोवरों के तट पर योग के सामान्य आसन, प्राणायाम और ध्यान आदि के सहज क्रियाओं का अभ्यास करेंगे। इसके लिए मार्गदर्शिका जारी की गई है। नागरिकों को योग के लाभ का महत्व बताते हुए उन्हें योग के प्रतिदिन अभ्यास से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए परिचर्चा और गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसका मूल उद्देश्य लोगों को योग के प्रयोग से आम जीवन में निरोगी रहने और स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरित करना है। जिला पंचायत सीईओ मती यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम को अमृत सरोवरों के तट पर आयोजन किया जाना है और यदि बारिश हो जाती है तो यह आयोजन ग्राम पंचायत भवन या गांव में उपलब्ध सार्वजनिक भवनों में भी किया जा सकता है। इसके साथ ही बारिश के मद्देनजर सभी मिट्टी कार्यों के त्वरित मूल्यांकन एवं सत्यापन के निर्देश भी जारी किए गए हैं। बारिश के बाद मिट्टी कार्यों के मूल्यांकन सत्यापन में दिक्कत हो सकती है इसलिए सभी मिट्टी कार्यों खासकर अमृत सरोवरों और डबरी आदि के कार्यों में मिट्टी का मूल्यांकन शीघ्र पूरा कराने को कहा गया है।

# सिकल सेल के खतरे से लोगों को जागरुक करने के लिए जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



सिकल सेल एक गंभीर बीमारी है. समय पर अगर इसका इलाज नहीं किया गया तो ये जानलेवा भी साबित हो सकता है. सिकल सेल के खतरे से लोगों को जागरुक करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र तिल्दा नेवरा में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया सिकल सेल दिवस के उपलक्ष में सिकल सेल स्क्रीनिंग, जन जागरूकता, प्रचार-प्रसार काउंसलिंग किया गया। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र तिल्दा नेवरा की बी एम ओ डॉक्टर उमा पैकरा और डॉक्टर आशीष सिन्हा ने लोगों को जानकारी देते हुये कहाँ सिकलसेल एक जैनेटिक रोग है. इसमें गोलाकार लाल रक्त कण जिसे हम हीमोग्लोबिन कहते हैं, हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं. जिसके कारण शरीर की सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त मात्रा मे ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता है. रक्त कण शरीर की छोटी रक्त नलियों में फंसकर लिवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर देता है. समय पर इस बीमारी का इलाज किया जाए तो ये क्योर हो सकता है. इसकी अनदेखी मरीजों पर भारी पड़ सकती है. कैसे होती है ये बीमारीः कई बार ये बीमारी हमें अपने पूर्वजों के जीन से मिलती है.

अगर परिवार में माता पिता को ये बीमारी है तो बच्चे में ये बीमारी होने की संभावना काफी बढ़ जाती है. सिकल सेल के लक्षण जैसे ही किसी में नजर आए उसे नजर अंदाज नहीं करें. जितनी जल्दी हो एक्सपर्ट डॉक्टर से मिले. समय पर बीमारी का इलाज कराएं. समय पर उपाय करने से बीमारी को बहुत हद तक रोका जा सकता है.कार्यक्रम में डॉक्टर सरोज गन्धर्व,आशीष जेम्स, देवशरण नेताम .भोला,आशीष जेम्स, ममता सुनानी ,मितानीन बहने, नर्सिंग स्टाफ तथा सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र तिल्दा नेवराके कर्मचारीगण उपस्थित रहे डाक्टरों ने सिकल सेल के लक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया की, बच्चों के ग्रोथ में देर होना,लगातार इंफेक्शन का बने रहना, आंखों से जुड़ी बीमारियों का रहना, हाथ पैरों में दर्द और सूजन आना, हड्डियों में दर्द का अनुभव होना ऐसा कुछ भी नजर आये तो तत्काल ही डाक्टर से सम्पर्क करें।

# परिसर को हरा भरा व स्वच्छ बनाये रखने किया, महाविद्यालय में पौधरोपण



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्व.राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पी. के. भोई के मार्गदर्शन किया गया। महाविद्यालय के परिसर को हरा भरा एवं स्वच्छ बनाये रखने हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गयी है। महाविद्यालय के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारियों को दो पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन करने का दायित्व दिया गया है। मानव जाति का अस्तित्व प्रकृति के होने पर संभव है, बिना प्रकृति के मानव जाति की कल्पना नहीं की जा सकती। हमारी प्रकृति हमें जीवन जीने के लिए निःशुल्क उपहार प्रदान किया है। हमारा दायित्व है कि प्रकृति के अनमोल रत्न को सावधानीपूर्वक उपयोग करें। इसी कड़ी में पौधरोपण हेतु विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। विधानसभा के गणमान्य नागरिकों एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जामुन, कदम्ब और करंज पौधे रोपित किये। जिसमे से विश्वनाथ नायक, रामदयाल पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, पार्षद सुरेश भोई, मोहनलाल भोई, अरमान हुसैन, जयंत यादव, हन्नु अग्रवाल, दुष्यंत साहू, उमेश लोहा, श्टकेश गार्डिया, साहेबराम पटेल, मिलाप चौहान, विभीषण चौहान, ओमप्रकाश चौहान आदि सम्मिलित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए।

# हादसा से मौत के मामले पर बवाल को लेकर परिजनों ने किया खेद ब्यक्त !

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

स्कार्पियो से दुर्घटना ग्रस्त युवक की मौत पर जहां कुछ उपद्रवी तत्वों के द्वारा बवाल मचाने का साजिश रचा गया था, जिसके चलते सरपंच के मान सम्मान को ठेस पहूंचा वहीं दुर्घटनाग्रस्त युवक के परिजनों ने अल्ट्राटेक सीमेंट उद्योग के वर्कर कालोनीवासियों व सरपंच से इस घटना को लेकर लिखित में क्षमा भी मांगा है। गौरतलब हो कि बिते दिन फोर व्हीलर वाहन क्रमांक cg 22-9211 से ग्राम किरना निवासी युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके चलते एक युवक की मौत हो गई, जानकारी में आया है कि वाहन को राजेश्वर वर्मा के द्वारा ड्राइव किया जा रहा था जबकि सरपंच प्रतिनिधि यशवंत वर्मा के द्वारा वाहन परिचालन करने की अफवाह फैलाई गई जो सत्यता से परे है, बल्कि इसके विपरीत घायल युवकों को वाहन मे बैठे ग्राम कुंदरू के सरपंच प्रतिनिधि यशवंत वर्मा ने बकायदा 108 व112 को सूचना देकर दो घायलों को सरकारी हास्पीटल तिल्दा-नेवरा पहूंचाया, जहां पर सरकारी अस्पताल के डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों को रायपुर रिफर कर दिया। इधर सरपंच प्रतिनिधि यशवंत वर्मा ने मानवता का परिचय देते हुये घायल युवक जितेन्द्र पाल को अपने वाहन से नंदनी हास्पीटल तिल्दा-नेवरा में ले जाकर इलाज हेतु भर्ती कराया गया। इधर घटना के दुसरे दिन राजधानी रायपुर के हास्पिटल में भर्ती युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर जहां परिजन आहत हुए थे ,उसकी मनोदशा का सहारा लेकर कुछ लोगों के उकसाने से मृतक के शव को अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र के वर्कर कालोनी में ले जाकर हंगामा किया गया, जिससे सरपंच व कालोनीवासियों के सम्मान को ठेस पहूंचा वहीं जब मृतक के परिजनों को इसका अहसास हुआ।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व सिकलिन दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल व जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर की अध्यक्षता में व बीएमओ डॉक्टर विजय आनंद कोसरिया, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टी आर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह एवं आदिम जाति कल्याण विभाग से अजय माधवन की उपस्थिति में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन 19 जून बुधवार को किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष व जनपद अध्यक्ष के कर कमलों से 5 हितग्राहीयो को सिकल सेल पहचान कार्ड का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बीएमओ डॉक्टर कोसरिया के द्वारा बताया गया कि सिकलिन की बीमारी एक अनुवांशिक बीमारी है जो किसी भी जाति के व्यक्ति को हो सकता है सिकलिन पॉजिटिव व्यक्ति को हमेशा खून चढ़ाने की आवश्यकता होता है जिससे वह आर्थिक रूप से कमजोर हो जाता है यदि किसी लड़का लड़की को सिकलिन पॉजिटिव है और उनका शादी हो जाता है तो उनके संतान को सिकलिन होगा ही इसलिए शादी के पूर्व कुंडली मिलान के साथ ही दोनों का रक्त जांच करा कर यह सुनिश्चित करें कि लड़का लड़की सिकलिन पॉजीटिव तो नहीं है शासन के द्वारा सिकलिन पॉजिटिव व्यक्ति को विकलांग सर्टिफिकेट प्रदान किया जा रहा है जिससे उन्हें विकलांग कोटे का समस्त लाभ जैसे सरकारी नौकरी, पढ़ाई लिखाई, राशन कार्ड इत्यादि का लाभ मिलेगा स्वास्थ्य विभाग आम नागरिकों से अपील करता है कि एक दिन के बच्चे से लेकर 40 वर्ष तक के व्यक्ति का सिकल सेल की जांच स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निशुल्क किया जा रहा है जिसका लाभ उठाए।

# पुलिस की तत्परता से भटके बच्चे मिले माता-पिता से, सोशल मीडिया पर गुम बच्चों की खबर वायरल होने के बाद परिजन पहुंचे थाने

- टीआई जूटमिल ने गुम बच्चों को किया परिजनों के सुपुर्द, बच्चों की सुरक्षा की दी समझाइश

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना जूटमिल में स्थानीय युवक दो छोटे बच्चे (उम्र करीब 02 और 03 साल) को मिट्ठुमुडा के पास मेन रोड में कड़कती धूप में रोते हुआ देखकर थाना जूटमिल लाकर टीआई मोहन भारद्वाज को गुम बच्चों के संबंध में जानकारी दिया गया। थाना प्रभारी द्वारा गुम बालकों की सूचना को गंभीरता से लेते हुए गुम बच्चों के वारिसान की पता तलाश के लिए सोशल मीडिया पर गुम बच्चों के डिटेल शेयर किया गया तथा जूटमिल पेट्रोलिंग दोनों गुम बच्चों वाहन में मिट्ठुमुडा और आसपास के वार्डो में ले जाकर बच्चों के वारिसान का पता लगा लगाया गया। बच्चों के परिजनों का पता नहीं चला। सोशल मीडिया पर गुम बच्चों की खबर वायरल होने पर एक महिला व पुरूष थाना जूटमिल पहुंचे और गुम बच्चों के माता-पिता होना बताये। थाना प्रभारी द्वारा उनका और बच्चों के आधार कार्ड से उनका पहचान किया गया और पूछताछ किये। महिला बताई कि वे दोनों बच्चों को घर में सुलाकर अस्पताल गए थे, बच्चे कब घर से निकाल कर मेन रोड़ पर चले गए उन्हें पता नहीं चला। मोबाइल पर खबर देखकर पता चला और थाने आये। थाना प्रभारी द्वारा बच्चों के माता-पिता को बच्चों की देखरेख और सुरक्षा में लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत देकर बच्चों को सुपुर्द किया गया है।

### प्रभारी सीएमओ सुमित मेहता सस्पेंड

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में विकास कार्य को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पूरी तरह से अलर्ट है। विकास कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्रभारी सीएमओ सुमित मेहता को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही तीन इंजीनियर एवं एक लेखपाल भी शामिल है। नगरीय प्रशासन विभाग के इस कार्रवाई से पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा हुआ है।

# सर्वर की समस्या से पीओएस मशीन स्लो, राशन के लिए हितग्राहीयों को चक्कर काटना पड़ रहा है

पायनियर संवाददाता ➤ नर्रा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत नर्रा के पीडीस राशन दुकान मे पिछले पांच दिनो से राशन वितरण की व्यवस्था गड़बड़ा गई है सर्वर मे खराबी होने के चलते राशन के लिए हितग्राही चक्कर काटना पड़ रहा है । वन नेशन वन कार्ड के तहत पीडीएस दुकान मे पीओएस मशीन के माध्यम से उपभोक्त व हितग्राही का अंगुठा लगाकर चांवल शंकर वितरण की व्यवस्था की गई है। मगर सर्वर डाउन होने के कारण पीओएस मशीन काम नही कर रही है इसके कारण पिछले पांच दिनो से हितग्राही राशन दुकान मे राशी कार्ड निकलने पारी का इंतजार करते रहते है। विक्रेता मिनिकेतन बरिहा का कहना है पिछले पांच दिनो से सर्वर की समस्या आ रही है इस कारण राशन वितरण करने मे हितग्राही को अतिरिक्त यानी घंटो समय लग रहा है । सर्वर के इंतजार मे हितग्राही उन्होंने बताया की पीओएस मशीन स्लो चल रहा है सर्वर कभी आता जाता रहता है जबकी इस पंचायत मे लगभग 800 राशन कार्ड हितग्राही हैं विक्रेता स्वयं इस समस्या को लेकर परेशान है।

### कलेक्टर अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा के 4 प्रकरण में 16 लाख रुपये की सहायता राशि की स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के 4 प्रकरण में मृतक के परिजनों को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैनपुर तहसील के ग्राम भूतबेड़ा निवासी 07 वर्षीय चन्द्रहास नेताम का सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन सीताराम नेताम को 4 लाख रूपये स्वीकृत की गई है। इसी तरह मैनपुर तहसील के ही ग्राम भालूकोना (तूहामेटा) निवासी 03 वर्षीय गौरी नेताम की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन मती पालेश्वरी नेताम को 4 लाख रूपये, राजिम निवासी 56 वर्षीय छोटेलाल भाण्डेकर की महानदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी मती रेखा भाण्डेकर को 4 लाख रूपये तथा गरियाबंद तहसील के ग्राम घटौद निवासी 32 वर्षीय गावश्कर कपिल का तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन चमरीन बाई को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### सरकार सभी वर्गों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रही है : विधायक रोहित साहू

# सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता के लिए विधायक-कलेक्टर की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



विश्व सिकल सेल दिवस पर राजिम विधायक रोहित साहू और कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में वन विभाग के ऑक्सन हॉल में विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका आयोजन जिला स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास और आदिवासी विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कायक्रम में विधायक रोहित साहू ने कहा कि सिकल सेल रोग के लक्षण, जांच एवं उपचार के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार देश के 17 राज्यों सहित 340 जिलों में एक साथ सिकल सेल दिवस मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम में भारत के सभी नागरिकों के स्वास्थ्य के हित को ध्यान में रखते हुए एवं स्वस्थ राष्ट्र की कल्पना को पूरा करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सिकल सेल बीमारी अनुवांशिक होती है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम सिकल सेल वाले परिवारों की पहचान कर उन्हें जागरूक कर चिकित्सालय में जांच एवं उपचार के लिए प्रेरित करे। सरकार सभी वर्गो के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने नागरिकों से कहा कि सिकल सेल के रोग के लक्षण होने की स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क जांच कराकर उपचार कराये। विश्व सिकल सेल दिवस पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि सिकल सेल की जांच एवं उपचार जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क किया जा रहा है। इसके अलावा सभी पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है लेकिन सिकल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। यह एक अनुवांशिक रोग है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 से 2026 तक 0 से 40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। साथ ही स्क्रीनिंग किये गये सभी व्यक्तियों को सिकलसेल जेनेटिक कार्ड प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिकल सेल खानपान, छुआछूत या अन्य तरह की होने वाली कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह एक जेनेटिक या वंशानुगत बिमारी है जो जीन में होने वाले परिवर्तन के कारण होते है। जो कि मरीज को उसके माता या पिता द्वारा उसे प्राप्त होता है। यह पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्त कण (हीमोग्लोबीन) अर्धचन्द्राकार सिकल या हंसियों के रुप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते है। जिससे ये रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी में फंसकर लिवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगो के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते है।

जिससे शरीर की कोशिकाओं तक ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंचता और मरीजों को अत्यधिक तेज बुखार और दर्द के साथ खून की कमी हो जाती है। इस बीमारी के मुख्य लक्षणों में भूख न लगना, हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार रहना, थकावट, त्वचा एवं आंखों में पीलापन (पीलिया), बार-बार पेशाब आना व मूत्र में गाढ़ापन, तिल्ली में सूजन, चिडचिडापन और व्यवहार में बदलाव, वजन और उँचाई सामान्य से कम, हाथ-पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ हड्डियों और पसलियों में दर्द साथ ही खून की कमी से एनीमिया भी हो जाता है। इस प्रकार की समस्या होने से लोगों को नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर सिकलसेल की निःशुल्क जांच कराना चाहिए।

# राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में बेमेतरा जिला का दबदबा

### हसदा के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर लेंगे भाग



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन रायपुर द्वारा 8 व 9 जून 2024 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में संपन्न हुआ। जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ से बालक वर्ग में 10 जिलों व बालिका वर्ग में 7 जिलों के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वही बेमेतरा की बालक जूनियर टीम तथा बालिका जूनियर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग में तीसरे स्थान हासिल किया तथा बालिका की जूनियर टीम ने दूसरे स्थान हासिल किये। बेमेतरा जिले के बालिका टीम की कप्तान दुलेश्वरी धीवर ग्राम हसदा का चयन छत्तीसगढ़ रग्बी फुटबॉल के राष्ट्रीय टीम के लिए हुवा हैं। फुटबॉल रग्बी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 जून तक पुणे महाराष्ट्र में आयोजित की जाएगी।

# भव्य एवं गरिमापूर्ण मनाया जाएगा योग दिवस, शासन ने जारी किए विस्तृत निर्देश

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा राज्य स्तरीय आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। इस साल भी देश-दुनिया के हर कोने के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी उत्साह से योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आयोजन की भव्य तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय के मुख्य आतिथ्य में योग दिवस का राज्य स्तरीय आयोजन किया जाएगा। इसके अनुपालन में तैयारियों के लिए निर्देश विभिन्न विभागों को जारी किया गया है। इन निर्देशों के अनुपालन में तैयारियां आरंभ की जा चुकी हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का कार्यक्रम राजधानी के साथ ही सभी जिला मुख्यालयों में विशेष रूप से होंगे। इनमें शासकीय के साथ ही अशासकीय संस्थाएं भी सहयोग करेगी। योग के प्रति व्यापक जागरूकता विकसित करने तथा कार्यक्रम में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। राज्य स्तरीय आयोजन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में होगा। राज्य स्तरीय आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों की हिस्सेदारी होगी। इसमें वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन, विद्यार्थीगण, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधिगण आदि विभिन्न वर्ग सम्मिलित किए जाएंगे। इसके साथ ही सार्वजनिक उपक्रम एवं निजी उद्योगों से भी अधिकतम लोगों की उपस्थिति होगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग एवं कलेक्टर रायपुर को निर्देशित किया गया है। जिला स्तर पर भी समाज के विविध वर्गों की हिस्सेदारी होगी। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर निर्धारित योगाभ्यास पर आधारित योग प्रोटोकॉल पुस्तिका का वितरण किया जाएगा। राज्य स्तर पर एवं जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में मेडिकल स्टाफ भी मौजूद रहेगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से किया जाएगा। कार्यक्रम में गैर सरकारी संगठनों का सहयोग भी लिया जाएगा। इसके लिए इन एनजीओ की मदद से रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को भी जोड़ा जाएगा। ताकि यहां भी योग विशेषज्ञों की मदद से योग दिवस पर कार्यक्रम कराया जा सके।

### नमस्ते योग एप का किया जाएगा प्रचार-प्रसार

नमस्ते योग एप, वाई-ब्रेक एप, योग कैलेण्डर, योग डिक्शनरी आदि का व्यापक रूप में प्रसार किया जाएगा। सार्वजनिक एवं महत्वपूर्ण स्थानों की पहचान कर यहां योग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इस दिन योग वेब/संगोष्ठियों के आयोजन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटकों आदि का आयोजन किया जाएगा। इस तरह से योग को एक अमृत विरासत के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा।

# शत्-प्रतिशत श्रमिकों को मिले शासन की योजनाओं का लाभ : श्रम मंत्री देवांगन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा है कि प्रदेश के शत्-प्रतिशत श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। श्रमिकों के हित को प्राथमिकता में लेते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। जिससे श्रमिकों के जीवन स्तर में बेहतर सुधार हो सके। इस आशय के निर्देश श्रम मंत्री देवांगन ने विभागीय काम-काज की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में श्रमायुक्त एवं सह-सचिव अलरमेल मंगई डी, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की सचिव मिश्रा, अपर श्रम आयुक्त एस. एल जांगड़े सहित जिलों से आए श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। श्रम मंत्री ने औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अत्याधिक जोखिम तथा जोखिम श्रेणी के कारखानों के निरीक्षण प्रत्येक वर्ष 2 से 3 बार किए जाने तथा निरीक्षण के दौरान स्वीकृत नक्शों के अनुरूप कारखाना निर्मित नहीं होने एवं कारखानों में दिए जाने प्रशिक्षण करने संबंध में निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में पूर्ण 6,386 कारखानें है जिनमें 922 जोखिम श्रेणी के कारखानें के रूप में चिन्हित किया गया है। श्रम मंत्री ने निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए प्रदेश में निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए। श्रम मंत्री देवांगन ने बैठक में लंबित मामलों का 15 दिवस के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश के कुछ जिलों में श्रमिकों के पंजीयन फार्म को निरस्त कर दिया गया है। श्रमिको से अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर पंजीयन की प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी कर ली जावे।

# राज्यपाल हरिचंदन से एसईसीआर जोन की महाप्रबंधक नीनू ने सौजन्य मुलाकात की



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में एसईसीआर जोन बिलासपुर की नवनियुक्त महाप्रबंधक नीनू इत्तेराह ने सौजन्य मुलाकात की। उनके साथ संभागीय रेल्वे प्रबंधक एसईसीआर संजीव कुमार भी उपस्थित थे।

# अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने नगर निगम राजस्व विभाग की बैठक लेकर राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार नगर निगम अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन में नगर निगम राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, राजस्व अधिकारी विवेकानंद दुबे, आईटी विशेषज्ञ रंजीत रंजन, सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में ली एवं रायपुर नगर पालिक निगम के हित में कार्य करने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये। अपर आयुक्त ने सहायक राजस्व अधिकारियों को राजस्व वसूली कार्य में निगम हित में तेजी लाने के निर्देश दिये। अपर आयुक्त ने सभी राजस्व निरीक्षकों एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों को प्रतिदिन नियमित रूप से 10-10 घरों में सम्पर्क करके राजस्व वसूली कार्य हेतु डिमांड नोटिस देने एवं आवश्यक होने पर स्थल पर ही नियमानुसार करदाताओं के रिकार्ड को अपडेट करने के निर्देश दिये हैं अपर आयुक्त ने प्रतिदिन नियमित 10-10 घरों में जाकर राजस्व वसूली कार्य करके प्रतिदिन रिपोर्ट ना देने वाले सम्बंधित आरआई एवं एआर आई पर नियमानुसार प्रक्रिया के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने की चेतावनी दी है। अपर आयुक्त ने अगले दो माह में रायपुर नगर निगम क्षेत्र के लगभग 1 लाख घरों को नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत सर्वे करके करों के दायरे में लाकर उन पर नियमानुकूल करारोपण की कार्यवाही नगर निगम रायपुर के हित में सर्वोच्च प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये हैं।

# मुख्यमंत्री साय ने पंडरिया क्षेत्र के लिए 5 निःशुल्क एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी स्थित मुख्यमंत्री निवास परिसर से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए 5 निःशुल्क एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क एम्बुलेंस की संख्या बढ़कर अब आठ हो गई है। क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को अब आपातकालीन सुविधा 24 घंटे 7 दिन मिलेगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, नेताम, केदार कश्यप और विधायक पुरन्दर मिश्रा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज मुझे बहुत ही हर्ष का अनुभव हो रहा है। विधायक भावना बोहरा की पहल से अपने एक और वादे को पूरा करने का हमें अवसर मिला है। निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत इंदौरी, पंडरिया, पांडातराई, दुल्लापुर एवं कुंडा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा एवं आपातकालीन सेवा मिलेगी। भावना समाज सेवी संस्थान द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा का संचालन किया जाएगा।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403